## एक नजर

### एनएमडीसी कोल कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों ने की बैठक



**बडकागांव:** ग्रामीणों ने एनएमडीसी कोल कंपनी की गतिविधियों और भूमि अधिग्रहण के विरोध में चीरवा में महत्वपूर्ण बैठक की। जिसमें सैकड़ों की संख्या में रैयत और ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभावित मोर्चा के अध्यक्ष विजय यादव एवं संचालन चंदन गंझू , किशोर हंसदा ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य कंपनी द्वारा मांगे जा रहे सहमति पत्र और जमीन अधिग्रहण की रणनीति पर चर्चा किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने कंपनी का विरोध किया और सहमति पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करने का निर्णय लिया। रैयतो ने कहा कि हम लोग कंपनी का विरोध करते हैं । अपनी पुश्तैनी जमीन कंपनी को नहीं देंगे।मौके पर विजय यादव, दीपक करमाली, सुरेश प्रजापति, हेमन्त भुईंया, चंदन पुरी, सुनील सोरेन, गणेश सोरेन , महेश सोरेन, करू साहू साहू ,अनिल साव, रोहित साव, बबलू साव के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### डूमरडीह में आयोजित रुद्र महायज्ञ के कलश यात्रा में शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत ग्राम डूमरडीह में आयोजित श्री श्री 1008 श्री रुद्र महायज्ञ सह प्रथम वर्षगांठ महोत्सव के पावन अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, राजसिंह चौहान आदि ने सामूहिक रूप से कलश प्रदान कर यात्रा का शुभारंभ किया। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में "हर हर महादेव" और "जय भोलेनाथ" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ यात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महायज्ञ को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के तहत कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। महायज्ञ को सफल बनाने में ग्रामीण एवं यज्ञ कमेटी के लगे हुए हैं।

13 अप्रैल को यूथ विंग का रक्तदान शिविर, सांसद ने हजारीबाग वासियों से की अपील

# रक्तदान महादान है, अधिक से अधिक लोग आगे आकर इस अभियान को सफल बनाएं : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूथ विंग द्वारा 13 अप्रैल को शहर के लक्ष्मी सिनेमा हॉल केंपस में आयोजित होने वाले भव्य रक्तदान शिविर को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लगातार तीसरी बार आयोजित हो रहे इस शिविर को सफल बनाने के लिए संस्था द्वारा व्यापक स्तर पर जनसंपर्क एवं निमंत्रण अभियान चलाया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। इस सामाजिक पहल को लेकर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जो सीधे किसी



जरूरतमंद की जान बचाने में सहायक होता है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर रक्तदान करें और इस पुनीत कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान करने से शरीर पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन महीने में रक्तदान अवश्य करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा सड़क सुरक्षा की दृष्टिकोण से हर रक्तदाताओं को हेलमेट भेंट किया जाएगा। शिविर को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं, जिसमें चिकित्सकों की टीम, आवश्यक उपकरण एवं सुरक्षित रक्त संग्रहण की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। शिविर में आने वाले प्रत्येक रक्तदाता के लिए विशेष सुविधा और देखभाल का भी प्रबंध किया गया है। संस्था के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग हमेशा से सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहा है। रक्तदान शिविर हमारे प्रमुख अभियानों में से एक है और हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग इसमें भाग लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएं। संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि रक्तदान किसी भी जरूरतमंद के लिए जीवनदान के समान है। हम सभी से आग्रह करते हैं कि 13 अप्रैल को शिविर में पहुंचकर रक्तदान करें और इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।हजारीबाग यूथ विंग की ओर से यह भी जानकारी दी गई कि रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रोत्साहन स्वरूप हेलमेट भेंट किया जाएगा, ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति भी जागरूकता का संदेश समाज में प्रसारित किया जा सके। इसके साथ ही सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## पेंशनर भूषण सम्मान से सम्मानित हुए जिला सचिव अखौरी जयंत सिन्हा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड राज्य पेंशनर कल्याण समाज के राज्य स्तरीय आम सभा सह सिल्वर जुबली समारोह का में झारखंड पेंशनर कल्याण समाज के हजारीबाग जिला सचिव अखौरी जयंत सिन्हा को पेंशनर भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। झारखंड पेंशनर कल्याण समाज, राज्य मुख्यालय, रांची में आयोजित भव्य समारोह राज्य कमेटी की ओर से अखौरी जयंत सिन्हा, को प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र भेंट किया गया। जिला स्तर पर पहली बार किसी पेंशनर को पेंशनर भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया है। उनके सम्मान मिलने से हजारीबाग जिला इकाई में हर्ष व्याप्त है। पेंशनर भूषण सम्मान मिलने पर जिला सचिव अखौरी जयंत सिन्हा,ने कहा कि मुझे पेंशनर



भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया है, यह जिला शाखा, हजारीबाग और मेरे लिए गर्व की बात है। मैं अपने पेंशनर भूषण सम्मान को जिला शाखा हजारीबाग इसके अनुमंडल शाखा, बरही और सभी उप शाखाओं के पेंशनरों समर्पित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं और बधाई देता हूं। पेंशनर भूषण सम्मान मिलने पर राम लखन पंडित, शंभू प्रसाद सिंह, महेंद्र दुबे, के के सिंह, महेश प्रसाद सिंह, राम नंदन प्रसाद, सहदेव यादव आदि ने बधाई दी है।

## सरकारी योजनाओं का जमीनी असर कमजोर छात्राओं को नहीं मिल रहीं सुविधाएं : आरती कौशल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को अब भी कई बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर जिला परिषद सदस्या आरती कौशल ने चिंता व्यक्त करते हुए व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बेटियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन इनका जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। कई विद्यालयों में शौचालय की समुचित व्यवस्था नहीं है, वहीं कई जगहों पर स्वच्छ पेयजल और सेनेटरी नैपकिन जैसी आवश्यक सुविधाओं का भी अभाव



बना हुआ है। आरती कौशल ने बताया कि इन कमियों के कारण छात्राओं को दैनिक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ता है। खासकर सेनेटरी सुविधाओं के अभाव में कई छात्राएं विद्यालय आने से कतराती हैं, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि छात्राओं की यह समस्या गंभीर है और इसका सीधा असर उनकी शिक्षा पर पड़ रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग से मांग की है कि सभी सरकारी विद्यालयों में छात्राओं के लिए आवश्यक सुविधाएं जल्द से जल्द सुनिश्चित की जाएं, ताकि उन्हें सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। वहीं, स्थानीय अभिभावकों ने भी इस मुद्दे पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि जब तक विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जाएंगी, तब तक बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना मुश्किल होगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि समस्या की जानकारी ली जा रही है और जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि छात्राओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## चयकाला उर्स मेला संपन्न, कव्वाली महामुकाबले में झूमे अकीदतमंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के चयकाला में आयोजित तीन दिवसीय उर्स मेला रविवार को अकीदत और एतिकाद और उत्साह के साथ संपन्न हो गया। हजरत दुलाह शाह बाबा के दरबार में उर्स के तीसरे दिन आयोजित कव्वाली का महामुकाबला मुख्य आकर्षण रहा, जहां देर रात तक अकीदतमंद सूफियाना कलाम पर झूमते नजर आए। उर्स के दौरान दूर-दराज से पहुंचे हजारों जायरीन ने दरगाह पर चादर चढ़ाकर मन्नतें मांगीं। पूरे दिन दरगाह परिसर इबादत और दुआओं से गुंजायमान रहा। महफिल-ए-समा में बदायूं (यूपी) के टीवी सिंगर कव्वाल दिलबर मेराज और मेरठ के कव्वाल आसिफ मलिक के बीच हुए सीधे मुकाबले ने माहौल को और भी रूहानी बना दिया। तीन दिवसीय इस उर्स मेले में भारी



भीड़ उमड़ी, जिसमें जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और आम लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। मेले में हजारों की संख्या में दुकानें, खानपान स्टॉल और मनोरंजन के साधन आकर्षण का केंद्र बने रहे। रात में बारिश के बावजूद अकीदतमंदों का उत्साह कम नहीं हुआ और भीड़ देर रात से लेकर सुबह तक बनी रही। उर्स की समाप्ति पर सभी ने एक साथ देश में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ मांगी। कार्यक्रम में पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला, झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अब्दुल सलाम, आजसू नेता संजय मेहता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उर्स को सफल बनाने में न्यू एसएम मेमोरियल हॉस्पिटल के संचालक अब्दुल कय्यूम खान और दृष्टि आई हॉस्पिटल के संचालक इमरान खान का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन की शानदार सफलता के पीछे चयकाला मुखिया प्रतिनिधि मौलाना हेलाल अख्तर और पंसस फैजान अजमेरी की भूमिका बेहद सराहनीय और प्रेरणादायक रही। दोनों ने अपनी सूझबूझ, मेहनत और समर्पण से पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। उनके नेतृत्व और सक्रिय सहयोग के कारण आयोजन ने एक नई ऊंचाई हासिल की। मंच पर उन्हें दस्तार और फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## धूमधाम से मनाया गया भाजपा का स्थापना दिवस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को बड़कागांव भाजपा पूर्वी मंडल द्वारा खरांटी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के समीप प्रांगण में भाजपा की स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसकी अध्यक्षता बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव द्वारा भाजपा का ध्वज फहराकर की गई। इसके पश्चात पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय हित के लिए कोई समझौता नहीं करती है। भाजपा अंत्योदय के सिद्धांत पर चलने वाली पार्टी है, जिसका



लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुचाना है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकताओं ने पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। स्थापना दिवस के इस गौरवशाली अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमें मुख्य रूप से शामिल भागीरथ ठाकुर,अशोक साव, सुमन गिरी, विष्णु गुप्ता, नितेश वर्मा, ज्योतिंद्र प्रजापति, जइकप सोरेन, सुरेश प्रजापति, सुरेंद्र महंतो, मोहन यादव शामिल थे।

## विभावि में अमर्यादित व्यवहार करने वाले कर्मचारी का स्पष्टीकरण असंतोषजनक : कुलसचिव डॉ प्रणिता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रशासन ने कुलपति सचिवालय में कार्यरत सहायक जयप्रकाश सिंह कि सेवा को अपने पैतृक प्रबंधन विभाग में तत्काल प्रभाव से वापस कर दिया है। इस संबंध में सोमवार को जारी पत्र में बताया गया है कि जयप्रकाश सिंह से जो स्पष्टीकरण पूछा गया था उसका उत्तर विरोधाभासी, अस्पष्ट तथा असंतोषजनक पाया गया है। ज्ञात हो कि जब इनसे फोन करके कुलपति कक्ष को प्रभारी कुलपति के लिए खोलने के लिए कहा गया था तब इन्होंने कहा था कि नियमित कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने मना किया है। हालांकि जब उन्होंने लिखित स्पष्टीकरण समर्पित किया उसमें इन्होंने अपना बयान बदलते हुए बताया कि सुरक्षा कारण से तथा जरूरी कागजात एवं सामग्री को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से इन्होंने कुलपति कक्ष को नहीं खोला था। जयप्रकाश सिंह के व्यवहार से अपमानित महसूस कर रही प्रभारी कुलपति डॉ रेणु बोस ने इस बयान को तथा अपने पूर्व के बयान को अब बदलने के मामले को गंभीरता से लिया है। जयप्रकाश सिंह द्वारा लिखित में दिया गया स्पष्टीकरण का तात्पर्य यह समझ गया है कि अगर डॉ रेणु बोस को कार्यालय का उपयोग करने दिया जाता तो कुलपति कार्यालय की सुरक्षा तारतार हो जाती और सारे कागजात एवं सामग्री भी असुरक्षित हो जाते। यह बयान को गैर जिम्मेदाराना और अपमानजनक समझा गया है क्योंकि यह सीधे तौर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठतम शैक्षणिक संकायाध्यक्ष तथा 33 वर्षों से बेदाग सेवा अर्पित करने वाली एक महिला प्राध्यापिका की सत्यनिष्ठा तथा विश्वसनीयता पर सवाल उठाता है। जयप्रकाश सिंह के स्पष्टीकरण से यह भी स्पष्ट होता है कि कुलपति महोदय ने उन्हें ऐसा कुछ भी करने को नहीं कहा था और उन्होंने जो भी किया है।

# राजकुमार यादव को मिला एकल अभियान के हजारीबाग अंचल की युवा प्रभारी की जिम्मेदारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** एकल अभियान हजारीबाग अंचल की ओर से बरही के सनराइज एकेडमी करियातपुर में आयोजित दो दिवसीय चिंतन बैठक में बरही के वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार यादव को हजारीबाग अंचल के युवा प्रभारी का दायित्व दिया गया। अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति ने केंद्रीय सह युवा प्रमुख की उपस्थिति में उनके मनोनयन की घोषणा की। घोषणा के उपरांत जय श्रीराम के उद्घोष से तथा अंगवस्त्र से उनका सम्मान किया गया। उसके बाद अंचल अध्यक्ष भरत यादव, मुखिया मनोज कुमार, अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति, अंचल उपाध्यक्ष डॉ सुनील कुमार दत्त, अंचल जागरण प्रमुख प्रो हीरामन साव, अंचल आरोग्य प्रभारी इंद्रदेव गुप्ता, हरि कथा सत्संग समिति सचिव कृष्णा



गुप्ता, प्राथमिक शिक्षा प्रभारी सुरेश प्रसाद, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित, समाजसेवी अनिल प्रसाद वर्मा, गणेश साव, तिलक साव, दशरथ मंडल-प्रभाग कार्यालय प्रमुख , सुनील कुमार राय प्रभाग अभियान प्रमुख,जीतलाल हांसदा-संभाग अभियान प्रमुख, कर्ण महतो संभाग प्रशिक्षण प्रमुख, अशोक कुमार महतो धनबाद भाग अभियान प्रमुख दिनेश कुमार महतो धनबाद भाग प्रशिक्षण प्रमुख, राहुल कुमार-धनबाद भाग कार्यालय प्रमुख, धनंजय दास संथाल परगना भाग प्रशिक्षण प्रमुख ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। मनोनयन के बाद कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एकल अभियान की पंचमुखी शिक्षा योजना उन्हें काफी प्रभावित किया है। सच्चे मन से एकल के द्वारा अपने सनातन की संस्कृति के विकास के लिए ईमानदारी से प्रयास किया जा रहा है। हम भी एकल की उद्देश्यों एवं लक्ष्यों को आगे बढ़ाऊंगा। युवा प्रभारी बनाए जाने पर बिनोद कुमार, नरेश पासवान, उमा देवी सरिता देवी, मनोज कुमार, रूपा देवी, अभिषेक कुमार आदि ने बधाई दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### बजरंग दल की दो दिवसीय प्रांत बैठक संपन्न



**बरही :** बजरंग दल की दो दिवसीय प्रांत स्तरीय बैठक बरही प्रखंड के खोड़ाहर स्थित श्रीदस पब्लिक स्कूल परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह बैठक विश्व हिन्दू परिषद की प्रांत कार्ययोजना के तहत आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम दरबार, हनुमान जी एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ हुआ। इसके बाद ओंकार ध्वनि, एकात्मता मंत्र एवं विजय महामंत्र का उच्चारण किया गया, जबकि समापन पूर्णता मंत्र के साथ हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र संयोजक जन्मजेय कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो उपस्थित रहे। साथ ही प्रांत मिलन प्रमुख संजय चौबे भी कार्यक्रम में शामिल हुए। बैठक की शुरूआत संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा एवं सामाजिक कार्यों के वृत प्रस्तुतिकरण से हुई। इसके पश्चात कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जन्मजेय कुमार ने कहा कि बजरंग दल के मूल ध्येय सेवा, सुरक्षा और संस्कार को समाज में विस्तार देने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं में घटते संस्कारों पर चिंता जताते हुए कहा कि कार्यकताओं को समाज में जागरूकता फैलाकर कुरीतियों और गलत धारणाओं को दूर करना होगा, ताकि एक सशक्त और संस्कारित समाज का निर्माण हो सके। उन्होंने संगठन के विस्तार और जनबल बढ़ाने पर भी जोर देते हुए कहा कि कार्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार से ही समाज और संगठन दोनों मजबूत होंगे। वहीं, रंगनाथ महतो ने अपने संबोधन में सनातन समाज की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज को जनसंख्या संतुलन के प्रति जागरूक करना होगा और रोजगार सृजन के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा में भी योगदान देना होगा। उन्होंने विभिन्न राज्यों और पड़ोसी देशों के उदाहरण देते हुए समाज को संगठित और सशक्त बनने का आह्वान किया। बैठक में विभाग संयोजक राजेश यादव सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में जिला मंत्री अरविंद मेहता, सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, जिला संयोजक जयकुमार सोनी, गौ रक्षा प्रमुख अभिनव, सोनू महाकाल, प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केसरी, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी एवं विकास यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के आयोजन हेतु विद्यालय परिसर उपलब्ध कराने में रंजीत चंद्रवंशी एवं नौरंगी लाल का विशेष योगदान रहा।

### पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत



**बरही :** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और वर्तमान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव एवं झारखंड आगमन पर सोमवार को बरही चौक पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारत हाइड्रोलिक के मालिक अंकित यादव ने अपनी टीम के साथ तेजस्वी यादव का अभिनंदन किया। चौक पर मौजूद समर्थकों ने फूल-मालाओं और नारों के साथ उनका अभिवादन किया। इस दौरान स्थानीय राजनीति और सामाजिक कार्यकताओं की भी भारी भीड़ देखी गई।

### आंधी का असर, सोलर पंप क्षतिग्रस्त, गांव में पानी के लिए भटक रहे लोग

**चौपारण:** क्षेत्र में मौसम के अचानक बदले मिजाज और तेज हवा के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई स्थानों पर सामान उड़ने और नुकसान की घटनाएं सामने आई हैं। इसी क्रम में पंचायत चैथी के ग्राम केंदुआ स्थित बालाबांध में पानी टंकी से जुड़ा सोलर पंप का पैनल तेज हवा के चलते उड़कर क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जाता है कि मानकी दास के घर के समीप स्थापित यह सोलर पंप गांव के



लिए मुख्य जल स्रोत था। इसके खराब हो जाने से पूरे इलाके में पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। खासकर महिलाओं और बच्चों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सोलर पंप के बंद होने से हालात दिन-ब-दिन गंभीर होते जा रहे हैं। इस संबंध में पूर्व मुखिया प्रतिनिधि ने संबंधित विभाग का ध्यान आकृष्ट करते हुए शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों की समस्या और बढ़ सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब पहल कर जल आपूर्ति बहाल करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### तंत्र मंत्र को जागरूक करने को लेकर थाना परिसर में बैठक संपन्न

**बिष्णुगढ़ :** थाना परिसर में शनिवार तंत्र मंत्र को जागरूक करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने कहा कि यदि यह जागरूकता अभियान प्रभावी ढंग से चलाया गया और लोगों ने इसे गंभीरता से लिया, तो आने वाले समय में कुसुम्भा जैसी घटनाओं पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। डायन-



बिसाही जैसी अमानवीय प्रथा के खिलाफ यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। डायना बिसाही जागरूकता अभियान चलाने को लेकर शनिवार को विष्णुगढ़ थाने में पुलिस प्रशासन की ओर से बैठक बुलाई गई थी। बैठक में बोलते हुए अधिकारियों ने कहा कि जागरूकता अभियान डायन बिसाही को लेकर चलाया जाना आवश्यक है, ताकि कुसुंभा कांड भविष्य में फिर सामने नहीं आ पाए। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सपन महथा ,अंचल अधिकारी नित्यानंद दास ,प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता ,पंचायत प्रतिनिधि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# भाजपा स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बाबूलाल का संदेश, राष्ट्र सेवा के रास्ते पर बढ़ते रहें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने आवास पर पार्टी का ध्वज फहराया। इस दौरान उन्होंने संगठन के विचारों, राष्ट्र प्रथम की भावना और कार्यकताओं के योगदान को याद किया। इस मौके पर बाबूलाल ने प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कार्यकर्ताओं को बधाई दी और संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

मरांडी ने कहा कि यह दिन पार्टी के सिद्धांतों और समर्पित कार्यकताओं के प्रयासों को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार, अटल बिहारी वाजपेयी के सुशासन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि इन्हीं आदर्शों पर चलकर पार्टी आगे बढ़ रही है।



उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे राष्ट्र निर्माण के कार्य में पूरी निष्ठा के साथ जुटे रहें और संगठन को और मजबूत करें। मरांडी ने कहा कि सभी को मिलकर देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा आज जिस मजबूत स्थिति में खड़ी है, उसकी नींव पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और डॉ। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवाद के विचारों पर आधारित है।

मरांडी ने कहा कि पार्टी का विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बनना कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि उनकी लगन, अनुशासन और समर्पण ने ही इस मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की नीतियों में गरीब, किसान, युवा और महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।


बाबूलाल मरांडी अपने आवास पर पार्टी ध्वज फहराये हुए

इस अवसर पर उन्होंने सभी कार्यकताओं से अपील की कि वे विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पूरी निष्ठा के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा के रास्ते पर लगातार आगे बढ़ते रहना ही पार्टी की पहचान है।

मरांडी ने यह भी कहा कि देश को मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर स्तर पर सकारात्मक प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इसी भावना के साथ आगे भी संगठन को मजबूती देने में जुटे रहें।

## एक नजर

### धुर्वा डैम से युवक का शव बरामद

**रांची :** पुलिस ने राजधानी रांची के धुर्वा डैम से एक युवक का शव बरामद किया है। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार स्थानीय लोगों ने सोमवार सुबह धुर्वा डैम में युवक का शव देखे जाने की जानकारी दी। पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और युवक के शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान पलामू निवासी सैयम अंसारी के रूप में हुई। वर्तमान में वह रांची के लेक रोड स्थित किराए के घर में रह रहा था। मामला खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### पड़हा सरकार युवा संघ भारत का नेता गिरफ्तार

**रांची :** पड़हा सरकार युवा संघ भारत के संचालक रोहन कुजूर को बुढ़मू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बुढ़मू थाना के प्राथमिकी अभियुक्त रोहन को पिछले कई महीनों से बुढ़मू थाना क्षेत्र में सक्रिय रूप से देखा जा रहा था। आदिवासी व गैर आदिवासी समुदाय को बांटने का प्रयास कर रहे थे। रोहन पर लोगों को धर्म के नाम पर तनाव पैदा करने सहित अन्य संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगाए गए है। मालूम हो कि रोहन कुजूर रांची हिंदपीढ़ी के ग्वाला टोली मदीना मस्जिद के पास का निवासी है। पिछले कई वर्षों से बुढ़मू थाना क्षेत्र में सक्रिय होकर पड़हा सरकार युवा संघ भारत के संगठन बनाकर आदिवासी समुदाय को बरगलाने का कार्य करता था। जिसकी वजह से नवंबर-दिसंबर 2025 में एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच भारी तनाव हो गया था।

### सीजीएल पेपर लीक में एजेंसी को ब्लैकलिस्ट केस: हाई कोर्ट से राहत नहीं

**रांची :** सत्यवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दाखिल सिविल रिव्यू याचिका को झारखंड हाई कोर्ट ने दूसरी बार खारिज कर दिया। सबसे पहले सत्यवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा उसे ब्लैकलिस्टेड किए जाने पर रिट याचिका दाखिल कर हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके बाद सत्यवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में सिविल रिव्यू दायर किया था। उसकी सिविल रिव्यू भी हाई कोर्ट से खारिज हो गई थी। सत्यवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड ने सुप्रीम कोर्ट में राहत के लिए याचिका दाखिल की थी। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसे राहत नहीं देते हुए हाई कोर्ट में सिविल रिव्यू फाइल करने को कहा था। इसके बाद कंपनी ने हाई कोर्ट में फिर से सिविल रिव्यू दायर की थी, जिसपर हाई कोर्ट का फैसला आया है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले में फैसला सुनाया। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल और अधिवक्ता राकेश रंजन ने पक्ष रखा था। दरअसल जेएसएससी ने सत्यवत इंफोसोल प्राइवेट लिमिटेड को सीजीएल परीक्षा पेपर लीक मामले में ब्लैकलिस्ट कर दिया था। 25 अप्रैल 2024 के आदेश के तहत, कंपनी को तीन साल के लिए डिबार (प्रतिबंधित) कर दिया गया है। झारखंड हाई कोर्ट ने भी इस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। पेपर लीक होने के बाद कंपनी के खिलाफ यह जेएसएससी का सबसे बड़ा एक्शन था। फर्म को अगले 3 वर्षों के लिए किसी भी परीक्षा आयोजित करने से रोक दिया गया है। हाई कोर्ट ने जेएसएससी के फैसले को सही ठहराते हुए कहा था कि कंपनी संतोषजनक जवाब देने में विफल रही है। जेएसएससी-सीजीएल (जेएसएससी-सीजीएल) परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने के कारण यह कार्रवाई की गई थी।

# रांची में 'लोक-लाज' के नाम पर नाबालिग की हत्या, दो गिरफ्तार




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची के रातू थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के लापता होने का मामला अब हत्या में बदल गया है। पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि लड़की की हत्या उसी घर में की गई, जहां वह पिछले 8 वर्षों से रह रही थी। घटना 2 अप्रैल की रात करीब 10:30 बजे ग्राम झखराटांड़ की है, जब ग्रामीणों ने सुबोध पाठक के घर पर हंगामा करते हुए वहां रह रही लड़की के अचानक लापता होने का आरोप लगाया। सूचना पर रातू थाना ने मामले की जांच शुरू की और प्रारंभिक जांच के बाद 3 अप्रैल को मामला दर्ज कर लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची एसएसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया।

पुलिस उपाधीक्षक द्वितीय के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और टोल प्लाजा के फोटोग्राफ के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। इस हत्याकांड का खुलासा करते हुए रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने बताया कि जांच के दौरान कड़ाई से पूछताछ करने पर सुबोध पाठक और उसके पुत्र राहुल पाठक ने नाबालिग लड़की की हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। आरोपियों ने बताया कि हत्या के बाद शव को एंबुलेंस से गया ले जाकर दाह संस्कार कर दिया गया।

# संजीव वर्मा के स्वागत में लघु काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मोरहाबादी स्थित कुसुम विहार के शांति इन्क्लेव में सोमवार को एक लघु काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कवियों ने जीवन, प्रकृति, समाज और देश से जुड़े विषयों पर अपनी रचनाएँ सुनाईं। गोष्ठी की अध्यक्षता आचार्य संजीव वर्मा 'सलिल' ने की, जो जबलपुर से पधारे थे। उल्लेखनीय है कि वे हिंदी की महान कवयित्री महादेवी वर्मा के भतीजे हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ गजलकार हिमकर श्याम के गजल पाठ से हुआ। अपनी उम्दा गजलों की प्रस्तुति से उन्होंने उपस्थित जनों को भाव-विभोर कर दिया। साथ ही प्रकृति पर आधारित कुछ दोहे भी प्रस्तुत किए। वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य संजीव वर्मा 'सलिल' ने सॉनेट, हाइकु, गीत, नवगीत, नवगीत और लघुकथा प्रस्तुत कर



श्रोताओं का मन मोह लिया। वरिष्ठ कवि निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव ने 'मैं शब्द हूँ' और 'कविता' शीर्षक से अपनी रचनाओं का पाठ किया, जिन्हें श्रोताओं ने खूब सराहा। श्री साहित्य कुंज की संस्थापिका एवं कवयित्री मनीषा सहाय ने लावणी छंद में अपनी रचनाओं का पाठ किया, वहीं कवयित्री नीता शेखर ने नारी विषय पर एक प्रभावशाली कविता सुनाई। अंत में गोष्ठी के अध्यक्ष आचार्य संजीव वर्मा 'सलिल' ने छंद और सॉनेट की परंपरा पर अपने विचार रखते हुए साहित्यिक विधाओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

गोष्ठी का समापन साहित्यिक संवाद और काव्य-चर्चा के साथ हुआ। गोष्ठी में साहित्यिक संवाद और काव्य-चर्चा भी हुई। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। गोष्ठी में सरोज श्रीवास्तव, संजय वर्मा, मधुकर श्याम, डॉ इरा, शक्ति, असीम शौर्य, नीतू नायक आदि उपस्थित थे।

# अनगड़ा में भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगडा :** भारतीय जनता पार्टी रांची जिला पूर्वी द्वारा सोमवार को पार्टी का 47वां स्थापना दिवस महिलौंग स्थित कार्यालय में झंडा फहराकर एवं मिठाई खिलाकर मनाया गया। भाजपा रांची जिला पूर्वी जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज के द्वारा पार्टी का ध्वजारोहण करने के पश्चात वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ संगोष्ठी प्रारंभ की गई।सगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रुप में पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने भाजपा की राजनीतिक यात्रा पर विचार रखी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज जश्न का दिन है। हमारे लिए सबसे ऊपर देश उसके बाद पार्टी और फिर परिवार है। इसी सिद्धांत पर भाजपा का एक सदस्य काम करता है। भारतीय जनता पार्टी 20 साल के अंदर केंद्र की सत्ता में काबिज हो गई और 19 राज्यों में आज हमारी सरकार है। भारतीय जनता पार्टी के पास नीति सिद्धांत और समर्पण तीनों है। भारतीय जनता पार्टी के पास राष्ट्र कल्याण की भी नीति है। वहीं कार्यकर्ताओं को लड्डू खिलाकर स्थापना दिवस की बधाई दी गई। भाजपा जिलाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने इस अवसर पर स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जनता का प्यार और आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी के साथ रहा है. यही वजह है कि कभी हमने दो सांसद के बल पर शुरूआत की और आज देश का नेतृत्व करने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि 7 से 12 अप्रैल तक ग्राम एवं बस्ती संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

# राज्य सूचना आयोग को राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति का मंच नहीं बनाया जाए : भाकपा माले

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में सूचना आयुक्तों के नाम सामने आने के बाद भाकपा माले ने सरकार और विपक्ष दोनों को कड़ी नसीहत दी है। पार्टी के राज्य सचिव मनोज भक्त ने कहा कि राज्य सूचना आयोग को राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति का मंच नहीं बनाया जाना चाहिए।



उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग के लिए अनुशंसित नाम झामुमो, भाजपा समेत कुछ दलों के दलीय हितों से प्रेरित प्रतीत होते हैं, जो आयोग के मूल उद्देश्यों और निर्धारित मानकों का उल्लंघन है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मांग की कि मौजूदा अनुशंसाओं को तत्काल वापस लेकर योग्य और निष्पक्ष व्यक्तियों के नामों पर विचार किया जाए। माले नेता ने कहा कि राज्य में भूमि लूट, भ्रष्टाचार और माफिया वर्चस्व जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं, ऐसे में एक मजबूत और सक्रिय सूचना आयोग की भूमिका बेहद जरूरी हो जाती है। लंबे समय से मुख्य सूचना आयुक्त और आयुक्तों के पद रिक्त रहने के कारण आयोग निष्क्रिय बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि अब जब नियुक्ति प्रक्रिया शुरू हुई है, तो उसमें भी राजनीतिक हस्तक्षेप हावी हो गया है। राज्य में विधि, सूचना, पत्रकारिता और समाज सेवा के क्षेत्र में कई योग्य लोग हैं, जिन्हें पारदर्शी प्रक्रिया के जरिए अवसर मिलना चाहिए।

# लापरवाह कर्मचारियों पर 48 घंटे में शोकॉज और आरोप पत्र गठित करें अधिकारी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने आज आयोजित जनता दरबार में विभिन्न मामलों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

नगड़ी अंचल से जुड़े एक गंभीर मामले में, एक ही प्लॉट नंबर पर दाखिल-खारिज को स्वीकृत और अस्वीकृत करने की शिकायत पर उपायुक्त ने अंचल अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने संबंधित कर्मचारी को 48 घंटे के भीतर शोकॉज जारी कर आरोप पत्र गठित करने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि ऐसा नहीं होने पर संबंधित पदाधिकारी के खिलाफ ही आरोप गठित किया जाएगा।



इसी अंचल के एक अन्य म्यूटेशन आवेदन को लंबे समय तक लंबित रखने पर उपायुक्त ने अंचल अधिकारी, सीआई एवं संबंधित कर्मचारी तीनों के खिलाफ स्पष्टीकरण मांगने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार में पहले भी इस मामले की शिकायत की गई थी, लेकिन समाधान नहीं होने पर यह गंभीर लापरवाही का मामला है।

शिक्षा से जुड़े एक संवेदनशील मामले में, एक प्रतिष्ठित स्कूल द्वारा सातवीं कक्षा उत्तीर्ण छात्र को रिपोर्ट कार्ड की जगह ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) दिए जाने की शिकायत पर उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने सुनिश्चित करने को कहा कि छात्र का भविष्य प्रभावित न हो।

एक अन्य मामले में, रांची निवासी द्वारा अपने देवर पर मानसिक रूप से बीमार पति के नाम पर फर्जी बैंक खाता खोलकर धोखाधड़ी एवं पुश्तैनी संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया गया। इस मामले में आरोपी एक सरकारी शिक्षक है। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को जांच कर आरोपी शिक्षक के वेतन पर रोक लगाने का निर्देश दिया। जनता दरबार में पहुंचे बुजुर्ग भोलाराम की पेंशन समस्या का त्वरित समाधान करते हुए पाया गया कि आधार सीडिंग नहीं होने के कारण राशि खाते में नहीं जा रही थी। जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री ने एलडीएम को निर्देश देते हुए संबंधित बैंक शाखा द्वारा शीघ्र आधार सीडिंग सुनिश्चित कराने को कहा।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड के लातेहार में 27 मिमी बारिश दर्ज, 07 को 13 जिलों में ऑरेंज अलर्ट



**रांची :** झारखंड के विभिन्न जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान बारिश दर्ज की गई। इस दौरान राज्य के लातेहार जिला के गारु में सबसे अधिक 27 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। वहीं राज्य के अन्य इलाकों में भी बारिश रिकार्ड की गई इनमें पालगंज में 18 मिमी, डुमरी में 17.2 मिलीमीटर, रामगढ़ में 16.2, रामगढ़ के हेंदेगीर में 15.4, बड़कागांव में 10.9, चंदवा में 10.9 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, मौसम विभाग के अनुसार 07 और 08 अप्रैल को राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश वज्रपात और ओलावृष्टि होने की संभावना है। साथ ही 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है। 07 अप्रैल को राज्य के 13 जिलों के लिए जबकि 08 अप्रैल को झारखंड के 17 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 37.2 डिग्री डाल्टनगंज में और सबसे कम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया। इधर, सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ था, लेकिन दोपहर बाद आंशिक बादल छाए रहे। बादल छाने और हल्की बारिश के कारण लोगों को भारी गर्मी से राहत मिली। वहीं, सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री और न्यूनतम 18.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 31.8 डिग्री और न्यूनतम 22.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 32.2 और न्यूनतम 20.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 36.1 डिग्री और न्यूनतम 19.6 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस एवं खूंटी में अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.9 रिकार्ड किया गया।

### कमला नेहरू इंटर कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**अनगडा :** कमला नेहरू इंटर कॉलेज टाटीसिलवे रांची के तत्वाधान में एक पेड़ मा के नाम पर इको क्लब का गठन किया गया मौके पर डॉ अजय कुमार सिन्हा ने बताया की "एक पेड़ माँ के नाम" एक प्रयास है जो हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य माँ के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। माँ और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। "एक पेड़ माँ के नाम" का हिस्सा बनें और अपनी माँ के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बनाने के लिए एक पेड़ लगाएँ कमला नेहरू इंटर कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षककेतर सभी कर्मचारी एवम् छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### झारखंड की बेटियों का शानदार प्रदर्शन अंडर-15 तीरंदाजी में जीता रजत पदक



**सिल्ली :** सिल्ली आंध्र प्रदेश के गुंटूर शहर में 2 से 6 अप्रैल तक आयोजित अंडर 15 मिनी सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में लोहा मनवाया है। वही झारखंड राज्य रिकर्व बालिका टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए अंशु पटेल, खुशी कुमारी और आलिया श्रीवास्तव की टीम ने बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में झारखंड की टीम का सामना हरियाणा से हुआ कड़े संघर्ष में दोनों टीम 4-4 पॉइंट ले कर टाई में हरियाणा ने गोल्ड जीता और टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा पदक जीतने पर रांचीजिला तीरंदाजी संघ के मुख्य संरक्षक पूर्व खेल मंत्री सुदेश कुमार महतो , वरीय उपाध्यक्ष झारखंड तीरंदाजी संघ सह झारखंड ओलंपिक संघ नेहा महतो सचिव चंचल भट्टाचार्य के साथ-साथ संघ के पदाधिकारियों व जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पूरे उत्साह के साथ पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया



**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन सिल्ली मंडल के प्रधान कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा पूरे उत्साह के साथ पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने पार्टी के ध्वज को नमन करते हुए सेवा,संगठन और अंत्योदय के सिद्धांतों को सदैव पालन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर कार्यकताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है तथा अपने मूल मंत्र और सिद्धांतों के साथ देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही है एवं समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्तियों तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।आगे कहा कि पार्टी ने राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश की जनता का सेवा भी कर रही है। कार्यक्रम के अंत में कार्यकताओं ने पार्टी के स्थापना दिवस पर संगठन को और मजबूत करने तथा राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प भी लिया।इस कार्यक्रम में सिल्ली मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक,राजेंद्र प्रसाद साई,पूर्णिमा सिंह देव,हरिहर महतो,साधु चरण महतो,श्याम सुंदर महतो, भेगराज प्रसाद,टीकू चंद इत्यादि उपस्थित रहे।

### अज्ञात युवक का शव बरामद

**सिल्ली :** सिल्ली थाना अंतर्गत ग्राम अडाल (कूदाकोचा) स्थित जंगल में पहाड़ी के समीप एक अज्ञात शव बरामद किया। सिल्ली थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पाई है और मामले को लेकर सिल्ली पुलिस क्षेत्र में विशेष छापामारी अभियान चला रही है। थाना प्रभारी ने लोगों से अपील किया है कि शव की पहचान करने में मदद करें ताकि उनके परिजन को जानकारी दिया जा सके। वही खबर लिखे जाने तक शव की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

**एक नजर**

### लूडो प्रतियोगिता में रिया कुमारी विजेता सात्विक राज उपविजेता

**झुमरी तिलैया :** अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस को लेकर शहर के गांधी रोड स्थित आदर्श विद्यालय में इंडोर गेम्स का आयोजन किया गया, इसमें 16 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें विजेता रिया कुमारी रही तथा उपविजेता के रूप में सात्विक राज को प्रेरणा शाखा की ओर से सम्मानित किया गया। साथ ही साथ बच्चों को योग के विभिन्न आसनों को कराया गया। बच्चे शिक्षा के साथ-साथ व्यायाम कर अपने मस्तिष्क के ज्ञान को और अधिक बढ़ा सकते हैं।योगासन योग शिक्षिका के द्वारा कराया गया। मौके पर उपाध्यक्ष आर्ची जैन, सचिव प्रिया अग्रवाल, परियोजना निदेशक कृतिका मोदी ने कहा कि खेलकूद आज की भाग दौड़ की जिंदगी में जरूरी हो गया है। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के जरिए शारीरिक और मानसिक विकास किया जा सकता है। शिक्षा जहां अमूल्य धरोहर है वहीं खेलकूद से भी अपने करियर को निखारा जा सकता है। वही विद्यालय की प्राचार्य शीतल भोजानवाला ने कहा कि आज आधी आबादी चार दिवारी से निकलकर हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है। प्रेरणा शाखा का यह प्रयास सराहनीय है। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। साथ ही अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बैडमिंटन में राज्य स्तर पर खेलने गए यश जैन को उनके निवास स्थल पर जाकर दुपट्टा एवं पौध देकर सम्मानित किया एवं खेल के क्षेत्र में अपना नाम रोशन करें यह कामना की गई। मौके पर मंडल वन सहायक मंत्री श्रेया केडिया, अध्यक्ष आकृति चौधरी ज्योति अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### विद्यालय में बाल संसद का हुआ गठन, स्नेहा बनीं प्रधानमंत्री

**मरकच्चो :** प्रखण्ड के तेलोडीह पंचायत स्थित राज्यकृत मध्य विद्यालय बिचरिया नईटांड़ में सोमवार को बाल संसद का गठन किया गया। इसअवसर पर विद्यालय परिसर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत छात्र छात्राओं के बीच तेलोडीह पंचायत के मुखिया टीपन पांसी, प्रधानाध्यापक अर्जुन महतो एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नन्दकिशोर शर्मा की उपस्थिति में चुनाव सम्पन्न कराया गया। जिसमें छात्र छात्राओं की उत्साह पूर्वक भागीदारी देखने को मिली। सत्र 2026 - 2027 के लिए बाल संसद का चयन किया गया,जिसमें प्रधानमंत्री स्नेहा भारती, उप प्रधानमंत्री शिवम पंडित,स्वास्थ्य मंत्री अंजली कुमारी, स्वछता मंत्री आयुष राणा, सुरक्षा एवं न्याय मंत्री लक्ष्मी कुमारी, पोषण मंत्री अविनाश सिंह, शिक्षा मंत्री कुंदन राणा, उपस्थित मंत्री मयंक कुमार, कौशल एवं विकास मंत्री अनन्या कुमारी, पर्यावरण मंत्री सोनी कुमारी, खेलकूद एवं सांस्कृतिक मंत्री दिव्या कुमारी संचार एवं संपर्क मंत्री मनजीत दास का चयन किया गया।

### जनगणना 2027 की तैयारी शुरू प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोडरमा :** जयनगर प्रखंड में आगामी जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में आज प्रखंड स्तर पर सभी एन्यूमरेटर (गणनाकर्मी) एवं परीक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज पदाधिकारी गौतम कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षण संपन्न हुआ। वहीं सहायक चार्ज पदाधिकारी कमल किशोर सिंह भी उपस्थित रहे और उन्होंने प्रशिक्षण कार्यों की निगरानी की। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित सभी शिक्षकों एवं गणनाकर्मियों को जनगणना की प्रक्रिया, कार्यप्रणाली एवं उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

### निजी विद्यालयों में पारदर्शिता व अभिभावक हित सुनिश्चित करने के लिए डीसी ने दिए सख्त निर्देश

# सभी निजी विद्यालय पारदर्शिता के साथ कार्य करें : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिले के सभी निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण अधिनियम, 2017 के प्रावधानों के आलोक में निजी विद्यालयों में शुल्क निर्धारण, किताबों की उपलब्धता, फीस वृद्धि एवं नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं अभिभावक-हितैषी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी निजी विद्यालय पारदर्शिता के साथ कार्य करें तथा शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए राज्य सरकार एवं सीबीएसई के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि निजी विद्यालयों को नियमों एवं दिशा-निर्देशों की जानकारी देने हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया जाए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने विशेष रूप से रि-एडमिशन फीस नहीं लेने का निर्देश दिया तथा कहा कि विद्यालयों में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी की स्पष्टता होनी चाहिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि विद्यालयों द्वारा किताबों में अनावश्यक बदलाव न किया जाए तथा सभी निर्धारित पुस्तकें किसी एक दुकान तक सीमित न रहकर सभी बुक स्टॉल पर उपलब्ध कराई जाएं। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों को निर्देशित किया कि वे अपने नोटिस बोर्ड पर कक्षावार पुस्तक सूची प्रदर्शित करें तथा अपनी वेबसाइट पर भी पुस्तक संबंधी पूर्ण विवरण अनिवार्य रूप से प्रकाशित करें। साथ ही विद्यार्थियों के हित में बुक डोनेशन कैंप आयोजित कर पुराने पुस्तकों के उपयोग को बढ़ावा देने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।आरटीई के तहत नामांकन प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण करने का निर्देश भी दिया गया। फीस वृद्धि के संबंध में उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि यह केवल राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों एवं विद्यालय शुल्क समिति के निर्णय के आधार पर ही किया जाएगा।बैठक में अपर समाहर्ता पूनम कुजूर, जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम, जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार सहित सभी निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य/प्रबंधक एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा का सिद्धांत सेवा, समर्पण और सुशासन : डॉ नीरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत सोमवार को बरनवाल सेवा सदन में कोडरमा नगर मंडल की मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पार्टी संगठन को सशक्त बनाने एवं कार्यकताओं को वैचारिक रूप से प्रशिक्षित करने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का संकल्प और उनका दर्शन आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। साथ ही उन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान और देश की एकता अखंडता के लिए योगदान पर चर्चा की। उन्होंने पार्टी की स्थापना से विस्तार तक चर्चा की और कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और हम सभी का दायित्व है कि उनके विचारों को आत्मसात करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करें। उन्होंने कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे जन-जन तक पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं तथा संगठन विस्तार में पूरी निष्ठा के साथ जुटे रहें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण महाभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सुदृढ़ करने का एक सशक्त माध्यम है, जिससे संगठन को नई ऊर्जा प्राप्त होती है और कार्यकताओं में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। पार्टी का सिद्धांत सेवा, समर्पण और सुशासन है और हम सबों को इसी पर कार्य करना है। इस अवसर पर प्रशिक्षण दे रहे अखिल सिन्हा ने कहा कि भाजपा का संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित और समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की नीतियों को प्रभावी रूप से आम जनता तक पहुंचा सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता कोडरमा नगर अध्यक्ष संजय पासवान ने जबकि उद्घाटन जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

## उपायुक्त के निर्देश पर विशेष स्वास्थ्य शिविर ग्रामीणों की हुई जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मरकच्चो :** कोडरमा उपायुक्त के निर्देशानुसार मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत तेलियामारण स्थित बिरहोर टोला में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सोमवार को किया गया। इस शिविर का उद्देश्य सुविधा से वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। शिविर के दौरान ग्रामीणों का व्यापक स्वास्थ्य जांच किया गया तथा आवश्यकतानुसार उन्हें निःशुल्क दवाएं एवं उपचार उपलब्ध कराया गया। विभिन्न बीमारियों की पहचान कर संबंधित मरीजों को उचित चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा घर-घर जाकर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। लोगों को साफ-सफाई, पोषण, नियमित जांच एवं समय पर इलाज के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही आवश्यक दवाओं का वितरण भी किया गया, ताकि प्रत्येक परिवार तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंच सके। जिला प्रशासन के इस पहल से दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामीणों को राहत मिली है तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## कोडरमा में महिला हत्याकांड का खुलासा, झाड़ियों से मिला शव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** 02 दिनों पूर्व तिलैया थाना में सोनू देवी पति अनिल स्वर्णकुमार साकिन झगरूडीह थाना राजधनवार जिला गिरिडीह द्वारा लिखित आवेदन देकर सूचित किया गया कि उसकी पुत्री प्रीति कुमारी को उसके पति पवन सोनार पिता सुरेश सोनार साकिन गादी थाना बेंगाबाद जिला गिरिडीह हा०मो० तिलैया बस्ती, थाना तिलैया जिला कोडरमा द्वारा मारकर शव का छिपा दिया गया है। उक्त आवेदन के आधार पर तिलैया थाना कांड सं0 100/26, दि० 04.04.20202 धारा 103 (1)/238(ं)/3(5) बी०एन०एस० दर्ज किया गया। तत्पश्चात मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता के मद्देनजर अनुदीप सिंह, भा०पु०से०, पुलिस अधीक्षक महोदय, कोडरमा द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए कांड का उद्भेदन, मृतिका के शव की बरामदगी तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अनिल कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा के नेतृत्व में कुल चार विशेष टीमों का गठन किया गया जिसमें तकनीकी शाखा के पुलिसकर्मियों को भी शामिल किया गया। उक्त टीम द्वारा तत्परतापूर्वक मामले का उद्भेदन करने हेतु मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों का संकलन प्रारंभ किया गया। इस कम में गठित टीम द्वारा आस-पास के संभावित स्थानों पर भौतिक रूप से जाकर खोजबीन की गयी तथा सीसीटीवी फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया गया। इसी कम में प्रिंट/इलेक्ट्रोनिक मीडिया तथा सोशल मीडिया के माध्यम से कहीं भी महिला के शव पाये जाने के बारे में सूचना देने के लिए वृहत रूप से प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही आसपास के थानों को भी इस संबंध में अपेक्षित सहयोग करने का अनुरोध किया गया। इस कम में जी०आर०पी०, आर०पी०एफ० से पुलिस पुलिस टीम लगातार संपर्क बनाये रखी।

## जिन्दल स्टील की नई तकनीक से ऊर्जा बचत और प्रदूषण में कमी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पतरातु :** जिन्दल स्टील ने कोयला गैसीफिकेशन तकनीक के जरिए स्टील उत्पादन के क्षेत्र में एक नई उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने पहली बार स्वदेशी कोयले को गैस (सिनगैस) में बदलकर इसका इस्तेमाल स्टील बनाने में किया है, जिससे न केवल उत्पादन लागत कम हुई है, बल्कि पर्यावरण पर भी सकारात्मक असर पड़ा है। कंपनी ने विदेशी गैस और आयातित कोयले पर निर्भरता कम करते हुए देश में उपलब्ध कोयले का बेहतर उपयोग शुरू किया है। इस प्रक्रिया में कोयले को साफ गैस में बदलकर डायरेक्ट रिड्यूस्ड आयरन (डीआरआई) तैयार किया जा रहा है, जो स्टील निर्माण का अहम हिस्सा है। प्राकृतिक गैस, एलपीजी और प्रोपेन की कमी को देखते हुए कंपनी ने अपनी गैल्वनाइजिंग और कलर कोटिंग यूनिट्स में भी सिनगैस का उपयोग शुरू किया है। यह प्रयोग स्टील उद्योग में पहली बार किया गया है और इसे ऊर्जा संकट के बीच एक बड़ा समाधान माना जा रहा है। कंपनी ने इस तकनीक के जरिए ब्लास्ट फर्नेस में भी सिनगैस का उपयोग कर आयातित कोकिंग कोल पर निर्भरता घटाई है। इससे प्रति टन स्टील उत्पादन में कार्बन उत्सर्जन कम करने में मदद मिली है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अहम कदम है। भारत सरकार के राष्ट्रीय कोयला गैसीफिकेशन मिशन के तहत इस तकनीक को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। इससे आने वाले समय में देश ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सकता है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक पी.के. बीजू नायर के अनुसार, स्वदेशी कोयले से तैयार सिनगैस भविष्य में महंगे आयातित ईंधनों का विकल्प बन सकती है। साथ ही, कार्बन नियंत्रण तकनीकों के साथ इसका उपयोग करने से भारत का स्टील अंतरराष्ट्रीय मानकों पर भी खरा उतरेगा। जिन्दल स्टील देश की प्रमुख स्टील कंपनियों में शामिल है, जो माइन-टू-मेटल मॉडल पर काम करती है। कंपनी के प्रमुख संयंत्र अंगुल, रायगढ़ और पतरातू में स्थित हैं और यह देश के औद्योगिक विकास में अहम भूमिका निभा रही है। यह पहल न केवल उद्योग के लिए लाभकारी है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी मजबूत करती है।

# कविता की गूंज से सराबोर हुआ रामगढ़ : देशभर के कवियों ने बांधा समां, रैना फिल्म का हुआ लोकार्पण







प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर एक बार फिर साहित्यिक रंग में रंगा नजर आया, जब 5 अप्रैल 2026 को होटल शिवम इन में कर्णधार संस्था द्वारा भव्य विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे नामचीन कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कवि सम्मेलन में लखनऊ से गोविंद गजब, रायबरेली से संदीप शरारती, रांची से शालिनी साहिब और अंकित सिंह, भुरकुंडा से सरोज झा ह्यझारखंडीह्व, बिहार से चंद्रिका ठाकुर ह्यदेशदीपह्व के साथ-साथ रामगढ़ के राज रामगढ़ी और सीताराम ने अपने काव्य पाठ से माहौल को जीवंत बना दिया। हास्य, व्यंग्य, श्रृंगार और वीर रस से सजी प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि रामगढ़ के युवा और वरिष्ठ कवियों को भी सम्मानित किया गया और उन्हें देश के चर्चित कवियों के साथ मंच साझा करने का अवसर मिला। इससे स्थानीय प्रतिभाओं को नई पहचान और प्रोत्साहन मिला। कार्यक्रम के दौरान कर्णधार संस्था के संस्थापक विक्रांत गुप्ता की फिल्म रैना का विधिवत विमोचन किया गया, जो इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। उपस्थित दर्शकों ने इस पहल की सराहना की। कर्णधार संस्था कला, संस्कृति, साहित्य और जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय एक सामाजिक संगठन है। संस्था के अध्यक्ष जयदीप सोनी और संयोजक राकेश श्रीवास्तव नाजुक के प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मशूर बी थापा (लेफ्टिनेंट कर्नल, सीआरओएस आरसी, रामगढ़) और विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय मेवाड़ मौजूद रहे। इसके अलावा शहर के कई उद्योगपति, साहित्यकार और गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कवि सम्मेलन न केवल साहित्य प्रेमियों के लिए यादगार बना, बल्कि रामगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को भी नई ऊंचाई देने वाला साबित हुआ।

**संक्षिप्त खबरें**

### प्रशासन की निष्क्रियता पर आप का हमला न्याय नहीं तो आंदोलन की चेतावनी

**कोडरमा :** लोहाडंडा निवासी केदार यादव, बेको निवासी सुभाष राणा की संदिग्ध मौत तथा बेको निवासी शंकर यादव के आकस्मिक निधन के मामलों में प्रशासन की घोर लापरवाही और उदासीनता के खिलाफ आज आम आदमी पार्टी कोडरमा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। जिला अध्यक्ष महेश कुमार यादव के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख-दर्द साझा किया। इस दौरान जिला सोशल मीडिया उपाध्यक्ष रंजीत मोदी भी उपस्थित रहे। महेश कुमार यादव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि—यह केवल मौत का मामला नहीं, बल्कि प्रशासनिक विफलता और न्याय व्यवस्था पर सीधा सवाल है। नामजद एफआईआर होने के बावजूद अब तक आरोपियों से पूछताछ तक नहीं होना बेहद शर्मनाक है। क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है?ह्वउन्होंने सुभाष राणा के मामले को लेकर प्रशासन पर सीधा हमला करते हुए कहा कि तीन महीने बीत जाने के बाद भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट जारी नहीं होना यह साबित करता है कि कहीं न कहीं सच्चाई को दबाने की कोशिश हो रही है। यह सीधा-सीधा न्याय में देरी नहीं, बल्कि न्याय से वंचित करने का प्रयास है।ह्वशंकर यादव के परिजनों से मिलकर उन्हें भरोसा दिलाया गया कि—सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिलाया जाएगा तथा बच्चों की पढ़ाई किसी भी परिस्थिति में बाधित नहीं होने दी जाएगी। पार्टी हर स्तर पर उनके साथ खड़ी रहेगी।आम आदमी पार्टी ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि—यदि शीघ्र ही सभी मामलों में निष्पक्ष जांच, दोषियों की गिरफ्तारी एवं लंबित रिपोर्ट जारी नहीं की गई, तो पार्टी सड़कों पर उतरकर व्यापक जन आंदोलन करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। मुख्य मांगें: सभी मामलों की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच नामजद आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी। सुभाष राणा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट शीघ्र जारी की जाए। पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा और सुरक्षा। शंकर यादव के परिवार को सरकारी सहायता एवं बच्चों की शिक्षा की व्यवस्था न्याय में देरी अब बर्दाश्त नहीं — हर कीमत पर न्याय लेकर रहेंगे।

### भुरकुंडा में पुलिस-माफिया मुठभेड़, गैंग का शूटर घायल, बड़ी वारदात टली



**भुरकुंडा :** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा दोमुहान स्थित श्रीराम जानकी मंदिर रिवर साइड इलाके में सोमवार सुबह पुलिस और अपराधियों के बीच हुई मुठभेड़ ने पूरे इलाके को दहला दिया। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में राहुल दुबे गिरोह का सदस्य सन्नी सिंह घायल हो गया, जबकि पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता भी जख्मी हुए। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी आपराधिक साजिश नाकाम कर दी गई। जानकारी के अनुसार, रामगढ़ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के निर्देश पर गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) क्षेत्र में सक्रिय आपराधिक गिरोहों के खिलाफ अभियान चला रहा था। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि सौंदा दोमुहान मंदिर के पास कुछ संदिग्ध अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही एसआईटी टीम ने तत्काल इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, अपराधियों ने बिना किसी चेतावनी के फायरिंग शुरू कर दी। गोली पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता की सरकारी गाड़ी (जेएच02बीटी 4529) के शीशे और बंपर में जा लगी। इस हमले में थाना प्रभारी को हल्की चोटें आईं, लेकिन वे सुरक्षित बच गए। घटना के बाद मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई। पुलिस ने आत्मरक्षा में तुरंत जवाबी फायरिंग की। इस दौरान राहुल दुबे गैंग का सक्रिय सदस्य सन्नी सिंह के दाहिने पैर में गोली लग गई, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। पुलिस ने उसे तुरंत हिरासत में लेकर प्राथमिक उपचार के लिए सीसीएल के एकेसी अस्पताल भुरकुंडा पहुंचाया। चिकित्सकों ने स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने घटनास्थल से दो पिस्टल, एक मोबाइल फोन और एक चमड़े का बैग बरामद किया है। वहीं, गिरोह के अन्य सदस्य पुलिस की घेराबंदी तोड़कर मौके से फरार हो गए। पुलिस उनकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है।

### रामगढ़ में तेजस्वी यादव का भव्य स्वागत संगठन मजबूत करने का संदेश



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में उस समय राजनीतिक हलचल तेज हो गई, जब राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव रांची से पटना लौटने के दौरान यहां पहुंचे। सैनी होटल एवं रेस्टोरेंट परिसर में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। तेजस्वी यादव के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, विधायक ओसामा शाहब, विधायक आसिफ अहमद, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और झारखंड सरकार में मंत्री संजय प्रसाद यादव भी मौजूद रहे। सभी नेताओं का कार्यकर्ताओं ने बुके और फूलमालाओं से स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी गोप ने किया। उनके साथ समाजसेवी नेपाल यादव और संतोष यादव ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें प्रखंड अध्यक्ष पतरातु वाहिद अंसारी, गोविंद बेदीया, नरेश बड़ाइक, विशाल कुमार, पंकज कुमार, प्रदीप मांझी, मुकेश पासवान, प्रेम कुमार साहू और रविंद्र सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान तेजस्वी यादव ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी झारखंड में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह समय-समय पर झारखंड का दौरा करते रहेंगे और संगठन को और धारदार बनाएंगे। तेजस्वी यादव के आगमन को लेकर कार्यकताओं में खासा उत्साह देखा गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान नारेबाजी और जोश का माहौल बना रहा। कुल मिलाकर, यह कार्यक्रम न केवल स्वागत समारोह तक सीमित रहा, बल्कि झारखंड में राजद की सक्रियता और आगामी रणनीति का संकेत भी दे गया।

### रामगढ़ कैंट में भाजपा स्थापना दिवस पर दिखी उत्सव की झलक



**रामगढ़ :** रामगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर रामगढ़ कैंट मंडल द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पूरे दिन चले इन आयोजनों में सेवा, स्वच्छता और सम्मान की झलक साफ नजर आई। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई के साथ हुई। सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, भीमराव आंबेडकर और बाबू कुंवर सिंह की मूर्तियों पर स्वच्छता अभियान चलाकर कार्यकताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सुबह 9 बजे मंडल अध्यक्ष सुशांत कुमार पांडेय के नेतृत्व में पार्टी का ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया और संगठन के प्रति समर्पण का संकल्प दोहराया गया। दोपहर में नगर कार्यालय में जनसंघ काल से जुड़े वरिष्ठ नेताओं — तिलक राज मंगलम, सूरज प्रसाद, युगल जायसवाल, जोगिंदर सिंह जग्गी, प्रभु दयाल खंडेलवाल और सागर भारती — को शॉल ओढ़ाकर और भाजपा पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया।

## एक नजर

### वाहन जांच अभियान,11 वाहन से 30 हजार फाइन काटा गया



**बोकारो** : बोकारो पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह के निर्देश पर 6 अप्रैल 2026 सोमवार को बोकारो जिला के तेनुघाट ओपी थाना क्षेत्र के समीप ट्रैफिक पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इस दल का नेतृत्व ट्रैफिक पुलिस के एस आई अर्जुन महतो ने किया। इसमें ट्रैफिक पुलिस के शारदा पांडे,प्रवीन सिंह,और संजय पांडे शामिल रहे। टीम ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की गईं,इस अभियान के दौरान कुल 11 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 30 हजार रुपये का ऑनलाइन चालान किया गया। चालान किए गए वाहनों में दोपहिया और चार पहिया दोनों तरह के वाहन शामिल हैं। ट्रैफिक के अर्जुन महतो ने कहा है कि यह अभियान यातायात नियमों की पालन सुनिश्चित करने और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया गया था।ऐसे अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे। इस जांच के दौरान बिना हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस,वाहन बीमा, प्रदूषण, इंश्योरेंस, सीट बेल्ट की जांच की गई कहा जांच कर्म में सबसे ज्यादा दो पहिया वाहन में हेलमेट पर जोर दिया गया साथ में चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने का निर्देश भी दिया पुलिस ने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने और अपने वाहनों के सभी जरूरी दस्तावेज हमेशा संभालकर रखने की अपील की है। बता दूँ की सघन जांच के दौरान कई दो पहिया वाहन देखकर इधर-उधर भागने में सफल रहें के इसके साथ-साथ ट्रैफिक द्वारा बताया जाता है कि यातायात नियमों की पालन सुनिश्चित करने और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाया गया है लेकिन दूसरी ओर ट्रैफिक पूलिस के संजय पांडे द्वारा कई दो पहिया वाहनों से अवैध तरीके से वसूली किया जा रहा है किसी से प्रदूषण के नाम पर तो किसी से हेलमेट के नाम पर सहित अन्य वाहनों से संजय पांडे ने अवैध तरीके से वसूली किया।

### सरकारी खजाने से पुलिसकर्मी के वेतन मद में अवैध निकासी का मामला उजागर



**बोकारो** : झारखंड में सरकारी खजाने से वेतन मद में करोड़ों रुपए की अवैध निकासी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बोकारो ट्रेजरी से एक पुलिस सब इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह के वेतन में 20 माह के दौरान 3.15 करोड़ रुपए की निकासी हुई। यह खुलासा प्रधान महालेखाकार चंद्रमौली सिंह द्वारा वित्त सचिव प्रशांत कुमार को भेजी गई गोपनीय रिपोर्ट में हुआ। रिपोर्ट के अनुसार, आमतौर पर एक पुलिस सब इंस्पेक्टर का वेतन करीब 1 लाख रुपए मासिक होता है, लेकिन मई 2024 से दिसंबर 2025 तक उपेंद्र सिंह के वेतन मद से प्रति माह 15 लाख रुपए से अधिक निकाले गए। इस दौरान जीपीएफ मद में केवल 61,668 रुपए की कटौती हुई, जबकि आयकर और टीडीएस मद में कोई कटौती नहीं की गई। सिस्टम में उनके पे लेवल को 7वें सीपीसी के लेवल-18 के बराबर दिखाया गया है, जो संभव नहीं है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ट्रेजरी निरीक्षण और डेटा एनालिसिस के दौरान पेरोल प्रोसेसिंग, पे एंटाइटलमेंट और वैलिडेशन में बड़े पैमाने पर नियंत्रण की कमियाँ पाई गईं।

# भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा करती रही है विश्व का मार्गदर्शन : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार सोमवार को आईआईटी धनबाद की ओर से आयोजित इंवेटिव 2026 के उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन भारत के नवाचार, अनुसंधान और भविष्य की दिशा निर्धारित करने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है, जहां शोध, नवाचार, निवेश और नीति एक साथ आकर देश के विकास को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा सदैव विश्व का मार्गदर्शन करती रही है और आज भी देश नवाचार-आधारित विकास के माध्यम से उस गौरव को पुनः प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जहां विभिन्न क्षेत्रों के नवाचार भारत की बौद्धिक क्षमता का सशक्त परिचय प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों, स्टार्टअप्स, उद्योग जगत एवं निवेशकों की सक्रिय सहभागिता है तथा 150 से अधिक उच्च-क्षमता वाले नवाचार कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वास्थ्य, सेमीकंडक्टर, मटेरियल साइंस एवं पृथ्वी विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रदर्शित किए जा रहे हैं, जो भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को दशार्ते हैं। उन्होंने कहा कि आईआईटी धनबाद अपनी गौरवशाली विरासत के साथ देश के अग्रणी संस्थानों में से एक है तथा नवाचार, अनुसंधान एवं उद्यमिता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि व्यक्तिगत रूप से उनका आईआईटी संस्थानों से विशेष जुड़ाव रहा है, जिसके कारण उन्हें वहां की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुशासन एवं नवाचार संस्कृति को निकट से समझने का अवसर प्राप्त हुआ है।

### पेटरवार जिला बॉर्डर पर माननीय राज्यपाल का डीसी- एसपी ने किया स्वागत



**बोकारो** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार का सोमवार को पेटरवार जिला बॉर्डर पर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ भी उपस्थित रहे। माननीय राज्यपाल बोकारो होते हुए धनबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। जिला सीमा पर पहुंचने पर डीसी एवं एसपी ने उनका अभिवादन करते हुए उनका स्वागत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन दिवसीय योग शिविर का सफल समापन



**पटमदा** : प्रखंड परिसर में तीन दिवसीय योग शिविर का सफल समापन हुआ। प्रखंड अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार दास ने कहा कि सभी के लिए योग करना आवश्यक है और उन्होंने "करे योग, रहे निरोग" का संदेश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए प्रतिदिन योग करने पर जोर दिया। शिविर में योग शिक्षिका बबीता देवी और योग शिक्षक विवेक त्रिपाठी तथा मुकेश कुमार ने प्रशिक्षण दिया। इसमें साधक मनोज शर्मा, साधिका भारती देवी, निशा दत्ता, सरोज देवी, शेफाली दत्ता, राजदुलारी प्रामाणिक, झरना, शिल्पा दत्ता, सुरेश हंसदा, रानी झा, दीक्षा उपाध्याय, अर्पित राज, नक्श राज, सनातन सिंह, परी कुमारी, ताप्ती कुमारी, सीमा कुमारी और चंपा कुमारी सहित कई प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### पति द्वारा पत्नी की निर्मम हत्या, सनसनी फैल गई

**कोडरमा** : जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत तिलैया बस्ती वार्ड नंबर 2 में किराए के मकान में रहने वाले एक सनकी पति द्वारा अपनी पत्नी की निर्मम हत्या करने का एक मामला सामने आया है। मृतका की पहचान गिरिडीह जिले के राजधनवार निवासी 25 वर्षीय प्रीति कुमारी पति पवन स्वर्णकार के रूप में की गई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतका के मामा अनिल स्वर्णकार ने बताया कि प्रीति की शादी पवन से 3 वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज से की गई थी। पवन पेशे से टोटो चालक था। वह प्रीति के साथ झुमरीतिलैया के तिलैया बस्ती वार्ड नंबर 2 में किराए के मकान में रहा करता था। पवन कुछ दिनों से प्रीति के साथ राजधनवार में ही रह रहा था।

## बोकारो इस्पात संयंत्र में आरसीसी सड़क परियोजना का हुआ उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : इस्पात संयंत्र में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, सुरक्षा मानकों में सुधार तथा परिचालन दक्षता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज आरसीसी सड़क परियोजना का उद्घाटन अधिशासी निदेशक अनुप कुमार दत्त द्वारा किया गया। इस परियोजना के अंतर्गत एमएसडीएस-7 एवं इनॉक्स संयंत्र से गेट संख्या 04 तक जाने वाली सड़क को जोड़ने वाले मार्ग का नवनिर्माण किया गया है। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक बिपिन कृष्ण सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक एस. आर. सिंह तथा मुख्य महाप्रबंधक डी. के. सक्सेना की उपस्थिति रही। इनके अतिरिक्त महाप्रबंधक ए. के. अविनाश, महाप्रबंधक सचिन कुमार सिंह, महाप्रबंधक ए. बोस एवं पी. मरंडी सहित सिविल इंजीनियरिंग विभाग के अन्य वरीय अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि एमएसडीएस-7 से गेट संख्या 04 तक का मौजूदा मार्ग गड्ढों और स्लैग जमाव के कारण क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे मानसून के दौरान जलभराव और अत्यधिक धूल की समस्या उत्पन्न होती थी। यह मार्ग भंडार सामग्री, लौह मिश्र धातु, स्क्रैप एवं दुर्दम्य सामग्री के परिवहन के साथ-साथ अग्निशमन और आपातकालीन वाहनों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है। कार्मिकों की सुरक्षा और सामग्री की निर्बाध आवागमन को प्राथमिकता देते हुए इस परियोजना के तहत तीन प्रमुख खंडों का विकास किया गया है।

# दो सूत्री मांग को लेकर भाकपा माले ने थाना का किया घेराव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया** : पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सोमवार को भाकपा माले के दर्जनों समर्थकों ने दो सूत्री मांग को लेकर सरिया थाना का घेराव कार्यक्रम में भाग लिए। जिसे लेकर भाकपा माले के समर्थक सरिया काली मंडा से रैली की शक्ल में सरिया पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए सरिया थाना गेट पर सरिया पुलिस की कार्यशैली का विरोध जताते हुए थाना के मुख्य गेट को जाम कर धरना में बैठ गए। इस दौरान हल्की बारिश भी हुआ लेकिन थाना गेट जाम कर रहे लोग त्रिपाल ओढ कर डटे रहे। इस कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे भाकपा माले नेता भोला मंडल ने कहा कि सरिया के अमनारी में सरिया उप प्रमुख रामदेव यादव के द्वारा गरीब आदमी का जमीन लूटने का कार्य और रैयत द्वारा विरोध किए जाने पर जानलेवा हमला कर कई लोगों को घायल किए जाने से जुड़ा प्राथमिकी दर्ज होने के महीनों बीत जाने के बाद भी उप प्रमुख की गिरफ्तारी सरिया पुलिस के द्वारा नहीं किया जा रहा है। वही मंदरामो पश्चिमी के मुखिया इंद्रा देवी के द्वारा जमीन विवाद में पंचायत के एक बुजुर्ग की पीट पीट कर हत्या कर महीनों से फरार है। लेकिन सरिया पुलिस उनकी गिरफ्तारी नहीं कर इन्हें संरक्षण देने का काम कर रही है। अगर ऐसी घटना देने वाले व्यक्ति को भी सरिया पुलिस संरक्षण देगी तो आम लोगों का कानून व्यवस्था पर से विश्वास उठ जाएगा। वहीं आए दिन सरिया क्षेत्र में पुलिसिया साठ गांठ से जमीन विवाद की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में दोषी पुलिस के खिलाफ कानूनी कार्रवाई एवं विभागीय कार्रवाई की आवश्यकता है। वहीं धरना कार्यक्रम को कई नेताओं ने भी संबोधित किया।


OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
MINOR IRRIGATION DIVISION, LOHARDAGA

e-Procurement Tender Notice

Two Envelope System

Tender Reference No. WRD/MID/LOHARDAGA/
B.D./S.L.I. – 01/2026-27 Date – 06/04/2026

Letter No.................. Lohardaga, Date..................

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of Mukhyamantri Solar Lift Irrigation Scheme at Vill – Juriya, Panchayat – Juriya, Block- Lohardaga, Distt.- Lohardaga. |
| 2. | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 11162400.00 |
| 3. | Cost of Tender document (Rs.) | Rs. 10000.00 (Non Refundable) |
| 4. | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 111700.00 |
| 5. | Time of Completion | 335 Days |
| 6. | Mode of Submission of Tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7. | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date - 23.04.2026 Time 2:00 PM |
| 8. | Last date/Time for downloading of bidding documents and submission of Tender on Website | Date – 30.04.2026 Time 5:00 PM |
| 9. | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date - 23.04.2026 Time 2:00 PM<br>Last Date - 30.04.2026 Time 5:00 PM |
| 10. | Technical Bid Opening Date | Date - 02.05.2026 Time 02:00 PM |
| 11. | Officer inviting Bids | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Lohardaga. |
| 12. | (a) Contact No. of e-Procurement officer<br>(b) E-Mail of Procurement officer | 9801286765<br>Midloh632@gmail.com |
| 10. | Helpline Number of Procurement cell | 7488537740 |

Note: -
- **Only e-Tender will be accepted.**
- Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/MNRE approved channel Partners/MNRE approved manufacturers/MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/company/firm/Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/International Standards)/ any others agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufactures of 10 HP pumps (AC Surface water Pumps) in the department with all accessories for off-grid standalone SPV water Pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders. gov.in

PR 376787
Lohardaga(26-27).D

EXECUTIVE ENGINEER
MINOR IRRGATION DIVISION, LOHARDAGA.




### आखिरकार जिंदगी और मौत की जंग हार गया गुलाब कुमार

# रामनवमी जुलुस की रात्रि चाकूबाजी से हुआ था घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग के दारू में रामनवमी जुलूस के दौरान 27 मार्च को हुई चाकूबाजी की घटना ने अब दुखद मोड़ ले लिया है। इस घटना में गंभीर रूप से घायल हुए गुलाब साव पिता तिलक साव छोटका इरगा निवासी की इलाज के दौरान रांची स्थित मेडिका अस्पताल में मौत हो गई। निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं ग्रामीणों में भारी आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। बताया जाता है कि रामनवमी के अवसर पर निकाले जा रहे जुलूस के दौरान किसी बात को लेकर कुछ स्थानीय युवकों के साथ अचानक विवाद हो गया, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। इसी दौरान गुलाब साव पर चाकू से हमला कर दिया गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया था। रिम्स अस्पताल में कई दिनों तक चले इलाज के बावजूद डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। उनकी मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, माहौल गमगीन हो गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घर में चीख-पुकार मची हुई है और हर आंख नम है। गुलाब कि वर्ष 2023 मे विवाह हुआ था और उनकी एक ढाई साल कि बेटी है। गुलाब पिछले घायल होने के बाद करीब नौ दिनों तक जिंदगी और मौत से लड़ते रहा पर आखिर मे वो जिंदगी कि जंग हार गया और रविवार कि रात्रि करीब आठ बजे उसने आखरी सांस लिया। गुलाब के पेट मे चाकू लगने से गंभीर चोट लगी थी जिसका रिम्स रांची मे ऑपरेशन किया गया जहां उसकी स्थिति खराब होते चली गई। शनिवार को डॉक्टरो ने किसी और अस्पताल ले जाने का सलाह दिया जहां से उसे मेडिका अस्पताल परिजन ले गये।

### इस्पात संयंत्र में दो दिवसीय 'सेफ्टी सर्कल प्रतियोगिता' का हुआ आयोजन

**बोकारो** : इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन ज्ञानार्जन एवं विकास तथा सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय 'सेफ्टी सर्कल प्रतियोगिता' का सफल आयोजन सोमवार को प्रारम्भ किया गया तथा मंगलवार को कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य संयंत्र के कार्मिकों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कार्यस्थल पर उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना था। आयोजन के दौरान विभिन्न विभागों की कुल 22 टीमों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी टीमों ने अपने-अपने कार्य क्षेत्रों से संबंधित सुरक्षा विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान टीमों द्वारा कई नवाचारपूर्ण सुझाव भी साझा किए गए, जिनका उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा संभावित जोखिमों को न्यूनतम करना है। प्रबंधन द्वारा सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की गई और उन्हें सुरक्षा के प्रति निरंतर सजग रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# भाग दौड़ की जिंदगी में स्वास्थ्य का ध्यान रखना जरूरी : डॉ नीरज चन्द्रा

- मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया स्वास्थ्य शिविर 56 लोगों की हुई जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**झुमरी तिलैया** : मारवाड़ी युवा मंच झुमरी तिलैया शाखा सोमवार की सुबह झंडा चौक के निकट ओवर ब्रिज पर विश्व स्वास्थ्य दिवस को ले निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। यह अवसर पर डॉ नीरज चन्द्रा ने कहा कि आज की भाग दौड़ जिंदगी में स्वस्थ रहना जरूरी है और समय समय पर रक्त जांच और मधुमेह की जाँच कराने की जरूरत है । स्वस्थ रहने के लिए फास्ट फूड से बचें अभी गर्मी का समय आ गया है ऐसे में ताजा फलों के जूस का सेवन करे । मंच के अध्यक्ष मोहित संघई ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच अपने कार्यो से जाना जाता है। आज युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति के रूप में है और मंच के एक एक सदस्य जिस तरह से कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भागीदारी निभा रहे है वो अद्भुत है। प्रांतीय संयोजक सौरव पचीसिया सचिव अतुल खेतान उपाध्यक्ष प्रतीक संघई और परियोजना निदेशक पूर्व अध्यक्ष आशीष शर्मा ,रोहित संघई,प्रतीक जैन ने कहा की मंच कई कार्यक्रम समय समय पर आयोजित करती है इसमे गौ सेवा,बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, अमृत धारा, कन्या भ्रूण संरक्षण, स्वास्थ्य शिविर जैसे कार्यक्रम हर माह आयोजित करेगी तथा स्वच्छता अभियान को भी गति देने का कार्य करेगी अर्जुन संघई, अरविन्द चौधरी आईपीपी राहुल जैन, पूर्व अध्यक्ष रितेश दुग्गड़, कोषाध्यक्ष महावीर खेतान, पीयूष भोजगडिया, विकाश जैन, संजय ठोल्या, अजय शर्मा, शिवेश पचीसिया, शशि सेठी, प्रदीप हिसारिया, आकाश जैन तकनीशियन मनोज सिंह और संतोष यादव उपस्थित थे ।


Government of Jharkhand
Drinking Water & Sanitation Division, Ramgarh
Email Id:- eedwsd.ramgarh@gmail.com

Very Urgent Tender Notice (1st call)

Tender Reference No.&DWSD/RGH-03/2026-27 Date- 04.04.2026

| क्र. | कार्य का नाम | नलकूपों की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Ramgarh in Ramgarh, Dulmi, Chiatrpur Block Under Drinking Water and Sanitation Division Ramgarh up to to 30.09.2026 Major = 270 Minor = 180 Total 450 Nos<br>RM to DT-<br>(Major repair-60%=270):-@ Rs 930.00 Each<br>(Minor Repair-40% =180):-@ Rs 465.00 Each<br>Total (1+2 – 100%):- | 450 Nos | RMG/ RM TO DT/ GR- No.-1 | 3.34849 | 6700.00 | 750.00 | 30.09.26 |
| 2 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Ramgarh in Mandu Block Under Drinking Water and Sanitation Division Ramgarh up to to 30.09.2026 Major = 270 Minor = 180 Total 450 Nos<br>RM to DT-<br>(Major repair-60%=270):-@ Rs 930.00 Each<br>(Minor Repair-40% =180):-@ Rs 465.00 Each<br>Total (1+2 – 100%):- | 450 Nos | RMG/ RM TO DT/ GR- No.-2 | 3.34849 | 6700.00 | 750.00 | 30.09.26 |
| 3 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Ramgarh in Patratu Block Under Drinking Water and Sanitation Division Ramgarh up to to 30.09.2026 Major = 270 Minor = 180 Total 450 Nos<br>RM to DT-<br>(Major repair-60%=270):-@ Rs 930.00 Each<br>(Minor Repair-40% =180):-@ Rs 465.00 Each<br>Total (1+2 – 100%):- | 450 Nos | RMG/ RM TO DT/ GR- No.-3 | 3.34849 | 6700.00 | 750.00 | 30.09.26 |
| 4 | Supplying labour, vehicle with fuel & lubricants with all tools & plants for the repair & maintenance of drilled tube wells in the rural areas of District Ramgarh in GOLA Block Under Drinking Water and Sanitation Division Ramgarh up to to 30.09.2026 Major = 270 Minor = 180 Total 450 Nos<br>RM to DT-<br>(Major repair-60%=270):-@ Rs 930.00 Each<br>(Minor Repair-40% =180):-@ Rs 465.00 Each<br>Total (1+2 – 100%):- | 450 Nos | RMG/ RM TO DT/ GR- No.-4 | 3.34849 | 6700.00 | 750.00 | 30.09.26 |
| a | Date of Publication Tender | 05.04.2026 upto 11:00 A.M. | | | | | |
| b | Date & Time for Sale of Tender Doc. | 06.04.2026/11:00 A.M. to 13.04.2026 up to 02:00 PM | | | | | |
| c | Last date /Time for receipt Earnest Money & Cost of BOQ & Tender Doc. (Hard Copy) | 15.04.2026/ up to 04:00 PM | | | | | |
| d | Place for receiving tender fee & EMD (Hard Copy) | Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Ramgarh. | | | | | |
| e | Date of Opening of Tender | 16.04.2026/ 11:00 AM | | | | | |
| f | Place of Opening Tender | Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Ramgarh. | | | | | |
| g | Name & Address of Tender inviting Authority | Executive Engineer, D.W. & S. Division, Ramgarh | | | | | |
| h | Contact No. of Procurement Office | 06553-223193 | | | | | |

नोट :– स्वीकृति की प्रत्याशा में निविदा आमंत्रित की गई है। स्वीकृती उपरांत प्राक्कलित राशि घट या बढ सकती है।
विस्तृत जानकारी प्रमंडलीय कार्यालय के सूचना पट्ट/प्रमंडलीय कार्यालय अथवा वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है।

–:: जल ही जीवन है ::–

कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल रामगढ़।

PR.NO.376762 Drinking Water and Sanitation(26-27):D

## युद्ध अब सिर्फ युद्ध नहीं रहे!

कभी युद्ध का अर्थ सीधा था—दो सेनाएँ, दो सीमाएँ और बीच में धूल, धुआँ, बारूद। तलवारें टकराती थीं तो आवाज दूर तक जाती थी। किसी नगर पर धावा होता था तो आकाश तक उसकी खबर पहुँचती थी। युद्ध दिखता था, सुनाई देता था और उससे डरना भी आसान था। अब युद्ध ने अपनी देह बदल ली है। उसने अपने हथियार छिपा लिए हैं और अपना चेहरा धोकर भीड़ में खड़ा हो गया है। अब वह घोषणा नहीं करता, धीरे-धीरे भीतर उतरता है, जैसे कोई आदत, जैसे कोई विश्वास। अब युद्ध सिर्फ सीमाओं पर नहीं होते। वे हमारे हाथों में पकड़े छोटे-से यंत्र में भी चलते रहते हैं। हम उसे फोन कहते हैं, वह हमें दुनिया से जोड़ता है लेकिन उसी के भीतर एक और दुनिया है जहाँ शब्द हथियार बन जाते हैं, सूचना एक रणनीति हो जाती है और सच, किसी सॉफ़्टवेयर की तरह संपादित किया जा सकता है। यह एक ऐसा युद्ध है जिसमें गोली नहीं चलती पर एक अफवाह लाखों मनों को घायल कर देती है। यहाँ सैनिक नहीं दिखते पर स्क्रीन के पीछे बैठे लोग अदृश्य मोर्चे पर लगे होते हैं। यह युद्ध शोर नहीं करता पर धीरे-धीरे हमारी समझ को बदल देता है, हमारे निर्णयों को मोड़ देता है और हमें यह भी नहीं पता चलता कि हम कब एक विचार के पक्ष या विपक्ष में खड़े कर दिए गए। आर्थिक युद्ध की प्रकृति भी उतनी ही विचित्र है। इसमें बम नहीं गिरते पर अर्थव्यवस्थाएँ ढह जाती हैं। मुद्रा का मूल्य एक अदृश्य आक्रमण का शिकार हो जाता है, व्यापारिक प्रतिबंध एक नए तरह की नाकेबंदी बन जाते हैं। किसी देश को हराने के लिए अब उसके शहरों को जलाना आवश्यक नहीं, उसके बाजारों को रोक देना ही पर्याप्त है। यह युद्ध इतना संयमित दिखाई देता है कि उसमें हिंसा की पहचान करना कठिन हो जाता है पर उसकी मार उतनी ही गहरी होती है—बेरोजगारी के रूप में, महँगाई के रूप में, और उस अदृश्य भय के रूप में जो धीरे-धीरे लोगों के भीतर घर कर जाता है। सांस्कृतिक युद्ध और भी सूक्ष्म है। यह हमारी भाषा में प्रवेश करता है, हमारे स्वाद को बदलता है, हमारी स्मृतियों को पुनर्लेखित करता है। यह हमें हमारे ही अतीत से थोड़ा-थोड़ा दूर करता है और एक नए वर्तमान में ढालता है जहाँ हम अपने ही प्रतीकों को पहचानने में हिचकने लगते हैं। यह युद्ध किसी सेना के साथ नहीं आता बल्कि गीतों, फिल्मों, विज्ञापनों, और जीवन-शैली के रूप में फैलता है। हम इसे अपनाते हैं, कभी स्वेच्छा से, कभी अनजाने में और धीरे-धीरे यह हमारी पहचान का हिस्सा बन जाता है। यह जीत इतनी शांत होती है कि पराजय का बोध भी नहीं होता। इन तीनों रूपों में एक समानता है—ये युद्ध हमें सीधे घायल नहीं करते, बल्कि हमें बदलते हैं। वे हमारी दृष्टि को प्रभावित करते हैं, हमारी प्राथमिकताओं को पुनर्गठित करते हैं और हमारी संवेदनाओं को नई दिशा देते हैं। पहले युद्ध में शत्रु स्पष्ट होता था; अब वह धुंधला है। पहले युद्ध का अंत होता था—विजय या पराजय के साथ; अब इन युद्धों का कोई स्पष्ट अंत नहीं। वे चलते रहते हैं, हमारे जीवन के साथ-साथ, हमारी दिनचर्या के भीतर, हमारे विचारों के पीछे। इस बदलते हुए युद्ध-परिदृश्य में मनुष्य की स्थिति भी बदल गई है। वह अब सिर्फ एक नागरिक नहीं, एक उपभोक्ता भी है, एक उपयोगकर्ता भी और कई बार अनजाने में एक सहभागी भी। वह उन सूचनाओं को साझा करता है जो किसी और के लिए हथियार बन सकती हैं। वह उन उत्पादों को खरीदता है जो किसी अर्थव्यवस्था को सशक्त या कमजोर कर सकते हैं। वह उन सांस्कृतिक प्रतीकों को अपनाता है जो किसी पहचान को मजबूत या क्षीण कर सकते हैं। इस प्रकार, वह स्वयं इस युद्ध का एक हिस्सा बन जाता है, बिना किसी औपचारिक घोषणा के। यह स्थिति एक अजीब-सी नैतिक उलझन भी पैदा करती है। जब युद्ध दिखाई नहीं देता, तब उसका विरोध कैसे किया जाए? जब शत्रु स्पष्ट नहीं, तब प्रतिरोध किसके विरुद्ध हो? जब हर सूचना संदिग्ध हो, तब सत्य की पहचान कैसे की जाए? ये प्रश्न हमारे समय के सबसे कठिन प्रश्नों में से हैं। इनका कोई सरल उत्तर नहीं, क्योंकि ये युद्ध सरल नहीं हैं। फिर भी, इस जटिलता के बीच एक बात स्पष्ट होती है—कि युद्ध का केंद्र अब बाहरी नहीं, भीतरी हो गया है। यह हमारे भीतर घटित होता है।

### सूडोकु नवताल- 7757

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7756 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# खरगे प्रसंग : तब ऐसी अशिक्षा क्या बुरी है!

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केरल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गुजरात के लोगों को लेकर कहा है कि वहां के लोग 'अशिक्षित' हैं, इसलिए वहां के लोगों को पीएम मोदी आसानी से गुमराह कर सकते हैं, लेकिन केरल के लोग ज्यादा समझदार और शिक्षित हैं, इसलिए उन्हें कोई भ्रमित नहीं कर सकता। निश्चित ही यह कहकर खरगे ने न सिर्फ गुजरात के लोगों का, बल्कि उन सभी राज्यों में निवासरत भारतवासियों का अपमान किया है, जहां भी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है।

देश में वर्तमान स्थिति के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी और उसके नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का भारतीय राजनीति में व्यापक विस्तार है। भाजपा सीधे तौर पर या गठबंधन के माध्यम से देश के 21 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में सत्ता में है। एक तरह से देखें तो उत्तर भारत (हिंदी हृदयस्थल), पश्चिम भारत और उत्तर-पूर्व भारत के अधिकांश हिस्से में भाजपा का सीधा प्रभाव है, जबकि आंध्र प्रदेश और बिहार, महाराष्ट्र, पूवोत्तर के महत्वपूर्ण राज्यों में यह बड़े क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मजबूती से जुड़ी हुई है। यह भी एक तथ्य है कि भाजपा और उसके सहयोगियों वाले राज्य भारत की लगभग 60 फीसद से अधिक जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करते हैं और देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 58 से 62 प्रतिशत से अधिक हिस्सा उन राज्यों में आता है जहाँ कि आज भाजपा या एनडीए की सरकारें हैं।

अब इस दिए गए खरगे के बयान के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा है कि "कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी द्वारा गुजरात के लोगों के संदर्भ में दिए गए बयान अत्यंत आपत्तिजनक और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इस प्रकार की टिप्पणी न केवल 6 करोड़ गुजरातवासियों का अपमान है, बल्कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल की पावन धरती की गरिमा को भी ठेस पहुंचाती है।" गुजरात ने हमेशा राष्ट्र निर्माण, विकास और एकता में अग्रणी भूमिका निभाई है और आगे भी करता रहेगा। ऐसे बयान कांग्रेस की संकीर्ण सोच को दशार्ते हैं। यह टिप्पणी स्पष्ट करती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की विकास की राजनीति और उसे मिल रहे व्यापक जनसमर्थन से कांग्रेस कितना असहज और असुरक्षित महसूस कर रही है।

मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की तरह ही अन्य विरोध के स्वर भी सामने आए हैं, जिन्होंने सीधे तौर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान को सिरे से नकारते हुए इसे अनुचित एवं देश के आमनागरिकों का अपमान बताया है। कभी-कभी लगता है कि पिछले 11 सालों से अधिक समय से केंद्रीय सत्ता से दूर रहने के बाद भी शायद कांग्रेस समझना नहीं चाहती! यदि वास्तव में देश की जनता के मर्म को समझती तो इस तरह के संकुचित और स्वयं से भड़ास केंद्रित बयान कम से कम कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तो नहीं देते। फिर इस बयान के संदर्भ में एक दूसरा दृष्टिकोण भी है, वह यह कि यदि गुजरात के लोग अशिक्षित भी हैं तो क्या बुरा है? वे जीवन का सत्य तो गहराई से पहचानते हैं! यदि खरगे केरल से गुजरात की तुलना कर भी रहे हैं तो देखें कि दोनों ही राज्य आज कहां खड़े हुए हैं। वस्तुतः भारत के विकास परिदृश्य में केरल और गुजरात दो ऐसे राज्य हैं, जो भिन्न विकास मॉडलों का प्रतिनिधित्व करते हैं। केरल को जहाँ सामाजिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और मानव विकास सूचकांक के लिए जाना जाता है, वहीं गुजरात आर्थिक वृद्धि, औद्योगिकीकरण और निवेश के क्षेत्र में अग्रणी है। तुलनात्मक अध्ययन से ध्यान में आता है कि कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में गुजरात आगे है।

अध्ययन जनसंख्या से आरंभ करते हैं; गुजरात की जनसंख्या लगभग 7.3 से 7.5 करोड़ है, जो केरल की लगभग 3.5 करोड़ जनसंख्या से दोगुनी से अधिक है। सामान्यतः यह अपेक्षा की जाती है कि अधिक जनसंख्या वाले राज्य में संसाधनों पर दबाव अधिक होगा, बेरोजगारी और अपराध जैसी समस्याएँ अधिक होंगी, किंतु वास्तविकता इसके विपरीत दिखाई देती है। गुजरात, अपनी बड़ी जनसंख्या के बावजूद, रोजगार सृजन, औद्योगिक विस्तार और आर्थिक अवसरों के माध्यम से इन चुनौतियों को नियंत्रित करने में सफल रहा है। इसके विपरीत, केरल में कम जनसंख्या होने के बावजूद बेरोजगारी दर अधिक है।

यहां बेरोजगारी दर 2025-26 में लगभग 7-8 फीसद के आसपास है। इसके विपरीत, गुजरात में बेरोजगारी दर मात्र 2-3 प्रतिशत है, जोकि देश में सबसे कम में से एक है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि केवल शिक्षा दर उच्च होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि आर्थिक संरचना और रोजगार सृजन की क्षमता अधिक महत्वपूर्ण है, जिसमें कि गुजरात आगे है। केरल की साक्षरता दर लगभग 96 फीसद है, जबकि गुजरात की 80-85 फीसद के बीच है, किन्तु इस उपलब्धि के बावजूद, यह प्रश्न महत्वपूर्ण है कि क्या शिक्षा की ये उपलब्धि आर्थिक अवसरों में परिवर्तित हो रही हैं? उच्च शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी इस बात का संकेत देती है कि केरल की सामाजिक प्रगति आर्थिक संरचना से पूरी तरह जुड़ नहीं पाई है।इसके विपरीत, गुजरात ने शिक्षा में अपेक्षाकृत कम प्रदर्शन के बावजूद आर्थिक अवसरों का विस्तार कर संतुलन स्थापित किया है।

आर्थिक दृष्टि से गुजरात का प्रदर्शन अत्यंत प्रभावशाली रहा है। 2025-26 में गुजरात का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) लगभग ₹29-30 लाख करोड़ के आसपास पहुँच चुका है, जबकि केरल का जीएसडीपी लगभग ₹14-15 लाख करोड़ है। विदेशी निवेश (एफडीआई) के मामले में भी गुजरात लगातार शीर्ष राज्यों में बना हुआ है। 2025 तक यह राज्य अरबों डॉलर का निवेश आकर्षित कर चुका है। गुजरात की सबसे बड़ी ताकत उसका औद्योगिक आधार है। पेट्रोकेमिकल, फार्मा, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल और बंदरगाह आधारित उद्योगों ने इसे भारत का औद्योगिक केंद्र बना दिया है। कहना होगा कि किसी भी राज्य में उसकी समग्र सफलता के लिए दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता और विकास के लिए औद्योगिक आधार अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस क्षेत्र में गुजरात की बढ़त निर्णायक है। प्रति व्यक्ति आय के स्तर पर दोनों राज्य लगभग समान दिखाई देते हैं, किंतु वृद्धि दर और औद्योगिक योगदान के मामले में गुजरात आगे है। गुजरात की अर्थव्यवस्था में उद्योगों का योगदान 50 फीसद से अधिक है, जबकि केरल में सेवा क्षेत्र प्रमुख है। यहां के लोग अधिकांश राज्य से बाहर जाकर धन अर्जित करते हैं, जबकि गुजराती अपने लिए तो धनार्जन करते ही हैं,वह दूसरों को भी बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराते हैं। यही कारण है जो आज गुजरात भारत के कुल निर्यात का लगभग 25-27 प्रतिशत योगदान देता है। इस प्रकार, आर्थिक विस्तार और उत्पादन क्षमता के मामले में गुजरात स्पष्ट रूप से केरल से बहुत आगे है।

एक और महत्वपूर्ण पहलू अपराध दर है। केरल में प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध दर अधिक दर्ज की गई है, जबकि गुजरात में यह अपेक्षाकृत कम है। गुजरात में अपेक्षाकृत कम अपराध दर आज यह दशार्ती है कि आर्थिक अवसर और रोजगार सामाजिक स्थिरता में योगदान देते हैं। वहीं, गुजरात ने सड़क, बिजली, बंदरगाह और औद्योगिक कॉरिडोर के विकास में उल्लेखनीय प्रगति की है। यह राज्य "ईज ऑफ डूइंग बिजनेस" में लगातार शीर्ष पर रहा है, जिससे निवेश आकर्षित हुआ है। केरल में स्वास्थ्य और शिक्षा का बुनियादी ढांचा मजबूत है, लेकिन भौतिक इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक सुविधाओं में अपेक्षाकृत कमी है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आर्थिक विकास के लिए भौतिक इंफ्रास्ट्रक्चर अत्यंत आवश्यक है, जिसमें गुजरात आगे है।

आज गुजरात में राजस्व अधिशेष और नियंत्रित ऋण स्तर देखने को मिलता है। इसके विपरीत, केरल उच्च राजस्व घाटे और बढ़ते ऋण से जूझ रहा है। विशेष रूप से यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि अधिक जनसंख्या और संसाधन दबाव के बावजूद गुजरात ने बेरोजगारी, अपराध और आर्थिक विकास जैसे क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन किया है। इसके बाद भी आश्चर्य होता है कि देश में लम्बे समय तक शासन में रही पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष गुजरात की सफलता को नकारता है, वहां के लोगों को अशिक्षित कहता है!निश्चित तौर पर यह कांग्रेस की छोटी सोच को दशार्ने वाला बयान है, जिसकी जितनी भी आलोचना होगी वह कम ही है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# बंगाल की अस्मिता को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाना चाहती हैं ममता

**अजय कुमार**

पश्चिम बंगाल की चुनावी जमीन पर तनाव भरा माहौल छाया हुआ है। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली ममता बनर्जी अपनी कुर्सी बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी सत्ता हासिल करने के सपने बुन रही है। इस बार की लड़ाई 2021 वाली जंग से बिल्कुल अलग नजर आ रही है। पहले के चुनावों में हिंसा का तांडव देखने को मिला था, जहां दंगाइयों को खुला संरक्षण मिला। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। कानून की सख्ती ने उपद्रवियों की हिम्मत तोड़ दी है। अर्धसैनिक बलों के जवान हर कोने में मुस्तैद हैं, जो किसी भी तरह की गुंडागर्दी को कुचलने को तैयार हैं। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। इन बदलावों से ममता बनर्जी का गुस्सा भड़क उठा है। वे खुद को पीड़ित साबित करने की कोशिश कर रही हैं, जो उनकी पुरानी चाल है।

चुनावी जंग की शुरूआत होते ही पश्चिम बंगाल की सड़कों पर उत्तेजना का माहौल बन गया। 2021 में जो दृश्य देखे गए थे, वे भयानक थे। तब तृणमूल के कार्यकर्ताओं ने हिंसा का सहारा लिया। रामनवमी के जुलूस पर हमले हुए, घरों को आग लगाई गई, और निर्दोष लोगों को निशाना बनाया गया। पुलिस ने आंखें मूंद लीं। लेकिन इस बार सब कुछ अलग है। केंद्र सरकार ने अर्धसैनिक बलों को भारी संख्या में तैनात किया। ये जवान सीधी कार्रवाई करने से नहीं हिचकते। कोलकाता के एक इलाके में जब गुंडों ने मतदान केंद्र के पास उपद्रव मचाने की कोशिश की, तो जवानों ने तुरंत लाठियां भांजीं। पांच उपद्रवी घायल हो गए और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इससे आसपास का इलाका शांत हो गया। एक अन्य घटना में दक्षिण 24 परगना जिले के एक गांव में तृणमूल समर्थकों ने भाजपा कार्यकताओं को घेर लिया। लेकिन अर्धसैनिक बल ने फटाक से हस्तक्षेप किया। हवा में गोली चलाई गई और गुंडे भाग खड़े हुए। इन उदाहरणों से साफ है कि कानून अब किसी की सुनता नहीं।

ममता बनर्जी को ये सख्ती रास नहीं आ रही। वे हर मौके पर चिल्ला रही हैं कि केंद्र चुनाव में दखल दे रहा है। एक रैली में उन्होंने रोते हुए कहा कि उनके राज्य पर हमला हो रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि अर्धसैनिक बल निष्पक्ष तरीके से काम कर रहे हैं। वे तृणमूल के गुंडों पर भी उतनी ही सख्ती दिखा रहे हैं जितनी किसी और पर। उदाहरण के तौर पर हावड़ा में एक तृणमूल नेता ने पुलिस अधिकारी को धमकाया। अधिकारी ने शिकायत की, तो अर्धसैनिक बल ने उस नेता को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। ममता ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया। वे कहती हैं कि उनके कार्यकताओं को निशाना बनाया जा रहा है। लेकिन आंकड़े कुछ और कहते हैं। चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में दर्ज है कि इस बार हिंसा की घटनाएं 2021 के मुकाबले 70 प्रतिशत कम हुई हैं। मतदान केंद्रों पर कोई बड़ा उपद्रव नहीं हुआ। यह सब अर्धसैनिक बल की मौजूदगी का नतीजा है।

चुनाव आयोग भी पीछे नहीं हट रहा। आयोग ने हर जिले में विशेष टीम गठित की हैं। ये टीमें रात-दिन गश्त कर रही हैं। एक बार उत्तर दिनाजपुर में एक जज को तृणमूल कार्यकताओं ने घेर लिया। जज निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी कर रहे थे। कार्यकर्ता चिल्ला रहे थे कि जज पक्षपाती हैं। लेकिन अर्धसैनिक बल ने तुरंत पहुंचकर जज को सुरक्षित निकाला और आठ लोगों को पकड़ लिया। जज ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि अगर ये जवान न होते, तो हालात बिगड़ जाते। इसी तरह मालदा में एक पुलिस अधिकारी को धमकी मिली। अधिकारी मतपेटियों की गिनती करवा रहे थे। गुंडों ने उन्हें घेरा, लेकिन जवानों ने डंडों की बौछार कर दी। तीन गुंडे अस्पताल पहुंचे। ये उदाहरण बताते हैं कि अब कानून का राज है। जज और अधिकारी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पहले वे डरते थे, अब वे बेधड़क काम कर पा रहे हैं।

ममता बनर्जी इस स्थिति से तिलमिला रही हैं। उनका पारा चढ़ा हुआ है। वे हर सभा में केंद्र को कोसती हैं। कहती हैं कि दिल्ली वाले उनके राज्य को बर्बाद कर देंगे। लेकिन उनकी यह चाल उल्टी पड़ रही है। जनता अब उनकी नाटकबाजी समझ रही है। विक्टिम कार्ड खेलने का उनका तरीका पुराना है। 2021 में भी उन्होंने यही किया था। तब हिंसा के बाद वे रो-रोकर टीवी पर आईं और खुद को मां बताते हुए वोट मांगे। कहा कि बेटे को बचाओ। इस बार भी वही फॉमूर्ला अपना रही हैं। कोलकाता की एक सभा में वे घुटने मोड़कर बैठ गईं। आंसू बहाते हुए बोलीं कि उन्हें कुर्सी से हटाने की साजिश चल रही है। उनके समर्थक चिल्लाने लगे। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता हंस पड़े। सोशल मीडिया पर उनके वीडियो वायरल हो गए। लोग कह रहे हैं कि यह नौटंकी है। एक और उदाहरण लीजिए। जब अर्धसैनिक बल ने उनके एक विधायक को पकड़ा, तो ममता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। कहा कि विधायक निर्दोष हैं, उन पर झूठा केस बनाया गया। लेकिन जांच में पता चला कि विधायक ने ही हिंसा भड़काई थी। आयोग ने उसे अयोग्य घोषित कर दिया। ममता ने फिर विक्टिम बनने की कोशिश की। कहा कि न्याय व्यवस्था उनके खिलाफ है।

इसके अलावा ममता भक्तों को भड़काने से नहीं चूक रही हैं। वे कहती हैं कि बंगाल की बेटी पर अत्याचार हो रहा है। लेकिन जनता जाग चुकी है। 2021 में वे सफल रहीं क्योंकि हिंसा का डर था। अब डर खत्म हो गया। अर्धसैनिक बल ने गुंडों की कमर तोड़ दी। एक सर्वे में सामने आया कि 60 प्रतिशत मतदाता शांतिपूर्ण चुनाव से खुश हैं। वे ममता की गुंडागर्दी से तंग आ चुके हैं। उदाहरण स्वरूप, आसनसोल में एक महिला मतदाता ने कहा कि पहले डर लगता था, अब बेझिझक वोट दे सकी। इसी तरह पुरुलिया के एक युवक ने बताया कि उसके भाई को 2021 में पीटा गया था। इस बार सब शांत रहा। ये बदलाव ममता के लिए खतरे की घंटी हैं। उनका विक्टिम कार्ड अब फेल हो रहा है। वे खुद को पीड़ित बताकर वोट बटोरना चाहती हैं, लेकिन लोग सच्चाई जान चुके हैं।

चुनावी माहौल में और भी रोचक घटनाएं घटीं। बांकुरा जिले में तृणमूल ने फर्जी वोटिंग की कोशिश की। लेकिन चुनाव आयोग की टीम ने पकड़ लिया। अर्धसैनिक बल ने मौके पर छापा मारा। 20 लोग गिरफ्तार हुए। ममता ने इसे साजिश कहा। लेकिन सबूतों ने उन्हें झूठा साबित कर दिया। हुगली में एक जज को धमकी भरा फोन आया। जज ने आयोग को सूचना दी। जवानों ने फोन करने वाले को ट्रेस कर पकड़ लिया। वह तृणमूल का स्थानीय नेता निकला। ममता ने चुप्पी साध ली। इन घटनाओं से साफ है कि सख्ती काम कर रही है। उपद्रव करने वालों को सबक मिल रहा है। जज और अधिकारी अब बिना डरे काम कर रहे हैं।

ममता का विक्टिम कार्ड खेलने का तरीका बहुत साफ है। वे हर घटना को अपने खिलाफ साजिश बताती हैं। रोना-धोना शुरू कर देती हैं। समर्थकों को उकसाती हैं। कहती हैं कि बंगाल की अस्मिता खतरे में है। लेकिन इस बार यह चाल चल नहीं रही। जनता देख रही है कि अर्धसैनिक बल ने कैसे शांति लाई। 2021 के दंगों की यादें ताजा हैं। लोग हिंसा से त्रस्त थे। अब वे शांत चुनाव चाहते हैं। ममता का गुस्सा इसी से भड़कता है। वे जानती हैं कि सत्ता खिसक रही है। भाजपा का माहौल मजबूत हो गया है। कार्यकर्ता बिना डर के प्रचार कर रहे हैं। कुल मिलाकर पश्चिम बंगाल की यह चुनावी जंग लोकतंत्र की जीत बन रही है। अर्धसैनिक बल और चुनाव आयोग की सख्ती ने हिंसा को जड़ से उखाड़ फेंका। ममता बनर्जी का विक्टिम कार्ड फेल हो गया। उदाहरण गिनाने को तो बहुत हैं। हर जिले से ऐसी कहानियां आ रही हैं। जनता अब सच्चाई चुन रही है। यह बदलाव ऐतिहासिक है। बंगाल की धरती पर शांति का राज कायम हो रहा है।

# बीजेपी के स्थापना दिवस पर दिल्ली से लखनऊ तक भगवामय

**संजय सक्सेना**

बीजेपी के स्थापना दिवस ने पूरे देश और प्रदेश को भगवा रंग में रंग दिया। 6 अप्रैल को मनाए गए इस खास अवसर पर दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश के कोने-कोने तक भाजपाइयों का उत्साह सड़कों पर उतर आया। मंचों पर भाषणों की गूंज सुनाई दी, कार्यकताओं के नारे हवा में गूंजे और भगवा झंडियां लहराईं। यह दिन सिर्फ पार्टी का जश्न था, बल्कि आने वाले समय के लिए एक नई ऊर्जा का संचार करने वाला पल साबित हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे दिग्गजों की मौजूदगी ने इस उत्सव को और भव्य बना दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित एक विशाल चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के 47 वर्षों के सफर को बारीकी से बयान किया। उन्होंने बताया कि कैसे पार्टी ने शुरूआती दिनों में किन-किन चुनौतियों का सामना किया। इंदिरा गांधी के आपातकाल के दौर में जब लोकतंत्र कुचला जा रहा था, तब भाजपा के संस्थापकों ने अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी और अन्य नेताओं के नेतृत्व में संघर्ष की राह चुनी। मोदी ने कहा कि आपातकाल के बाद 1980 में स्थापित हुई भाजपा ने कभी समझौता नहीं किया। वे बोले कि पार्टी ने हमेशा राष्ट्रवाद, राम मंदिर निर्माण और एकात्म मानववाद जैसे सिद्धांतों पर डटी रही। चुनौतियों में आर्थिक संकट, राजनीतिक अस्थिरता और कांग्रेस की एकछत्र सत्ता शामिल थी। लेकिन भाजपा ने जनता के बीच जाकर अपनी बात रखी। मोदी ने पुराने नेताओं के किस्से सुनाए। उन्होंने अटल जी की कविता और वाक्पटुता का जिक्र किया, जो सदन में विपक्ष को चुप करा देती थी। आडवाणी जी की राम रथ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि इस यात्रा ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया। इन किस्सों से कार्यकर्ताओं में जोश भर गया।

मोदी ने कांग्रेस के पतन के कारणों पर भी रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने नेहरू युग से ही परिवारवाद को बढ़ावा दिया। इंदिरा गांधी के समय आपातकाल ने लोकतंत्र को कुचल दिया, जिससे जनता का भरोसा टूटा। राजीव गांधी के दौर में बोफोर्स घोटाले ने भ्रष्टाचार की पोल खोल दी। उसके बाद पीवी नरसिम्हा राव और फिर सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकारों में महंगाई, भ्रष्टाचार और आतंकवाद ने देश को जकड़ लिया। 2जी, कोलगेट और कमलनाथ जैसे घोटालों ने कांग्रेस को बदनाम कर दिया। मोदी ने तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने वादे तो किए, लेकिन पूरा करने की बजाय देश को कर्ज के बोझ तले दबा दिया। दूसरी तरफ भाजपा का उभार इन कमियों को भरने वाला साबित हुआ। 1998 में अटल जी की सरकार ने पोखरण परमाणु परीक्षण कर देश को मजबूत बनाया। 2014 में मोदी सरकार ने विकास, डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसे कदम उठाए। आज भाजपा सत्ता में है और देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी बन चुकी है।उत्तर प्रदेश में इस स्थापना दिवस का रंग कुछ और ही था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कई जिलों में कार्यक्रमों में शिरकत की। लखनऊ के भाजपा मुख्यालय से लेकर वाराणसी तक सभाओं में उनकी उपस्थिति ने कार्यकताओं का हौसला बढ़ाया। योगी ने कहा कि प्रदेश में बुलडोजर कार्रवाई से माफिया खत्म हुए और कानून का राज स्थापित हुआ। उन्होंने 2027 विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कार्यकताओं से कहा कि भाजपा फिर से पूर्ण बहुमत हासिल करेगी। योगी ने मोदी जी के भाषण का हवाला देते हुए बताया कि पार्टी ने गरीबी उन्मूलन, किसान कल्याण और महिला सशक्तिकरण पर जो काम किया, वह जनता भूलेगी नहीं। लखनऊ में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में हजारों कार्यकर्ता जुटे। भगवा पटके लपेटे युवा नारे लगा रहे थे। योगी ने पुराने नेताओं को याद किया और कहा कि उनकी कुर्बानियां आज फलीभूत हो रही हैं।

देशभर में स्थापना दिवस के जश्न का अलग-अलग रूप दिखा। दिल्ली के रामलीला मैदान में मोदी का भाषण सुनने वालों की भारी भीड़ उमड़ी। लोग ट्रैक्टरों, जीपों और बसों से आए। गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार और मध्य प्रदेश में भी सभाएं हुईं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय स्तर पर कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी अब दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसके एक करोड़ से ज्यादा सदस्य हैं। चुनौतियों के बावजूद भाजपा ने कश्मीर से कन्याकुमारी तक फैलाव किया। पूर्वोत्तर में भाजपा की सरकारें बनीं, जहां कभी कांग्रेस का वर्चस्व था। मोदी ने भाषण में ट्रिपल तलाक बंदी, अनुच्छेद 370 हटाने और सीएए जैसे फैसलों का जिक्र किया। इनसे अल्पसंख्यकों को भी न्याय मिला, भले विपक्ष इसे तोड़-मरोड़कर पेश करे। कांग्रेस के पतन की कहानी भाजपा के उभार से जुड़ी हुई है। जहां कांग्रेस ने धर्मनिरपेक्षता के नाम पर वोटबैंक की राजनीति की, वहीं भाजपा ने सबका साथ-सबका विकास का मंत्र दिया। 1977 के चुनाव में जनता पार्टी की जीत के बाद भी कांग्रेस वापसी कर ली, लेकिन 1989 के बाद उसका ग्राफ लगातार गिरता गया। भाजपा ने 1991 में पहली बार केंद्र में सरकार बनाई, फिर 1998-2004 तक शासन किया। लेकिन असली मोड़ 2014 और 2019 में आया। मोदी की लहर ने भाजपा को 303 सीटें दिलाईं। आज पार्टी के पास केंद्र और अधिकांश राज्यों में सरकारें हैं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में 403 में से 273 सीटें जीतकर भाजपा ने इतिहास रचा। योगी सरकार ने मंदिर निर्माण को गति दी, जिससे अयोध्या भगवा नगरी बन गई।

## दैनिक पंचांग

**7 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ | समय |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.12 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | वृष | 07.52 बजे से |
| मंगल | मीन में | मिथुन | 09.50 बजे से |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.04 बजे से |
| गुरू | मिथुन में | सिंह | 14.20 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 16.32 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.43 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 20.57 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 23.13 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.18 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कुंभ | 03.05 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.38 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 97 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083
**शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पंचमी 16.35 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** ज्येष्ठा अहोरात्र।
**योग** व्यतीपात 16.17 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 16.35 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 18.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 06° 45'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872672
**जूलियन दिन** 2461137.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 18
**विशेष** विश्व स्वास्थ्य दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक ने दिया धरना

**साहिबगंज:** जिले के सकरीगली रेलवे स्टेशन के सामने लोडिंग प्लॉट पर रैक लोडिंग मजदूर एवं प्रतिष्ठान के बीच मजदूरी दर को लेकर उत्पन्न विवाद व जेसीबी से लोडिंग के विरोध में मजदूर संघ प्रजातांत्रिक ने समाहरणालय के निकट धरना प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता जिला महामंत्री मो. इमाम विश्वास ने की। धरना में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी व पूर्व जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव भी उपस्थित थे। राजकुमार यादव ने कहा कि जिला में मजदूरों के साथ अन्याय हो रहा है। सकरीगली लोडिंग पॉइंट पर मजदूरों को लोडिंग में 4100 मिलता है। पांच मजदूर मिलकर एक बक्सा को लोड करते थे। वहां गड्ढा हो जाने से 8 मजदूर लगेने और बदले में प्रत्येक वेगन का रेट 8000 रुपये की मांग करने पर कंपनी ने जेसीबी से माल लोड करवाना शुरू कर दिया। किसी भी हाल में मजदूरों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन के बाद एक शिष्ट मंडल ने उपायुक्त से मिलकर मजदूरों से संबंधित मांग पत्र सौंपा। मौके पर रणधीर चौरसिया, बबलू रजक, विजय यादव, राकेश, मुन्ना यादव, शिव जतन मंडल, छोटेलाल मालदार, रंजीत चौधरी, संजीव कुमार, मुन्नीलाल मुंडा सहित संगठन के कई लोग मौजूद थे।

### तीन नामजद आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



**साहिबगंज:** जिले के तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने नामजद तीन आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार तालझारी थाना कांड संख्या 229/25, से जुड़े मामले में पुलिस ने प्राथमिकी के तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में फेकु राय पिता स्व. मोसबीया राय, प्रकाश राय व प्रताप राय दोनों का पिता फेकु राय, शामिल हैं। ये सभी आरोपी बाफर टोला, महाराजपुर थाना तालझारी, जिला साहेबगंज के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, उक्त मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।गिरफ्तारी के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### आत्महत्या के मामले में यूडी केस दर्ज

**साहिबगंज:** बोरियो पुलिस ने मंगरूटीकर गांव के आम के पेड़ से फंदे पर लटके एक व्यक्ति के आत्म हत्या के मामले में यूडी केस दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार तालझारी थाना के वृंदावन पंचायत के गारूढ़ाव निवासी चरण हांसदा (26) की लाश बोरियो पुलिस ने रविवार को बोरियो थाना क्षेत्र के मंगरूटीकर गांव के आम के पेड़ से लटके चरण हांसदा की लाश बरामद किया था। पुअनि सिद्धार्थ शंकर टोप्पो ने बताया कि चरण हांसदा एक दिन पूर्व अपना ससुराल मंगरूटीकर आया था। चरण का उसकी पत्नी के साथ पारिवारिक विवाद कुटुम्ब न्यायालय साहिबगंज में चल रहा था।न्यायालय द्वारा दोनों में सुलह-नामा भी हुआ था। चरण अपने ससुराल आया था।रविवार को उसकी लाश आम के पेड़ पर लटका हुआ पाया गया। पुलिस ने लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करा दिया। यूडी केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# साहिबगंज कोर्ट को फिर बम से उड़ाने की धमकी, 10 दिन में दूसरी बार हड़कंप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**साहिबगंज :** व्यवहार न्यायालय को मिली ईमेल के जरिए बम से उड़ने की धमकी के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गई। सूचना मिलने के बाद सोमवार के सुबह मुख्यालय डीएसपी विजय कुशवाहा दलबल के साथ व्यवहार न्यायालय पहुंचे। जहां कोर्ट परिसर को घेर कर जांच की जा रही है अब तक प्रारंभिक जांच में किसी भी प्रकार के विस्फोटक नहीं मिली है, जहां ऐसा मामला पहला नहीं आया है पहले भी कई व्यवहार न्यायालय को उड़ने की धमकी मिलती रही है। जहां बीते 26 मार्च को भी साहिबगंज कोर्ट को उड़ाने की धमकी मिली थी 10 दिनों के बाद दूसरी बार व्यवहार न्यायालय के ऑफिशल मेल आईडी पर धमकी दी गई है। पुलिस हरकत में आ गया है जिसके बाद कोर्ट को खाली कराकर पूरे परिसर को छावनी में तब्दील कर दिया गया। मेल को डिटेक्ट करने के लिए आईटी सेल को लगाया गया है। मौके पर डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया गया है। इधर कोर्ट परिसर में आने जाने वाले राहगीरों को भी बारीकी से जांच की जा रही है। बड़े वाहन, छोटे वाहन, बेग, थैली, हर चीज की तलाशी ली जा रही है।अधिवक्ताओं ने बताया कि हमारा इलाका बिल्कुल शांति है लेकिन इस तरह की धमकी जो मिल रही है इससे हमलोग काफी दुखी है, इस तरह की हरकत होने से हमलोग को रोजी-रोटी में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर अधिवक्ताओं ने उच्च अधिकारी से कड़ी कार्यवाही करते हुए फांसी की मांग की है। वही मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह भी पहुंचकर जांच की इधर डीएसपी विजय कुशवाहा ने बताया कि सोमवार के सुबह सूचना मिली कि यहां गैस विस्फोट कर आतंक फैलाने की सूचना मिली, सूचना मिलने पर तुरंत कार्यवाही करते हुए पुलिस दलबल के साथ पहुंची है और संयम बरती जा रही है। सभी का सहयोग भी मिल रहा है इस मामला को तेजी से उद्वेदन की जाएगी कहां से धमकी भरी ईमेल आता है, यह दूसरी बार है। किसी भी रूप में अपराधी बक्से नहीं जाएंगे इस मामले पर पुलिस गहन जांच कर रही है। आगे डीएसपी ने बताया कि कोर्ट परिसर में मेल के आईडी से धमकी मिली है दोबारा मेल के ही माध्यम से धमकी मिली है। बरहाल पुलिस चप्पा-चप्पा पर सर्च कर रही है। जल्द ही उद्बोधन की जाएगी।

## भाजपा का 47वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस सोमवार को पाकुड़ के बागतीपाड़ा स्थित मतदान केंद्र संख्या 427 पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के वरिष्ठ नेता हिसाबी राय के नेतृत्व में उनके आवासीय कार्यालय पर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महान नेताओं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल बिहारी वाजपेयी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद वरिष्ठ नेता हिसाबी राय ने भाजपा ध्वज फहराया और सभी कार्यकताओं ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद निभा देवी, मंडल महामंत्री सुशील साहा, बूथ अध्यक्ष लव रजक एवं मनोरंजन देवी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिसाबी राय ने सभी कार्यकताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है, जो देश को सुदृढ़, समृद्ध और शक्तिशाली बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि भाजपा की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में हुई थी, जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी थे। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी है और विकास आधारित राजनीति को मजबूती प्रदान की है।

## गंगा किनारे मिली महिला की लाश का खुलासा, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला अंतर्गत राधानगर थाना पुलिस ने गंगा नदी के किनारे मिली महिला की लाश के मामले का खुलासा की है। मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हथियार (चाकू) भी बरामद कर लिया है। राधानगर थाना परिसर में सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने मामले की पूरी जानकारी दी। घटनाक्रम के अनुसार, बीते 2 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 11:30 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि पूर्वी प्राणपुर स्थित गंगा नदी के किनारे एक महिला का शव पानी में पड़ा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया और राधानगर थाना कांड संख्या 102/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) की धाराओं 103(1), 238(ए) और 3(5) के अंतर्गत मामला दर्ज किया। एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक, साहिबगंज के निर्देश पर राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी और गुप्त सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई करते हुए 5 अप्रैल 2026 को कांड के नामजद अभियुक्त राहुल शेख (25 वर्ष), हाजी खुशरूद्दीन टोला (पूर्वी उधवा दियारा) को धर-दबोचा।पुलिस की पूछताछ के दौरान आरोपी राहुल शेख ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने घटनास्थल के समीप से ही हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद कर लिया है। गिरफ्तारी और साक्ष्य संकलन के बाद पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत सोमवार को आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

## ईस्टर्न रेलवे हाई स्कूल, साहिबगंज में सहशिक्षा की शुरूआत के साथ नया शैक्षणिक सत्र शुरू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मालदा के संभागीय रेलवे प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में, मालदा डिवीजन के अंतर्गत पूर्वी रेलवे हाई स्कूल, साहिबगंज ने नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के प्रारंभ के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।समावेशिता और समान अवसर की दिशा में एक प्रगतिशील कदम उठाते हुए, विद्यालय ने इस शैक्षणिक वर्ष से सहशिक्षा शुरू की है। यह पहल समावेशी और न्यायसंगत शिक्षा को बढ़ावा देने के भारतीय रेलवे के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है और समग्र विकास और लैंगिक समानता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। वर्तमान सत्र में कुल 12 छात्राओं को प्रवेश दिया गया है, और आने वाले दिनों में और भी प्रवेशों की उम्मीद है। विद्यालय प्रशासन ने सभी नवप्रवेशित बच्चों का छोटे-छोटे उपहार देकर हार्दिक स्वागत किया, जिससे नन्हे विद्यार्थियों के लिए एक आनंदमय और उत्साहवर्धक वातावरण का निर्माण हुआ। विद्यालय प्रशासन ने विश्वास व्यक्त किया कि यह नई पहल अधिक विविधतापूर्ण, समावेशी और समृद्ध शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देने में बहुत मददगार साबित होगी, जिससे छात्रों के समग्र व्यक्तित्व विकास में योगदान मिलेगा।

## पेयजल कनेक्शन शुल्क कम करने व धार्मिक स्थलों को मुफ्त कनेक्शन देने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले के नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल कनेक्शन के लिए निर्धारित 7000 की सिक्योरिटी मनी को कम करने तथा धार्मिक स्थलों को निःशुल्क कनेक्शन देने की मांग को लेकर झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य शाहिद इकबाल एवं झारखण्ड आंदोलनकारी फारूक आलम अंसारी ने नगर परिषद अध्यक्ष एवं कार्यपालक पदाधिकारी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने नगर परिषद द्वारा तय की गई 7000 की सिक्योरिटी राशि को आम लोगों के लिए अधिक बताते हुए इसे कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह दर नगर निगम क्षेत्रों के अनुरूप है, जबकि पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र के लिए यह राशि काफी अधिक है, जिससे आम नागरिकों को कनेक्शन लेने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में एक आवेदन भी नगर परिषद अध्यक्ष शबरी पाल एवं कार्यपालक पदाधिकारी अमरेन्द्र चौधरी को सौंपा गया। आवेदन में मंदिर, मस्जिद, चर्च एवं गुरुद्वारा जैसे धार्मिक स्थलों में बिना सिक्योरिटी मनी के निःशुल्क पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की गई है। शाहिद इकबाल ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र में धार्मिक स्थलों पर निःशुल्क जलापूर्ति की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है, जिससे आम लोगों को राहत मिल सके।

## उधवा प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में चल रहे अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण कार्य में प्रबंधन समिति ने लगाया अनियमितता का आरोप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** उधवा प्रखंड क्षेत्र स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में चल रहे अतिरिक्त वर्ग कक्ष निर्माण कार्य पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। आधारभूत संरचना विकास एवं सुदृढ़ीकरण योजना के तहत बनाए जा रहे चार अतिरिक्त कक्षों (डी4एसीआर) के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। यह निर्माण कार्य झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के तत्वावधान में कराया जा रहा है, जिसका शिलान्यास 22 फरवरी 2026 को राजमहल विधानसभा क्षेत्र के विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा के द्वारा किया गया था। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मैदुल इस्लाम ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। उन्होंने बताया कि कार्य में उपयोग हो रही ईंटें तीसरे-चौथे दर्जे की हैं, बालू अत्यंत घटिया किस्म का है, सरिया (छड़) की गुणवत्ता भी निम्न स्तर की है और सीमेंट का सही अनुपात नहीं रखा जा रहा है। इसके अलावा मसाले (मोर्टार) में भी निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे भवन की मजबूती पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मैदुल इस्लाम ने कहा कि विद्यालय परिवार द्वारा कई बार आपत्ति जताने के बावजूद संवेदक द्वारा सामग्री में कोई सुधार नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि संवेदक मनमानी पर उतारू है और गुणवत्ता संबंधी शिकायतों को नजरअंदाज कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता में सुधार नहीं किया जाता, तब तक कार्य को आगे नहीं बढ़ने दिया जाएगा। विद्यालय परिवार और स्थानीय लोगों में इस मुद्दे को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा के मंदिर में इस तरह की लापरवाही न केवल सरकारी धन की बबार्दी है, बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ है। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग इस गंभीर आरोप पर क्या कदम उठाता है और निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्रवाई की जाती है।

**क्या कहते हैं जेई**

इस संबंध में जेई सत्या भद्रा ने बताया कि उक्त कार्य आधारभूत संरचना विकास एवं सुदृढ़ीकरण योजना के तहत 36 लाख रुपए की लागत से निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्राक्कलन के अनुसार ही कार्य किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के द्वारा लगाए गए आरोप निराधार है। स्थल जांच के दौरान उनको कई बार फोन भी किया गया लेकिन उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं हो पाया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पाकुड़ में 90 मेगावाट की जरूरत, मिल रही सिर्फ 50, बिजली संकट पर उठे सवाल

**पाकुड़ :** जिले में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर जनाक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी बीच पूर्व एनडीए प्रत्याशी सह समाजसेवी अजहर इस्लाम ने बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं एसडीओ से मुलाकात कर समस्या पर विस्तार से चर्चा की। अजहर इस्लाम ने विभागीय अधिकारियों से साफ तौर पर पूछा कि आखिर कब तक पाकुड़ की आम जनता इस परेशानी को झेलती रहेगी, जबकि लोग समय पर बिजली बिल और अन्य करों का भुगतान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार हो रही कटौती से गरीब, छात्र, व्यापारी और आम लोग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। विभाग के कार्यपालक अभियंता ने जानकारी देते हुए बताया कि पाकुड़ जिले को लगभग 90 मेगावाट बिजली की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में केवल 50 मेगावाट ही उपलब्ध हो पा रही है। इसी कमी के कारण बार-बार बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। अजहर इस्लाम ने सत्ताधारी नेताओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब जिले को आवश्यकता के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है, तो इस कमी को दूर करने के लिए ठोस पहल क्यों नहीं की जा रही। उन्होंने सरकार से मांग की कि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बढ़ाई जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक कटौती से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज उठाना उनका कर्तव्य है और वे पाकुड़ की जनता के हक के लिए हमेशा मजबूती से खड़े रहेंगे।

### डीबीएल की पहल से खिलाड़ियों को प्रोत्साहन खेल सामग्री का किया गया वितरण



**पाकुड़ :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड अंतर्गत दिलीप बिल्डकॉन कंपनी लिमिटेड द्वारा अपनी सामाजिक जिम्मेदारी कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया गया। इस पहल के तहत पाकुड़ खेल अकादमी (फुटबॉल) तथा डे बोर्डिंग क्रीड़ा प्रशिक्षण केंद्र (वॉलीबॉल) के खिलाड़ियों के बीच आवश्यक खेल सामग्री का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय बैंक कॉलोनी स्टेडियम में आयोजित किया गया, जिसमें जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार तथा कंपनी के प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों को फुटबॉल, वॉलीबॉल, खेल पोशाक, जूते तथा अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। इससे खिलाड़ियों के प्रशिक्षण को और बेहतर बनाने तथा उनके प्रदर्शन को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार ने कंपनी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से ग्रामीण एवं उभरते खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलती हैं, जिससे वे अपने खेल कौशल को और निखार सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के सहयोग से जिले में खेल संस्कृति को मजबूती मिलती है। वहीं कंपनी के प्रतिनिधि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर अभ्यास, अनुशासन और समर्पण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### राज्य टीम ने प्राथमिक विद्यालय शहरकोल का किया निरीक्षण



**पाकुड़:** ज़िले के सदर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय, शहरकोल (पहाड़िया टोला) का निरीक्षण पंचायत राज विभाग, झारखण्ड सरकार के एसपीआरसी अधिकारी एवं डीआरपी, जेएसएसए द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में तिथि भोज सह जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर उन्हें शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साह एवं खुशी का वातावरण देखने को मिला। राज्य टीम ने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों से संवाद स्थापित करते हुए विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे। बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए,जिसपर टीम ने उनकी सराहना की। टीम ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें विद्यालय से जोड़ने में सहायक होते हैं।

### बरहरवा-भागलपुर रेलखंड पर तीसरी-चौथी रेललाइन का काम शुरू

**साहिबगंज:** मालदा रेल मंडल अंतर्गत बरहरवा-भागलपुर रेलखंड पर प्रस्तावित तीसरी और चौथी रेललाइन परियोजना को लेकर जमीनी गतिविधियां तेज हो गई हैं। मालदा डिविजन के बरहरवा के बोनीडांगा स्थित लील केबिन के पास प्रारंभिक कार्य शुरू होने से इस महत्वाकांक्षी योजना के जल्द धरातल पर उतरने के संकेत मिलने लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, उक्त स्थल पर मिट्टी भराई, समतलीकरण एवं ट्रैक विस्तार से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। रेलवे बोर्ड से इस परियोजना को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। करीब 129 किलोमीटर लंबे इस रेलखंड पर तीसरी और चौथी लाइन बिछाने की योजना है, जिस पर लगभग 4000 से 4500 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया भी तेज की जा रही है। रेलवे सूत्रों के अनुसार मार्च-अप्रैल 2026 तक प्रारंभिक कार्य और अगस्त 2026 तक ट्रैक बिछाने की प्रक्रिया शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। बरहरवा में शुरू हुआ कार्य इसी दिशा में एक शुरूआती कदम माना जा रहा है। तीसरी और चौथी रेललाइन बनने के बाद इस व्यस्त रेलखंड पर ट्रेनों की आवाजाही सुगम हो जाएगी। ट्रेनों को बीच रास्ते में रोकने की समस्या कम होगी, जिससे समय की बचत के साथ ट्रेनों की गति में भी वृद्धि होगी। वर्तमान में बरहरवा से भागलपुर के बीच यात्रा में तीन घंटे से अधिक समय लगता है, जिसमें कमी आने की उम्मीद है। परियोजना पूरी होने के बाद इस रूट पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने में भी मदद मिलेगी और यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

### अंचल अधिकारी ने हेलीपैड निर्माण को लेकर ग्राम प्रधानों व रैयतों के साथ की बैठक



**साहिबगंज:** बरहेट प्रखंड परिसर सभागार में सोमवार को अंचल अधिकारी अंशु कुमार पांडे की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम प्रधान, रैयत के साथ सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम, प्रमुख बर्नार्ड मरांडी शामिल हुए। इस दौरान बीडीओ सह सीओ ने डुमरिया मोजा के पास हेलीपैड निर्माण को लेकर चर्चा की गई। आगे बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जगह को चिन्हित किया गया है। वही ग्राम प्रधान, रैयत से सहयोग करने की अपील की है। हेलीपैड निर्माण में किसी प्रकार का बाधा न हो इसकी जानकारी दी गई। मौके पर उप प्रमुख रूपक साह, गुंजन, सवाना टुडू, रमेश दास के अलावा अन्य मौजूद थे।

# सोने के दामों में 18.5 फीसदी गिरावट, गिरवी सोने को नीलामी से बचाने सावधान रहें

## -50-60 प्रतिशत से ज्यादा लोन लेने से बचें





मुंबई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच सोने के दामों में करीब 18.5 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। कीमतों में इस कमी का असर गोल्ड लोन लेने वाले ग्राहकों पर भी पड़ रहा है। जिन लोगों ने ऊंचे भाव पर सोना गिरवी रखकर अधिक राशि का कर्ज लिया था, उनके सामने अब 'मार्जिन कॉल' का खतरा बढ़ गया है।विशेषज्ञों के अनुसार, जब सोने की कीमत घटती है तो गिरवी रखे आभूषणों की वैल्यू कम हो जाती है और लोन-टू-वैल्यू (एलटीवी) अनुपात बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में बैंक या वित्तीय संस्थान अतिरिक्त रकम जमा कराने या आंशिक लोन चुकाने का नोटिस दे सकते हैं। तय समय में भुगतान नहीं करने पर गिरवी सोने की नीलामी की प्रक्रिया भी शुरू हो सकती है।वित्तीय सलाहकारों का कहना है कि मौजूदा अस्थिर बाजार में सोने के वर्तमान मूल्य का 50 से 60 फीसदी तक ही लोन लेना सुरक्षित माना जाता है। इससे कीमतों में गिरावट आने पर भी उधारकर्ता के पास सुरक्षा का पर्याप्त मार्जिन रहता है और नीलामी की नौबत नहीं आती। ग्राहकों को समय-समय पर बाजार भाव पर नजर रखने और जरूरत पड़ने पर लोन आंशिक रूप से चुकाने की सलाह दी गई है।

## वित्त वर्ष 2025-26 में देश में वाहन बिक्री में 13.3 फीसदी की रिकॉर्ड वृद्धि

**- पिछले वित्त वर्ष में वाहनों की बिक्री 41,63,927 इकाई थी**

नई दिल्ली । देश में सभी श्रेणियों के वाहनों की खुदरा बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 13.3 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,96,71,064 इकाई तक पहुंच गई। यह जानकारी फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने सोमवार को जारी की।` पिछले वर्ष की तुलना में यह बिक्री 2,61,87,255 इकाई थी। वर्ष की शुरुआत धीमी रहने के बावजूद जीएसटी 2.0 लागू होने के बाद बाजार में तेजी आई। यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 47,05,056 इकाई हुई, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 41,63,927 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री 13.4 प्रतिशत बढ़कर 2,14,20,386 इकाई रही। तिपहिया वाहनों की बिक्री 11.68 प्रतिशत बढ़कर 13,63,412 इकाई और वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 11.74 प्रतिशत बढ़कर 10,60,906 इकाई रही। फाडा के एक अधिकारी ने कहा` कि यह वर्ष भारतीय मोटर वाहन उद्योग के लिए ऐतिहासिक रहा। छह में से पांच वाहन श्रेणियों में बिक्री के नए रिकॉर्ड बने हैं। तीन करोड़ इकाइयों के स्तर के करीब पहुंचना दो साल पहले असंभव लगता था। जीएसटी 2.0 के लागू होने से दोपहिया, छोटी कारों, तिपहिया और कुछ वाणिज्यिक वाहनों की वहनीयता में सुधार हुआ। हालांकि, फाडा ने भविष्य में पश्चिम एशिया युद्ध, ईंधन कीमतों और उपभोक्ता विश्वास पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर सतर्क रहने की चेतावनी दी। संगठन के सर्वेक्षण में 36.5 प्रतिशत डीलरों ने कहा कि बढ़ती ईंधन कीमतें ग्राहकों के खरीद निर्णयों को प्रभावित कर रही हैं। वहीं, वित्तपोषण स्थितियां स्थिर रहीं, और 72.5 प्रतिशत डीलरों ने पिछले 30 दिनों में कोई बदलाव नहीं देखा।

## जिंदल स्टील ने ईंधन संकट में सिंगैस का इस्तेमाल शुरू किया

**- कोयले से तैयार सिंथेसिस गैस ( सिंगैस) एक स्वच्छ जलने वाला ईंधन है**



नई दिल्ली । ईंधन की कमी के बीच जिंदल स्टील ने अपने उच्च तापमान वाली भट्ठियों में सिंथेसिस गैस (सिंगैस) का इस्तेमाल शुरू किया है। इससे प्राकृतिक गैस, एलपीजी और प्रोपेन की आपूर्ति में व्यवधान के बावजूद उत्पादन में निरंतरता बनी। यह इस्पात उद्योग में ऐसा पहला प्रयास है। सिंथेसिस गैस एक स्वच्छ जलने वाला ईंधन है जो अपशिष्ट और जैविक पदार्थों को ऊर्जा में बदलता है। जिंदल स्टील ने इसे कोयले के गैसीकरण से तैयार किया है। इसके इस्तेमाल से गैल्वनाइजिंग लाइन में इस्पात पर जस्ता की परत और कलर कोटिंग लाइन में धातु पर रंग की परत चढ़ाने वाली भट्ठियों का संचालन सुचारू हुआ। कंपनी ने देश का पहला डीआरआई संयंत्र स्थापित किया है, जिसमें सिंगैस का इस्तेमाल लोहे के उत्पादन में होता है। इसके साथ ही ब्लास्ट फर्नेस में सिंगैस इंजेक्शन से आयातित कोकिंग कोयले पर निर्भरता कम हुई और प्रति टन इस्पात कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आई। अंगुल संयंत्र के एक कार्यकारी निदेशक के अनुसार स्वदेशी कोयले से तैयार सिंगैस आयातित गैस, अमोनिया और द्रवीकृत प्राकृतिक गैस का विकल्प बन सकता है। इससे भारत को अपने विशाल कोयला भंडार का उपयोग कर भविष्य में कम कार्बन उत्सर्जन वाली वृद्धि सुनिश्चित करने और विदेशी मुद्रा बचाने में मदद मिलेगी। जिंदल स्टील के संयंत्र ओडिशा (अंगुल), छत्तीसगढ़ (रायगढ़) और झारखंड (पतरातू) में हैं, और कंपनी का भारत और अफ्रीका में भी रणनीतिक परिचालन है।

## विप्रो ने ओलाम समूह से किया एक अरब डॉलर का करार

**- कंपनी की माइंडस्प्रिंट को 37.5 करोड़ डॉलर में खरीदने की योजना**



नई दिल्ली । सूचना प्रौद्योगिकी सेवा कंपनी विप्रो ने सिंगापुर स्थित खाद्य एवं कृषि कारोबार समूह ओलाम के साथ आठ वर्ष का बहुवर्षीय रणनीतिक समझौता किया है। इस करार का अनुमानित मूल्य 1 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है, जिसमें 80 मिलियन डॉलर का सुनिश्चित व्यय शामिल है। इसके तहत विप्रो, ओलाम की आईटी और डिजिटल सेवा इकाई माइंडस्प्रिंट प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण करेगी। विप्रो ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह समझौता कंपनी की +फार्म से फोर्क+ क्षमताओं को बढ़ाने और खाद्य एवं कृषि उद्योग में डिजिटल प्रभाव को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। माइंडस्प्रिंट की स्थापना 2007 में सिंगापुर में हुई थी और कंपनी के 3,200 से अधिक कर्मचारी भारत, सिंगापुर, अमेरिका, ब्रिटेन और पश्चिम एशिया में कार्यरत हैं। कंपनी ने 2025 में 13.56 मिलियन डॉलर का समेकित राजस्व दर्ज किया। ओलाम समूह, जिसकी प्रमुख हिस्सेदारी टेमासेक होल्डिंग्स के पास है, दुनिया भर में 60 से अधिक देशों में लगभग 22,000 ग्राहकों को खाद्य पदार्थ, सामग्री, पशु चारा और रेशे की आपूर्ति करता है। यह अधिग्रहण ओलाम समूह की पुनर्गठन योजना के अनुरूप है, जिसके तहत समूह अपनी शेष परिसंपत्तियों और कारोबारों को जिम्मेदारीपूर्वक बेचकर विशेष लाभांश के रूप में शेयरधारकों में वितरित करेगा। माइंडस्प्रिंट का अधिग्रहण पूरी तरह नकद में किया जाएगा और 30 जून 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह समापन समायोजन और आवश्यक नियामकीय मंजूरी (सऊदी अरब और ऑस्ट्रेलिया में प्रतिस्पर्धा-रोधी मंजूरी सहित) के अधीन होगा। विप्रो के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह साझेदारी खाद्य एवं कृषि उद्योग में डिजिटल सेवाओं के विस्तार और विप्रो इंटेलिजेंस के प्रभाव को बढ़ाने में मदद करेगी। अधिकारी ने कहा` कि माइंडस्प्रिंट के विकास में यह कदम संगठन को और मजबूत और भविष्य के लिए तैयार बनाएगा।

## देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर मार्च में 14 महीने में सबसे धीमी रही पीएमआई

**- मार्च में नए कारोबार की वृद्धि धीमी रही, लेकिन नए निर्यात आदेशों में तेज उछाल दर्ज किया गया**



नई दिल्ली । देश के सेवा क्षेत्र में मार्च 2026 में विस्तार जारी रहा, लेकिन वृद्धि की गति पिछले 14 महीनों में सबसे धीमी रही। एचएसबीसी इंडिया द्वारा जारी मासिक सर्वेक्षण के अनुसार, मौसमी रूप से समायोजित सेवा पीएमआई कारोबार सूचकांक फरवरी के 58.1 से घटकर मार्च में 57.5 पर आ गया। पीएमआई में 50 से ऊपर अंक गतिविधियों के विस्तार और 50 से कम अंक संकुचन का संकेत देते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, मार्च में नए कारोबार की वृद्धि धीमी रही, लेकिन नए निर्यात आदेशों में तेज उछाल दर्ज किया गया। कंपनियों ने अफ्रीका, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, अमेरिका और पश्चिम एशिया से मांग बढ़ने की बात कही। सर्वेक्षण में यह भी बताया गया कि बिक्री मूल्य मुद्रास्फीति सात महीने के उच्च स्तर पर पहुंच गई, क्योंकि कच्चे माल की लागत में तेज वृद्धि हुई। फरवरी के बाद खाना पकाने का तेल, अंडे, बिजली, फल, ईंधन, श्रम, मछली, चिकन, मीट और सब्जियों की कीमतें बढ़ीं। निजी क्षेत्र में लागत दबाव लगभग चार वर्ष में सबसे अधिक रहा। रोजगार में लगातार तीसरे महीने वृद्धि दर्ज हुई। कंपनियों का मानना है कि बढ़ते विश्वास और मांग के कारण नौकरी सृजन मजबूत रहा। उत्पादन के दृष्टिकोण में कंपनियों की आशावादिता पिछले 12 वर्षों में सबसे अधिक रही। एचएसबीसी इंडिया का समग्र पीएमआई फरवरी के 58.9 से घटकर मार्च में 57.0 हो गया, जो लगभग तीन वर्षों में विस्तार की सबसे धीमी दर दर्शाता है। यह सूचकांक विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के भारित औसत पर आधारित है।

## आईईएक्स पर वित्त वर्ष 2025-26 में बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार में रिकॉर्ड वृद्धि

**- सालाना आधार पर बिजली का कारोबार 17 प्रतिशत बढ़कर 141 अरब यूनिट हो गया**




नई दिल्ली। भारतीय ऊर्जा बाजार में वित्त वर्ष 2025-26 आईईएक्स (इंडियन इनर्जी एक्सचेंज) के लिए नए रिकॉर्ड लेकर आया। सालाना आधार पर बिजली का कारोबार 17 प्रतिशत बढ़कर 141 अरब यूनिट हो गया। विशेषज्ञों का कहना है कि इस वृद्धि का मुख्य कारण रियल-टाइम बाजार का मजबूत प्रदर्शन है, जिसने बाजार को अधिक सक्रिय और प्रतिस्पर्धात्मक बनाया। वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में आईईएक्स पर बिजली का कारोबार 39.4 अरब यूनिट तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे अधिक तिमाही स्तर है और सालाना आधार पर 24.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। मार्च 2026 में मासिक स्तर पर भी कारोबार 13.90 अरब यूनिट तक बढ़ गया, जो पिछले साल की तुलना में 23.5 प्रतिशत अधिक है। नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आरईसी) कारोबार भी मजबूत रहा। पूरे वित्त वर्ष में कुल 187.20 लाख आरईसी का लेन-देन हुआ, जो सालाना आधार पर 5 प्रतिशत अधिक है। जनवरी-मार्च तिमाही में 71.70 लाख आरईसी का कारोबार दर्ज हुआ, जबकि मार्च 2026 में यह आंकड़ा सालाना आधार पर 119.9 प्रतिशत बढ़कर 28.94 लाख तक पहुंच गया। 'डे-अहेड मार्केट' में अगले दिन की आपूर्ति के लिए सौदों का मूल्य सालाना आधार पर 13.7 प्रतिशत घटकर 3.86 रुपये प्रति यूनिट रहा। वहीं वास्तविक समय बाजार का समापन मूल्य 3.59 रुपये प्रति यूनिट रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत कम है।

## होर्मुज तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, ब्रेंट क्रूड 110 डॉलर



नई दिल्ली । पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच वैश्विक तेल कीमतों में तेज की कीमतों में उछाल दर्ज किया गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ईरान को दी गई चेतावनी के बाद बाजार में अनिश्चितता बढ़ गई। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.74 प्रतिशत बढ़कर 109.8 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया। वहीं रविवार को अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.4 फीसदी बढ़कर 110.60 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई, जबकि अमेरिकी क्रूड (डब्ल्यूटीआई) में 1.8 फीसदी की तेजी आई और यह 113.60 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर होर्मुज को तुरंत नहीं खोला गया, तो ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमला किया जा सकता है। उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिका कड़े सैन्य कदम उठा सकता है। इस बयान के जवाब में एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मौजूदा परिस्थितियों में जलडमरूमध्य नहीं खोला जाएगा। उनका कहना था कि जब तक युद्ध से हुए नुकसान की पूरी भरपाई नहीं होती, तब तक यह मार्ग बंद रहेगा।

## शीर्ष नौ शहरों में विदेशी कंपनियों ने 91 लाख वर्गफुट कार्यालय स्थान लिए पट्टे पर



नई दिल्ली । जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में भारत के शीर्ष नौ शहरों में विदेशी कंपनियों द्वारा कार्यालय स्थान पट्टे पर लेने की गतिविधि रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। एक रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी के आंकड़ों के अनुसार, इस दौरान कुल 91 लाख वर्ग फुट कार्यालय स्थान पट्टे पर लिया गया, जो किसी भी तिमाही का अब तक का उच्चतम आंकड़ा है। कंपनी के अनुसार इन नौ शहरों में कुल कार्यालय पट्टे की मात्रा 2.07 करोड़ वर्ग फुट रही, जो पिछले साल इसी अवधि के 1.97 करोड़ वर्ग फुट की तुलना में 5 फीसदी अधिक है। इन शहरों में मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे, कोलकाता, अहमदाबाद और कोच्चि शामिल हैं। बेंगलुरु ने 29 फीसदी हिस्सेदारी के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके बाद दिल्ली-एनसीआर 22 फीसदी और मुंबई 16 फीसदी के साथ प्रमुख शहर बने।

## एचडीएफसी बैंक में अनिश्चितता, मार्च तिमाही में शेयर 26 फीसदी टूटे

**- चेयरमैन अतानु चक्रवर्ती के इस्तीफे के बाद विदेशी निवेशकों की भारी बिकवाली**

मुंबई । देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक को मार्च 2026 तिमाही में अनिश्चितता और निवेशकों की बिकवाली का सामना करना पड़ा। चेयरमैन अतानु चक्रवर्ती के अचानक इस्तीफे ने बैंक में उथल-पुथल पैदा की और शेयरों पर दबाव देखा जा रहा है। मार्च तिमाही में बैंक के शेयरों में 26.2 फीसदी गिरावट आई, जो मार्च 2020 के बाद सबसे बड़ी है। सिर्फ पिछले महीने विदेशी निवेशकों (एफआईआई) ने बैंक से लगभग 35,000 करोड़ रुपये निकाले। इसी दौरान विदेशी निवेशकों ने 47.95 करोड़ शेयर बेचे, जिससे उनकी संख्या घटकर 2,528 रह गई, जो दिसंबर 2025 में 2,757 थी। इस लगातार तीसरी तिमाही है जब विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी घट रही है। मार्च के अंत तक विदेशी हिस्सेदारी घटकर 44.05 फीसदी हो गई, जो पिछले तिमाही में 47.67 फीसदी थी। विश्लेषकों के अनुसार, चेयरमैन के इस्तीफे और निवेशकों के भरोसे में कमी ने बैंक की छवि और शेयर प्रदर्शन दोनों पर असर डाला है।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कर्ज में चौथी तिमाही में 22 प्रतिशत बढ़ोतरी

**- कुल कारोबार 6.42 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा**



नई दिल्ली । पुणे मुख्यालय वाले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। बैंक ने शेयर बाजार को जानकारी देते हुए बताया कि कुल ऋण और जमा दोनों में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। बैंक के अनुसार जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में कुल ऋण 2.92 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 2.40 लाख करोड़ रुपये था, यानी 22 फीसदी की बढ़ोतरी। इसमें कॉरपोरेट ऋण 1.12 लाख करोड़ और खुदरा, कृषि तथा एमएसएमई क्षेत्र के ऋण 1.79 लाख करोड़ रुपये शामिल हैं। कुल जमा 3.50 लाख करोड़ रुपये होकर 14 फीसदी बढ़ गया, जबकि चालू और बचत खाते (सीएएसए) का अनुपात 13 फीसदी बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये रहा। इन परिवर्तनों के साथ बैंक का कुल कारोबार 6.42 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की तिमाही में 5.46 लाख करोड़ रुपये था। बैंक की यह तिमाही वृद्धि उसकी वित्तीय स्थिति और तरलता में सुधार को दर्शाती है।

## भारत में स्वच्छ ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता क्षेत्रों में रोजगार में वृद्धि की संभावन

**- 2030 तक बदल जाएगी रोजगार की तस्वीर, लगभग 13,33,700 तक पहुंचने की उम्मीद**

नई दिल्ली । भारतीय अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंध अनुसंधान परिषद (इक्रियर) के अध्ययन के अनुसार भारत में "स्वच्छ ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता (ईई) क्षेत्रों में रोजगार अगले चार वर्षों में तीन गुना बढ़ सकता है। 2021-22 में इन क्षेत्रों में कुल रोजगार 4,44,900 था, जो 2029-30 तक लगभग 13,33,700 तक पहुंचने की संभावना है। अध्ययन के अनुसार वर्ष 2029-30 तक स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में 9,05,000 और ऊर्जा दक्षता में 4,28,700 रोजगार होने की उम्मीद है। 2021-22 में स्वच्छ ऊर्जा और अन्य पारंपरिक स्वच्छ ऊर्जा में रोजगार 3,18,000 और ईई में 1,26,900 था। इक्रियर का कहना है कि यदि भारत 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता हासिल करता है तो संबंधित रोजगार 2.8 गुना बढ़ जाएंगे। वहीं 15 करोड़ टन तेल समतुल्य ऊर्जा बचत का लक्ष्य प्राप्त होने पर ईई में रोजगार 3.8 गुना बढ़ने की संभावना है। विश्लेषण में यह भी सामने आया कि सौर ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार का हिस्सा सबसे अधिक रहेगा। अध्ययन में यह भी उजागर हुआ कि वर्ष 2022-2030 के बीच गुजरात में 79,000 व राजस्थान में 77,000 अतिरिक्त नौकरियों का सृजन होगा और ये सबसे अधिक रोजगार सृजन करने वाले राज्य बनने की उम्मीद है। पवन ऊर्जा आधारित रोजगार सृजन के मामले में तमिलनाडु और गुजरात अग्रणी हैं जबकि आंध्र प्रदेश में बड़े जलविद्युत आधारित रोजगार में सबसे अधिक हिस्सेदारी होने की उम्मीद है। छतों पर सौर पैनल लगाने से संबंधित रोजगार के मामले में गुजरात के अग्रणी रहने की उम्मीद है जबकि जमीन पर लगाए जाने वाले सौर पैनल में सबसे अधिक अतिरिक्त रोजगार राजस्थान में मिलने की संभावना है। ऊर्जा दक्षता के रोजगार में तमिलनाडु का दबदबा है और उसके बाद गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक आते हैं।

## संक्षिप्त डायरी

## बिहार में अपर थानेदार का रिश्वत लेते वीडियो वायरल

**पटना (एजेंसी)** मुजफ्फरपुर जिले में एक अपर थानेदार का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. इस वीडियो में अपर थानेदार काम के बदले रिश्वत ले रहे हैं. वीडियो के संज्ञान में आते ही जिले के एसएसपी कांतेश मिश्रा ने जांच के आदेश दिए हैं. मुजफ्फरपुर जिले के पियर थाना में तैनात अपर थानेदार अभिनंदन कुमार का कथित रूप से रिश्वत लेते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. पुलिस मुख्यालय की सख्ती के बावजूद इस तरह का वीडियो वायरल होने के बाद एक बार फिर पुलिस की कार्यशैली को लेकर सवाल खड़ा किया जा सकता है. बिचौलिये पुलिस को पहुंचा रहे थे रुपए वायरल वीडियो में दावा किया जा रहा है कि पियर थाना इलाके के नूनफारा निवासी एक व्यक्ति से एक बिचौलिये के माध्यम से पैसे लेकर पुलिसकर्मी तक पहुंचाए जा रहे थे. बताया जाता है कि इसी दौरान वहां मौजूद किसी व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस महकमे में चर्चा तेज हो गई है. एसएसपी कांतेश मिश्रा का आदेश इस पूरे मामले को लेकर मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है. उन्होंने बताया कि पूरे मामले की जांच का जिम्मा एसडीपीओ पूर्वी टू मनोज कुमार सिंह को सौंपा गया है. जांच रिपोर्ट आने के बाद विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी. वरीय पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. सरपंच की पिटाई मामले में थानेदार सस्पेंड पिछले कुछ दिनों से मुजफ्फरपुर जिले का पीयर थाना चर्चा में बना हुआ है. इससे पहले एक थानेदार ने सरपंच की जमकर पिटाई कर दी थी. इस मामले में थानेदार को सस्पेंड कर दिया गया था. स्थानीय लोग थाने को कहीं ना कहीं दलालों का अड्डा भी बता रहे हैं. इस बीच रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने के बाद मामला और भी गरमा गया है.

## बिहार के इस जिले में बनेगा योग हब, भोलेनाथ की लगेगी 112 फीट ऊंची प्रतिमा

**पटना (एजेंसी)** : बिहार के भागलपुर जिले में योग हब बनाया जाएगा. इसके लिए लगभग 100 से 120 एकड़ की जमीन की डिमांड की गई है. खास बात यह भी होगी कि यहां भोलेनाथ की करीब 112 फीट ऊंची प्रतिमा लगाई जाएगी. इस तरह से जिले को आध्यात्मिक सौगात जल्द ही मिलने वाली है. बिहार के सिल्क सिटी यानी भागलपुर को खास सौगात मिलने वाली है. जल्द जिले में योग हब बनेगा. इसके लिए जिला प्रशासन से लगभग 100 से 120 एकड़ जमीन की मांग की गई है. यहां लोगों के लिए सबसे खास और आकर्षित करने वाली होगी शिवजी की प्रतिमा. यह करीब 112 फीट ऊंची होगी. कौन करा रहा योग हब का निर्माण? जानकारी के मुताबिक, योग हब का निर्माण दक्षिण भारत के मशहूर आध्यात्मिक गुरु सद्गुरु जग्गी वासुदेव की संस्था ईशा फाउंडेशन की ओर से कराई जाएगी. उन्हीं की ओर से जमीन की डिमांड भी की गई है. बताया जा रहा है कि कोयंबटूर और बेंगलुरु की तरह ही भागलपुर जिले में भी आदियोगी शिव मंदिर की स्थापना की जाएगी. इस तरह से जिला आध्यात्म का केंद्र बन सकेगा. पर्यटन विभाग ने भी दिखाई दिलचस्पी योग हब को लेकर बिहार का पर्यटन विभाग भी एक्टिव हो गया है. जानकारी की मुताबिक, विभाग के सचिव निलेश रामचंद्र देवरे ने भागलपुर के डीएम को लेटर लिखा है. इसके जरिए जमीन को लेकर डिटेल रिपोर्ट मांगी गई है. अगर सब कुछ सहा रहा तो ईशा फाउंडेशन को जमीन उपलब्ध कराई जा सकती है. लोगों के लिए होंगी ये सुविधाएं यह सिर्फ एक मंदिर ही नहीं होगा बल्कि लोगों के लिए आध्यात्मिक और कल्याण का केंद्र बन सकेगा. यहां आने वाले लोगों के लिए योग के लिए पर्याप्त व्यवस्था होगी. साथ ही एक मेडिटेशन हॉल भी बनाया जाएगा. इसके अलावा स्वास्थ्य सुविधाओं की भी व्यवस्था होगी. यह भी कहा जा रहा है कि योगा साइंस से जुड़े कार्यक्रम भी चलाए जायेंगे. इस तरह से यह लोगों के लिए बेहद खास हो सकेगा. भागलपुर जिले को मिलेगी नई पहचान भागलुपर जिले में योग हब के बनने से पर्यटन को बढ़ावा भी मिल सकेगा. वैसे तो भागलपुर में कई ऐसी फेमस जगहें हैं, जहां पर्यटक घूमने-फिरने के लिए पहुंचते हैं. लेकिन योग हब के बनने से जिले को एक नई पहचान मिल सकेगी. इतना ही नहीं, लोगों के लिए रोजगार भी उपलब्ध हो सकेगा.

## बिहार में प्राइवेट स्कूल के हॉस्टल में 5 साल के बच्चे की गला काटकर हत्या

**पटना (एजेंसी)** बिहार के जहानाबाद जिले से दर्दनाक खबर है. यहां 5 साल के मासूम की गला काटकर हत्या कर दी गई. मामला प्राइवेट स्कूल के एक हॉस्टल से जुड़ा है. इस घटना से गुस्साए लोगों ने एनएच-22 जाम कर दिया. फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है. बिहार में जहानाबाद जिले के एक प्राइवेट स्कूल के हॉस्टल में दिल दहला देने वाली घटना हुई. 5 साल के मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में गला काटकर हत्या कर दी गई. इस घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा. घटना के विरोध में लोगों ने कनौदी के पास पटना-गया मुख्य मार्ग एनएच-22 को जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया. 10 दिन पहले ही हॉस्टल में रहने आया था बच्चा मृतक की पहचान कड़ौना थाना इलाके के बुलाकी बिगहा गांव निवासी आशू कुमार के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि बच्चा महज 10 दिन पहले ही हॉस्टल में रहने आया था. घटना के बाद गंभीर रूप से घायल बच्चे को परिजन इलाज के लिए पीएमसीएच पटना ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण उग्र हो गए और स्कूल परिसर में जमकर हंगामा किया. पुलिस पूरी घटना की जांच में जुटी इस दौरान देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाया. साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया. हत्या के पीछे किसका हाथ है, अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है.

## पटना में दीघा से रूपसपुर तक रहेगा ट्रैफिक ब्लॉक

**पटना (एजेंसी)** पटना में 7 और 8 अप्रैल को दीघा से रूपसपुर के बीच गाड़ियां नहीं चलेगी. ऐसे में पहले ही लोगों से अपील की गई है कि वे वैकल्पिक रूट का इस्तेमाल कर सकते हैं. जानकारी के मुताबिक, मोनोपोल लगाने की वजह से गाड़ियां नहीं चलेंगी. पटना के लोगों के लिए जरूरी खबर है. दीघा ओवरब्रिज से रूपसपुर आरओबी तक दो दिन गाड़ियों का आना-जाना बंद रहेगा. मोनोपोल लगाने के लिए यह ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है. लेकिन इस दौरान बदले रूट से गाड़ियां चल सकेंगी. दीघा लॉक से खगौल लॉक तक पटना मुख्य नहर के पश्चिम किनारे पर और बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की ओर से बनाए गए रोड के पूर्वी फ्लैंक पर ओवरहेड 132 केवी संचरण परिपथ बनाने के लिए मोनोपोल ट्रांसमिशन टावर का इरेक्शन किया जा रहा है. इन वैकल्पिक रूट का कर सकते हैं इस्तेमाल जानकारी के मुताबिक, दीघा ओवरब्रिज से रूपसपुर आरओबी तक मंगलवार और बुधवार को सुबह 9 बजे से दोपहर दो बजे तक ट्रैफिक बंद रहेगा. मोनोपोल इरेक्शन के पहले फेज में ट्रैफिक ब्लॉक के दौरान पाटलिपुत्र स्टेशन के निकास से उत्तर की ओर जाने के लिए

# नीतीश कुमार ने किया विधान परिषद गेस्ट हाउस का उद्घाटन, गूंजे 'निशांत कुमार जिंदाबाद' के नारे

## बिहार में नई सुगबुगाहट: सीएम नीतीश के सामने लगे बेटे निशांत के समर्थन में नारे, मुस्कुराकर दिया जवाब



**पटना (एजेंसी)** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को बिहार विधान परिषद के गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया. लेकिन इस दौरान जेडीयू के कार्यकताओं ने निशांत कुमार जिंदाबाद के नारे लगाए. इस पूरे वाकये का वीडियो सामने आते ही सियासी हलचल तेज हो गई है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज विधायक आवासन योजना के तहत विधान परिषद के गेस्ट हाउस का उद्घाटन किया गया है. साथ ही इस दौरान सीएम नीतीश कुमार ने कैंटीन, लाइब्रेरी और सामुदायिक केन्द्र का भी उद्घाटन किया. इसके बाद उन्होंने नए गेस्ट हाउस का निरीक्षण किया और सभी सुविधाओं और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली. निशांत कुमार जिंदाबाद के लगे नारे खास बात यह रही कि सीएम नीतीश के बिहार विधान परिषद में कार्यक्रम के दौरान जेडीयू के कार्यकताओं ने निशांत कुमार जिंदाबाद के नारे लगाए. यह सुनते ही कुछ देर के लिए सीएम नीतीश कुमार मुस्कुराए. उन्होंने कार्यकताओं का अभिवादन स्वीकार किया. इस दौरान दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी मौजूद रहे. सीएम नीतीश कुमार ने क्या-क्या कहा? बिहार विधान परिषद के गेस्ट हाउस के निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह बहुत अच्छा बना है. यहां की सुविधाओं का लाभ विधान परिषद के सदस्यों को मिलेगा. विधान परिषद का गेस्ट हाउस 5 मंजिला भवन है, जिसमें बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर और इसके ऊपर 4 मंजिलों का निर्माण किया गया है. इस बिल्डिंग में 30 सुईट रूम, 4 लॉउन्ज, सेक्युरिटी लाउंज का निर्माण किया गया है. भवन में 8 व्यक्ति की क्षमता वाले लिफ्ट को इंस्टॉल किया गया है. हर सुईट रूम में एक छोटा किचेन, ड्राईंग रूम और आराम करने के लिए एक कमरे का निर्माण किया गया है. ये सभी सुविधाएं भी रहेंगी मौजूद जानकारी के मुताबिक, कैंटीन के ग्राउंड फ्लोर और पहले फ्लोर पर कैंटीन, डायनिंग हॉल किचेन, रेस्ट रूम, पेन्ट्री, स्टोर, सर्विस ऐरिया, टॉयलेट का निर्माण किया गया है. लाइब्रेरी के पहले फ्लोर पर रिडिंग हॉल, लॉबी औप स्टोर का निर्माण किया गया है.

सामुदायिक केंद्र भी बनाया गया है. इसके ग्राउंड फ्लोर और पहले फ्लोर पर हॉल, स्टोर, किचेन, लॉबी, टॉयलेट का निर्माण कराया गया है.

## बिहार यूनिवर्सिटी के VC आवास पर बमबाजी, जान से मारने की धमकी से मचा हड़कंप

**पटना (एजेंसी)** : बिहार के मुजफ्फरपुर में कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े करने वाली बड़ी घटना सामने आई है. बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति आवास पर देर रात बमबाजी की गई, वो भी थाने के ठीक सामने. इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. रविवार की रात बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति के सरकारी आवास पर स्कूटी सवार बदमाशों ने बमबाजी की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी. हैरान करने वाली बात यह है कि जिस जगह यह धमाका हुआ, उसके ठीक सामने विश्वविद्यालय थाना स्थित है, लेकिन धमाके के काफी देर बाद तक पुलिस की नींद नहीं खुली. स्कूटी सवार बदमाशों ने फेंका बम रविवार रात करीब 10 बजे स्कूटी पर सवार दो बदमाश कुलपति आवास के गेट के पास पहुंचे और सुतली बम फेंककर फरार हो गए. पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है. हैरानी की बात यह है कि घटना स्थल के ठीक सामने विश्वविद्यालय थाना मौजूद है, लेकिन काफी देर तक कोई पुलिसकर्मी मौके पर नहीं पहुंचा. बमबाजी के साथ ही कुलपति को हत्या की धमकी भी दी गई है. इस वारदात के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन और आसपास के लोगों में डर का माहौल है. इसे दहशत फैलाने की साजिश के तौर पर देखा जा रहा है. प्राथमिक जांच में यह बात सामने आ रही है कि यह हमला सिर्फ दहशत फैलाने के लिए नहीं, बल्कि किसी बड़ी रंजिश का हिस्सा हो सकता है. पुलिस इस हमले को विश्वविद्यालय के भीतर चल रही खींचतान की राजनीति और करोड़ों के ठेकों में वर्चस्व की जंग से जोड़कर देख रही है. पुलिस इस मामले की जांच तीन मुख्य बिंदुओं पर कर रही है. इसमें विश्वविद्यालय की अंदरूनी राजनीति, जांच के घेरे में परीक्षा नियंत्रक और लूट-खसोट का खेल विश्वविद्यालय की उच्च स्तरीय जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक की लापरवाही को फाइल गायब होने का मुख्य कारण माना था. अब पुलिस यह पता लगाने में जुटी है

कि क्या इस बमबाजी का संबंध उस जांच रिपोर्ट से है जिसे दबाने की कोशिश की जा रही थी. फिलहाल, पूरे इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर स्कूटी सवारों की तलाश जारी है.

## जयनगर से घुरना तक 35 किमी लंबी सड़क के लिए 93 करोड़ मंजूर, 5 लाख लोगों को मिलेगी राहत

**पटना (एजेंसी)** अररिया जिले में जयनगर से नरपतगंज होते हुए घुरना तक सड़क को मजबूत करने का काम शुरू हो गया है. करीब 93 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क से लाखों लोगों को सीधा फायदा मिलेगा. भारत-नेपाल सीमा तक आना-जाना आसान हो जाएगा. अररिया जिले में एक बड़ी सड़क परियोजना पर काम शुरू हो गया है. जयनगर से नरपतगंज होते हुए घुरना तक करीब 35.77 किलोमीटर लंबी सड़क को मजबूत किया जा रहा है. इस काम पर लगभग 93 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. इस सड़क के बनने से इलाके के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी. क्या-क्या फायदा होगा किसानों को इसका फायदा ज्यादा मिलेगा क्योंकि वे अपनी फसल आसानी से बाजार तक पहुंचा सकेंगे. यह सड़क कई नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे से जुड़ती है, जिससे पूरे क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी. अधिकारियों का कहना है कि इस परियोजना से करीब पांच लाख लोगों को सीधा फायदा होगा. सड़क की चौड़ाई 5.50 मीटर रखी गई है और यह कई महत्वपूर्ण जगहों से होकर गुजरती है, जिससे ग्रामीण और शहरी इलाकों के बीच संपर्क मजबूत होगा. बिहार की ताजा खबरों के लिए क्लिक करें क्वालिटी से नहीं होना चाहिए कोई समझौता- विभाग पथ निर्माण विभाग के मंत्री ने अधिकारियों और काम कर रही एजेंसी को साफ निर्देश दिए हैं कि काम की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए. साथ ही तय समय में काम पूरा करने पर भी जोर दिया गया है. अगर यह सड़क समय पर बनकर तैयार हो जाती है, तो इससे न सिर्फ यात्रा आसान होगी, बल्कि इलाके में व्यापार और रोजगार के नए मौके भी बढ़ेंगे.

# मैं सीएम की रेस में नहीं, सेवक की रेस में हूं-विजय सिन्हा का बयान



**पटना (एजेंसी)** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही चर्चा पर कहा कि वे सीएम की रेस में नहीं, बल्कि सेवक की रेस में हैं और उसी भूमिका में रहना चाहते हैं. बिहार की सियासत में मुख्यमंत्री पद को लेकर जारी चर्चा के बीच उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने एक ऐसी लकीर खींच दी है, जिसने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है. लखीसराय में अपने आवास पर आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के दौरान उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा कि वे सीएम बनने की किसी दौड़ का हिस्सा नहीं हैं. उनका लक्ष्य पद की प्राप्ति नहीं, बल्कि जनता की सेवा है. विजय सिन्हा का यह बयान उस समय आया है जब राज्य में एनडीए के भीतर नेतृत्व और बड़े भाई-छोटे भाई की भूमिका को लेकर अक्सर कयास लगाए जाते रहते हैं. खञ्ज-इखढ दोनों सगे भाई के तरह उपमुख्यमंत्री ने भाजपा और जदयू के रिश्तों पर जमी बर्फ को पिघलाते हुए स्पष्ट किया कि गठबंधन में कोई भी दल बड़ा भाई या छोटा भाई नहीं है. उन्होंने कहा कि दोनों दल सगे भाइयों की तरह हैं और भाइयों के बीच ऊंच-नीच या छोटा-बड़ा नहीं होता. उन्होंने गठबंधन के भीतर किसी भी प्रकार के संघर्ष की खबरों को सिरे से नकार दिया है. लखीसराय में विकास योजनाओं की सौगात राजनीतिक संदेशों के साथ-साथ विजय सिन्हा ने अपने गृह क्षेत्र लखीसराय के विकास के लिए खजाना भी खोला. उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र में करीब 4.35 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. इसमें 2.85 करोड़ रुपये की तैयार योजनाओं को जनता को समर्पित किया गया, न कि आजीविका का. उन्होंने कार्यकताओं को प्रेरित किया कि वे अपनी जीविका स्वयं अर्जित करें ताकि निष्पक्ष भाव से समाज की सेवा कर सकें. विजय सिन्हा के अनुसार, जब कार्यकर्ता स्वावलंबी होगा, तभी वह बिना किसी दबाव के जनता की आवाज बन पाएगा और सेवक की उस रेस में टिका रह पाएगा.

## बिहार में 1 करोड़ रोजगार और 50 लाख करोड़ निवेश का टारगेट, मंत्री दिलीप जायसवाल का दावा




**पटना (एजेंसी)** बिहार में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार देने की तैयारी तेज हो गई है. उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने विभाग की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में 1 करोड़ युवाओं को रोजगार देने और 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश को आकर्षित करने का लक्ष्य रखा गया है राज्य के उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बिहार के भविष्य को लेकर बेहद महत्वाकांक्षी ब्लूप्रिंट पेश किया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 1 करोड़ युवाओं को रोजगार देने के वादे को पूरा करने की जिम्मेदारी अब सीधे तौर पर उद्योग विभाग ने अपने कंधों पर ले ली है. मंत्री ने साफ कहा कि बिहार के टैलेंट का उपयोग अब बिहार की तरक्की के लिए होगा और राज्य अगले पांच वर्षों में 50 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड निवेश को आकर्षित करने की ओर अग्रसर है. सेमीकंडक्टर प्लांट और कोका-कोला बिहार अब केवल खेती-किसानी तक सीमित नहीं रहेगा. उद्योग मंत्री ने जानकारी दी कि राज्य की अपनी सेमीकंडक्टर नीति 2026 को कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है, जिससे बिहार पूर्वी भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक केंद्र बनेगा. निवेश का सिलसिला शुरू हो चुका है. अल्ट्राटेक और मदर डेयरी जैसी दिग्गज कंपनियां भी बिहार में अपने प्लांट लगाने के लिए जमीन आवंटित करा चुकी हैं. लैंड बैंक और 5-स्टार होटलों से बदलेगी पटना की सूरत औद्योगिक विकास के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने हेतु राज्य सरकार ने 24 जिलों में 13,343 एकड़ से अधिक भूमि के अधिग्रहण को प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है. इसके अलावा, गया में 1670 एकड़ भूमि पर विशेष औद्योगिक कॉरिडोर का काम शुरू हो चुका है. पटना के लिए भी बड़ी योजनाएं हैंव्यापारियों पर आपराधिक मुकदमा नहीं चलेगा, बल्कि केवल आर्थिक दंड का प्रावधान होगा. महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी बड़ा कदम उठाते हुए अब कारखानों में महिलाओं को सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक काम करने की अनुमति दी गई है. इसके अलावा, सूक्ष्म और लघु उद्योगों के उत्पादों को वैश्विक बाजार दिलाने के लिए बिहार राज्य विपणन प्राधिकारका गठन किया गया है, ताकि गांव के उद्यमियों का सामान दुनिया भर में बिक सके.

## बिहार में महिला ने युवती संग लिए सात फेरे, मंदिर में रचाई शादी



**पटना (एजेंसी)** : बक्सर में एक अनोखी प्रेम कहानी ने सबको हैरान कर दिया है, जहां एक शादीशुदा महिला ने सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए एक युवती के साथ मंदिर में विवाह रचा लिया. यह मामला अब इलाके में चर्चा और बहस का विषय बन गया है. (मनीष मिश्रा, बक्सर) बिहार के बक्सर जिले से एक ऐसी प्रेम कहानी सामने आई है, जिसने लोगों को हैरान भी किया है और सोचने पर मजबूर भी. बगेन गोला थाना क्षेत्र की रहने वाली दो महिलाओं ने सामाजिक परंपराओं को चुनौती देते हुए आपस में शादी रचा ली. यह अनोखी शादी अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गई है. दोस्ती से शुरू हुआ रिश्ता, बदल गया प्यार में जानकारी के मुताबिक, संध्या देवी की शादी साल 2010 में अतवारु यादव से हुई थी और उनके दो बच्चे भी हैं. पति बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं. वहीं दूसरी ओर रूबी कुमारी अविवाहित हैं. बताया जा रहा है कि दोनों पिछले करीब 15 दिनों से एक-दूसरे के साथ समय बिता रही थीं और साथ में वीडियो भी बना रही थीं. इसी दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और यह दोस्ती धीरे-धीरे प्रेम संबंध में बदल गई. विंध्याचल मंदिर में रचाई शादी, बक्सर में निभाई रस्म जब दोनों ने साथ रहने का फैसला किया, तो उन्होंने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार शादी करने का निर्णय लिया. 4 अप्रैल को दोनों ने विंध्याचल स्थित अष्टभुजी मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से विवाह किया. इसके बाद बक्सर लौटकर रामेश्वर नाथ मंदिर में भी एक-दूसरे को माला पहनाकर शादी की रस्म निभाई और भगवान का आशीर्वाद लिया इस शादी के बाद पूरे इलाके में तरह-तरह की बातें हो रही हैं. कुछ लोग इसे प्रेम की नई परिभाषा मान रहे हैं और दोनों के साहस की सराहना कर रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग इसे समाज की परंपराओं के खिलाफ कदम बता रहे हैं. गांव और आसपास के इलाकों में यह मामला तेजी से फैल गया है और हर किसी की जुबान पर यही कहानी है.

## शराबबंदी को तेजस्वी ने बताया बिहार का सबसे बड़ा सांस्थानिक भ्रष्टाचार, कहा- 40 हजार करोड़ की समानांतर इकोनॉमी हुई खड़ी



**पटना (एजेंसी)** आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शराबबंदी कानून को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं. उन्होंने आंकड़ों और तर्कों के जरिए दावा किया है कि यह कानून अपने मूल उद्देश्य में असफल रहा है और इसके पीछे सिस्टम और माफिया के गठजोड़ की भूमिका है. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार सरकार पर हमला बोलते हुए शराबबंदी को सबसे बड़ा ह्यसांस्थानिक भ्रष्टाचारह्ण करार दिया है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्ण पर जारी एक पोस्ट में तेजस्वी ने आरोप लगाया कि शराबबंदी के नाम पर बिहार में 40 हजार करोड़ रुपये की एक समानांतर अवैध अर्थव्यवस्था खड़ी हो गई है, जिसका सीधा फायदा शराब माफिया और शासन-प्रशासन के नापाक गठजोड़ को मिल रहा है. 10 साल में क्या बदला? तेजस्वी का सीधा सवाल तेजस्वी यादव ने अपने पोस्ट में कहा कि शराबबंदी लागू हुए एक दशक बीत चुका है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट दिखाई देती है. उन्होंने आरोप लगाया कि इस कानून के बावजूद बिहार में अवैध शराब का नेटवर्क मजबूत हुआ है और एक समानांतर अर्थव्यवस्था खड़ी हो गई है. तेजस्वी ने दावा किया कि अब तक 11 लाख से अधिक केस दर्ज हुए और 16 लाख लोगों की गिरफ्तारी हुई है. इसके साथ ही 5 करोड़ लीटर से ज्यादा शराब जब्त की गई है. उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब इतनी बड़ी मात्रा में शराब बरामद हो रही है, तो आखिर इसकी सप्लाई चेन कहां से संचालित हो रही है. गिरफ्तारी गरीबों की, माफिया आजाद अपने पोस्ट में उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून का सबसे ज्यादा असर गरीब, दलित और पिछड़े वर्ग पर पड़ा है. तेजस्वी के अनुसार, बड़े तस्कर और नेटवर्क से जुड़े लोग अब भी कानून की पकड़ से बाहर हैं, जबकि छोटे स्तर के लोगों पर कार्रवाई हो रही है. तेजस्वी यादव ने शासन-प्रशासन पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अगर रोज हजारों लीटर शराब पकड़ी जा रही है, तो यह साफ संकेत है कि सिस्टम के भीतर कहीं न कहीं गड़बड़ी है. उन्होंने सरकार से मांग की कि सिर्फ जब्ती नहीं, बल्कि खपत के वास्तविक आंकड़े भी सार्वजनिक किए जाएं. 58 साल बनाम 10 साल शराबबंदी को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए तेजस्वी ने इतिहास के पन्ने पलटे हैं. उन्होंने बताया कि 2005 तक पूरे बिहार में केवल 3000 शराब की दुकानें थीं, लेकिन 10 वर्षों के भीतर यह संख्या बढ़कर 6000 हो गई. जिस बिहार में प्रतिवर्ष औसतन 51 दुकानें खुलती थीं, वहां मौजूदा सरकार हर साल 300 दुकानें खुलने लगीं. तेजस्वी का आरोप है कि पहले बिहार सरकार ने हर घर तक शराब पहुंचाई और अब सुधारक बनने का स्वांग रच रहे हैं ताकि भ्रष्टाचार का नया रास्ता खुल सके.

# गर्मियों में इस तरह बनाएं मखाना रायता, स्वाद और सेहत के लिए है बेहद फायदेमंद

मखाना खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है. इसे अंग्रेजी में फॉक्स नट के नाम से जाना जाता है. मखाना कमल के बीजों से बनता है और यह कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है. इसे स्थानीय भाषा में मखाना कहते हैं. कई लोग इसके नाम से भी परिचित नहीं होंगे, लेकिन यह कई गुणों से भरपूर होता है. यह कई देशों में भी लोकप्रिय है. मखाना वजन कम करने में खा, भूमिका निभाता है, इसके अलावा यह ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने में भी खास भूमिका निभाता है. विशेषज्ञों का कहना है कि इसमें मौजूद प्रोटीन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, कार्बोहाइड्रेट और मिनरल्स शरीर के लिए बहुत लाभकारी होते हैं. 2017 में जर्नल ऑफ फूड साइंस में प्रकाशित % मखाना (यूरीएल फेरोक्स सेलिसब) का पोषण और फाइटोकेमिकल विश्लेषण शीर्षक वाले एक अध्ययन में भी यह बात सामने आई थी.

वैसे तो मखाने को आप अपने डाइट में कई तरह से शामिल कर सकते हैं, लेकिन गर्मियों में इसका रायता बनाकर खाना न सिर्फ स्वादिष्ट होता है बल्कि ये सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है. गर्मियां शुरू होते ही हर कोई दही को किसी न किसी रूप में अपनी रोजाना आहार में शामिल कर लेता है. बता दें, गर्म मौसम में दही शरीर को हेल्दी रखने में बहुत मददगार होता है, वहीं मखाने के फायदों को कौन नहीं जानता है, ऐसे में अगर मखाना और दही का कॉम्बिनेशन एक ही रेसिपी में मिल जाए तो क्या ही कहना.

मखाना का रायता बनाने के लिए सामग्री
1 कप दही
2 कप मखाना
1 छोटा चम्मच रायता मसाला
स्वादानुसार लाल मिर्च पाउडर
1 छोटा चम्मच चाट मसाला
1 छोटा चम्मच गरम मसाला
1 चम्मच देसी घी
बारीक कटा हुआ धनिया 1 चम्मच
स्वादानुसार नमक

बनाने की विधी

मखाना का रायता बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन लें और मध्यम आंच पर गर्म करें. फिर इसमें एक चम्मच देसी घी डालकर थोड़ा गर्म होने पर इसमें मखाने डालकर भूनें. जब मखानों का रंग हल्का सुनहरा हो जाए तो गैस बंद कर दें और मखानों को एक प्लेट में निकाल कर अलग रख लें. जब मखाने ठंडे हो जाएं तो इन्हें मिक्सर में डालकर दरदरा कर पीस लें. अब एक बर्तन लें और इसमें दही डालकर अच्छे से फेंट लें. आप चाहें तो दही को मिक्सर ग्राइंडर में डालकर भी फेंट सकते हैं. जब दही अच्छे से मिक्स हो जाए तो इसमें चाट मसाला, गरम मसाला, लाल मिर्च पाउडर, रायता मसाला और स्वादानुसार नमक डालकर अच्छें से मिला लें. अब इसमें में दरदरा पिसा हुआ मखाना डालकर मिला लें. यदि रायता बनने के बाद गाढ़ा लग रहा हो तो इसमें अपनी जरूरत के हिसाब से पानी मिला लें. आपका स्वादिष्ट मखाना रायता बनकर तैयार है. अब इसे हरा धनिया डालकर गार्निश करें और सर्व करें.



## गर्मियों में बढ़ जाती है पेट खराब होने की समस्या, डाइट में शामिल करें ये चीजें, मिलेगी राहत

गलत जीवनशैली और खानपान के कारण लोग कई स्वास्थ्य समस्याओं का शिकार हो रहे हैं. इनमें पेट से संबंधित समस्याएं भी शामिल हैं. पेट से संबंधित समस्याओं के दौरान आपको कब्ज, बवासीर और दस्त का सामना करना पड़ सकता है. इन समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए आप अपनी डाइट में कुछ हेल्दी चीजों को शामिल कर सकते हैं, जो पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत दिलाने में आपकी मदद करेंगी. डॉ. चैताली राठौड़ ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने पेट से जुड़ी समस्याओं से राहत पाने के लिए डाइट में कुछ खास चीजों को शामिल करने की सलाह दी है.

पेट से संबंधित समस्याओं से राहत पाने के लिए आहार

गरम पानी- दिनभर गर्म पानी पीने से पेट की समस्याओं और कब्ज से राहत मिलती है.

धनिये के बीज- धनिया की तासीर प्राकृतिक रूप से ठंडी होती है धनिया के बीज पेट और एसिडिटी की समस्याओं को रोकते हैं.

अदरक- अपने आहार में अदरक को शामिल करें। इससे पाचन संबंधी समस्याओं से राहत मिल सकती है.

गाय का घी- अपने भोजन में 1 बड़ा चम्मच गाय का घी मिलाएं। इससे पाचन तंत्र मजबूत होता है.

पुदीने की चाय- वात और पित दोषों को संतुलित करने के लिए दिन में एक या दो बार पुदीने की चाय पिएं। पुदीने की पत्तियों को 1 कप पानी में उबालें। आप पुदीने की पत्तियों को चबाकर या छानकर भी भोजन से पहले पी सकते हैं.

मूंग की दाल- हरी मूंग दाल प्रोटीन और फाइबर का अच्छा स्रोत है. इसे अपने आहार में शामिल करके आप पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पा सकते हैं.

अंजीर- भीगे हुए अंजीर कब्ज और हाइपरएसिडिटी से राहत दिला सकते हैं.

काला नमक- काला नमक गैस, सूजन और भूख जैसी समस्याओं में सुधार करता है.

अनार- अनार में कई पोषक तत्व और स्वास्थ्य लाभ होते हैं। मीठा अनार पाचन में सहायता करता है, आयरन बढ़ाता है, और हार्मोनल स्वास्थ्य में मदद करता है.

गुलकंद- गुलकंद आईबीएस, कब्ज, हाइपरएसिडिटी और बांझपन में मदद करता है। इसके साथ ही गुलकंद पित्त और वात दोषों को संतुलित करता है. सर्वोत्तम परिणामों के लिए इसे दिन में दो बार 1-2 चम्मच लें.





# चेहरे पर पार्लर जैसा निखार लाने के लिए काफी है सिर्फ एक टमाटर, ऐसे करें इस्तेमाल

आप शायद पहले से ही जानते होंगे कि टमाटर कई कारणों से एक सुपरफूड है. यह न केवल आपके पेट के स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा है, बल्कि आपकी त्वचा के लिए भी चमत्कारी है. टमाटर उन लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है जो बिना अधिक पैसे खर्च किए बहुत आसानी से सुंदर और आकर्षक दिखना चाहते हैं. टमाटर में चेहरे की चमक बढ़ाने और त्वचा की कई समस्याओं को ठीक करने की क्षमता होती है. इसमें विटामिन ए, सी और के भरपूर मात्रा में होते हैं. ये विटामिन त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं.



आपको बता दें, टमाटर में ऐसी खटास होती है जो आपकी त्वचा के रोमछिद्रों को खोलने में मददगार होती है और मुंहासों के इलाज में मदद करती है. टमाटर का इस्तेमाल हेल्दी स्किन सेल्स को प्रदूषित करने वाले फ्री रेडिकल्स को हटाने के लिए भी किया जा सकता है. बहुत से लोग अपनी बिजी लाइफस्टाइल के कारण त्वचा की देखभाल पर ध्यान नहीं देते हैं. ऐसे लोगों के लिए घर पर टमाटर का फेस पैक बनाना बहुत आसान है. चेहरे पर काले धब्बे, पिगमेंटेशन, झुर्रियां और एक्स्ट्रा ऑयल को हटाने के लिए यह एक बेहतर उपाय है. टमाटर स्किन को जवां बनाए रखने में भी कारगर है. इस बारे में स्किन एक्सपर्ट ने कुछ खास टिप्स बताए हैं.

इसके लिए सबसे पहले एक ताजे टमाटर को आधा काट लें और फिर इसे अपनी त्वचा पर हल्के हाथों से मसाज करें. 15 से 20 मिनट बाद इसे धो लें. ऐसा करने से स्किन पिगमेंटेशन दूर करने में मदद मिलेगी.

दूसरा तरीका यह है कि एक टमाटर लें और उसे अच्छी तरह से मैश करें और उसमें एक बड़ा चम्मच दही मिलाएं. इसे अच्छी तरह से मिलाएं और अपने चेहरे पर लगाएं. 15 मिनट बाद इसे गुनगुने पानी से धो लें. यह मुहांसों को रोकने के लिए एक बेहतरीन मास्क है.

वहीं, तीसरा तरीका यह है कि 2 से 3 चम्मच टमाटर की प्यूरी लें और इसमें 1 चम्मच नींबू का रस डालें और मिला लें. अब इस मिश्रण को त्वचा पर लगाकर 10 से 15 मिनट बाद धो लें. यह स्किन पर काले धब्बे और पिगमेंटेशन को हटाने और त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करेगा.

चौथा तरीका यह है कि एक टमाटर को पीसकर मुलायम पेस्ट बना लें. इसमें आधा चम्मच हल्दी पाउडर डालें और मिला लें. इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें. यह मास्क त्वचा की सूजन और रंग परिवर्तन जैसी समस्याओं को दूर करने में प्रभावी है. यह सूर्य की रोशनी से होने वाली त्वचा की क्षति की मरम्मत में भी मदद करेगा.

पांचवा तरीका यह है कि एक टमाटर को आधा काटें और उसपर थोड़ा चीनी छिड़क दें. आप इसका उपयोग अपने चेहरे और गर्दन पर तीन मिनट तक गोलाकार गति में धीरे-धीरे मालिश करने के लिए कर सकते हैं. फिर इसे ठंडे पानी से धो लें. यह डेड स्किन सेल्स को हटाने और त्वचा को नरम बनाने के लिए सबसे अच्छा है. ऐसा करना भी चेहरे की चमक बढ़ाने में कारगर है.

## बहुत ज्यादा टेंशन होने पर कैसे करें मन शांत, जानिए काम आने वाले 5 तरीके

रोजाना के बिजी शेड्यूल की वजह से ज्यादा तर लोग खुद के लिए समय नहीं निकाल पाते। भागदौड़ भरी जिंदगी में बहुत से लोग तनावग्रस्त हैं। तनाव की वजह से मन अशांत रहता है और बड़े फैसले लेना मुश्किल होता है। टेंशन के बीच मन को शांत रखना सरल काम नहीं है, लेकिन नामुमकिन भी नहीं है। छोटे-छोटे तरीकों को अपनाकर आप टेंशन में भी मन को शांत रख सकते हैं।

गहरी सांस लेना

अपनी नाक से गहरी सांस लें और फिर कुछ सेकंड के लिए रोककर रखें बाद में अपने मुंह से धीरे-धीरे सांस छोड़ें। ऐसा करते समय अपनी सांस की अनुभूति पर ध्यान केंद्रित करें।

माइंडफुलनेस प्रेक्टिस आएगी काम

अपने आस-पास के माहौल और शरीर की संवेदनाओं पर ध्यान दें। आप 5-4-3-2-1 तकनीक को आजमा सकते हैं। इसके लिए 5 ऐसी चीजें पहचानें जिन्हें आप देख सकते हैं, 4 ऐसी चीजें जिन्हें आप छू सकते हैं, 3 ऐसी चीजें जिन्हें आप सुन सकते हैं, 2 ऐसी चीजें जिन्हें आप सूंघ सकते हैं और 1 ऐसी चीज जिसे आप चख सकते हैं।

टहलने से मिलेगी मदद

टेंशन के बीच मन को शांत रखने का सबसे अच्छा तरीका है कुछ मिनटों के लिए बाहर निकलें और वॉक करें। इस दौरान अपने आस-पास के वातावरण पर ध्यान केंद्रित करें।

शांत करने वाले म्यूजिक को सुनें

बहुत ज्यादा टेंशन के बीच ऐसा करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। लेकिन अगर आप गलत फैसले लेने से बचना चाहते हैं तो मन शांत करने के लिए शांत करने वाले म्यूजिक को सुनें। म्यूजिक हृदय गति और ब्लडप्रेशर को कम करने में मदद कर सकता है।

च्युइंग गम आएगी काम

बहुत से लोग इसे खाना पसंद नहीं करते हैं लेकिन स्ट्रेस के बीच मन शांत करने में ये आपकी मदद कर सकती है। जब भी आपको तनाव महसूस हो तो च्युइंग गम चबाना शुरू कर दें। दरअसल च्युइंग गम चबाने से तनाव से जुड़े हार्मोन कोर्टिसोल के लेवल को कम करने में मदद मिलती है, जिससे यह तनाव को जल्दी से मैनेज करने में मदद करता है।

## बिना एक बूंद तेल डाले सिर्फ 10 मिनट में बनाएं ये तीखी और स्वादिष्ट चटनी

**अक्सर ऐसा होता है कि हमारे पास सब्जी का ऑप्शन नहीं होता या सब्जी बनाने का समय नहीं होता, ऐसे में महिलाओं के सामने सवाल होता है कि अब किचन का क्या करें. ऐसे मौकों पर ज्यादातर घरों में आटे या दाल से बनी चीजें बनती हैं. लेकिन आज हम आपके लिए एक अलग ऑप्शन लेकर आए हैं. अगर आपके घर में सब्जी का ऑप्शन नहीं है तो आप ये रेसिपी ट्राई कर सकती हैं.**

चटनी बनाने की सामग्री हर किसी के घर में मौजूद होती है. कुछ लोग मिक्सी में पीसकर किसी तरह की चटनी बना लेते हैं या फिर कई तरह की सामग्री और तेल मिलाकर चटनी बना लेते हैं. लेकिन एक ऐसी चटनी भी है जो बिना तेल के बनती है. इसके लिए आपको चूल्हा जलाने की भी जरूरत नहीं है. इसके अलावा इस चटनी को बनाने में ज्यादा मेहनत भी नहीं लगती. ये स्वादिष्ट चटनी बहुत कम सामग्री और बहुत कम समय में बनकर तैयार हो जाती है.



आइए जानते हैं 10 मिनट में बनने वाली प्याज और मिर्च की चटनी बनाने की विधि...

प्याज हरी मिर्च चटनी के लिए आवश्यक सामग्री
हरी मिर्च – 10 से 12
बड़े प्याज – 1
जीरा – 1 छोटा चम्मच
इमली – आवश्यकता अनुसार
छिली हुई लहसुन की कलियां – 10
धनिया पत्ती – आवश्यकता अनुसार
नमक – स्वाद अनुसार

बनाने की विधि

ऐसी मोटी हरी मिर्च चुनें जो आपके द्वारा प्रतिदिन उपयोग की जाने वाली गहरी हरी मिर्च की तुलना में कम हरी हो। क्योंकि मोटी मिर्च पतली मिर्च की तुलना में कम तीखी होती है.

अब मिर्च को बारीक काट लें.

यदि आप चटनी को तीखा बनाना चाहते हैं तो आप इसमें दो या तीन गहरे हरे मिर्च भी डाल सकते हैं.

इमली के टुकड़े लें और उन्हें एक कटोरे में भिगो दें.

लहसुन की कलियां छीलकर अलग रख दें.

अब एक बड़ा प्याज लें और उसे मध्यम आकार के टुकड़ों में काट लें.

फिर उपरोक्त सभी सामग्री को एक कटोरे में डालें और इसमें एक चम्मच जीरा डालें.

इस मिश्रण में भिगोई हुई इमली का पानी डालें और अच्छी तरह मिला लें.

इस मिश्रण को मिक्सर में पीस लें, लेकिन ध्यान रखें कि आपको पूरा थोड़ा दरदरा पीसना है या फिर आपको पास कूटने के लिए ओखली और मूसल सेट है तो उसमें अच्छे से कूट लें

चटनी अगर मोटी होगी तो ही खाने पर उसका स्वाद बेहद अच्छा लगेगा.

अब स्वादिष्ट चटनी तैयार है.

इस चटनी को आप रोटी या गरम चावल के साथ खा सकते हैं.

# आईपीएल 2026 : ऑरेंज कैप की रेस में समीर रिजवी आगे, पर्पल कैप पर रवि बिश्नोई का कब्जा

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शुरूआती मुकाबलों के बाद ऑरेंज कैप (सबसे ज्यादा रन बनाने वाले को दिया जाता है) और पर्पल कैप (सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले को दिया जाता है) की रेस दिलचस्प हो गई है। सभी टीमों के दो-दो मैच पूरे हो चुके हैं, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स ने तीन-तीन मुकाबले खेले हैं।






**ऑरेंज कैप की दौड़**

रनों की सूची में इस समय दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज समीर रिजवी शीर्ष पर हैं, जिन्होंने शानदार शुरूआत करते हुए 160 रन बना लिए हैं। रिजवी ने दोनों पारियों में लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को जीत दिलाई। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 47 गेंदों में नाबाद 70 रन और मुंबई इंडियंस के खिलाफ 51 गेंदों में 90 रन की मैच जिताऊ पारियां खेलीं। इन दोनों मुकाबलों में उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। दूसरे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन हैं, जिन्होंने तीन पारियों में 145 रन बनाए हैं। क्लासेन ने 31, 52 और 62 रनों की पारियां खेलते हुए 147.95 के स्ट्राइक रेट से प्रभावित किया है। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा 113 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 38 गेंदों में 78 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। इसके अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के देवदत्त पडिक्कल (111 रन), पंजाब किंग्स के कूपर कोनोली (108 रन) और कोलकाता नाइट राइडर्स के अंगकृष रघुवंशी (103 रन) भी 100 से अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल हैं।

**पर्पल कैप की रेस**

गेंदबाजों की बात करें, तो इस समय चार खिलाड़ी पांच-पांच विकेट लेकर बराबरी पर हैं। इनमें रवि बिश्नोई पर्पल कैप की रेस में आगे हैं। बिश्नोई ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 4 विकेट लेकर राजस्थान रॉयल्स को जीत दिलाई। यह इस सीजन के अब तक के दो चार विकेट हॉल में से एक है। दूसरा प्रदर्शन कोलकाता नाइट राइडर्स के ब्लेसिंग मुजरबानी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ किया था। अन्य गेंदबाजों में पंजाब किंग्स के विजयकुमार विशाक, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जैकब डफी और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज भी पांच-पांच विकेट लेकर इस रेस में बने हुए हैं। आईपीएल 2026 के शुरूआती चरण में ही बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है, जो आगे और रोमांचक होने की उम्मीद है।

# वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज में भारत का जलवा, 13 पदकों के साथ रहा शीर्ष पर



एजेंसी

**नई दिल्ली :** बैंकॉक में आयोजित हुंडई वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज में भारतीय पैरा तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्व मंच पर अपनी ताकत का दमदार परिचय दिया। भारतीय टीम ने कुल 13 पदक (7 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य) जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। 22 सदस्यीय भारतीय दल ने रिकर्व, कंपाउंड और डब्ल्यू1 वर्ग में हिस्सा लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन, दृढ़ संकल्प और अद्भुत जज्बे से सभी को प्रभावित किया। यह प्रदर्शन वैश्विक पैरा तीरंदाजी में भारत के बढ़ते कद को दर्शाता है। भारत के अभियान की अगुवाई कंपाउंड वर्ग में दबदबे के साथ हुई, जहां टीम ने सभी तीन टीम स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीते। महिला टीम स्पर्धा में शीतल देवी और पायल नाग ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, पुरुष टीम स्पर्धा में तोमन कुमार और श्याम सुंदर स्वामी ने स्वर्ण जीता। मिश्रित टीम स्पर्धा में शीतल देवी और तोमन कुमार की जोड़ी ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रिकर्व पुरुष टीम स्पर्धा में विजय सुंडी और हरविंदर सिंह ने स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा व्यक्तिगत और टीम स्पधाओं में कई अन्य पदक जीतकर भारत ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। इस अभियान की खास बात कंपाउंड महिला व्यक्तिगत स्पर्धा का ऑल-इंडिया फाइनल रहा, जिसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय खिलाड़ियों के दबदबे को दर्शाया। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि यह भारतीय पैरा तीरंदाजी के लिए ऐतिहासिक और गर्व का क्षण है। खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन और अदम्य साहस से देश का नाम रोशन किया है। संघ के महासचिव वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि खिलाड़ियों ने केवल पदक ही नहीं जीते, बल्कि पूरे देश को प्रेरित भी किया है। पायल नाग जैसे उभरते खिलाड़ियों और शीतल देवी जैसे स्थापित चैंपियनों ने टीम की ताकत और भविष्य की संभावनाओं को दर्शाया है। इस टूर्नामेंट में पायल नाग उभरती हुई स्टार के रूप में सामने आईं, जिन्होंने बेखौफ प्रदर्शन करते हुए टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई। वहीं, शीतल देवी ने एक बार फिर अपने शानदार प्रदर्शन से यह साबित किया कि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में शामिल हैं। भारत का यह प्रदर्शन न केवल पदकों के लिहाज से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह वैश्विक मंच पर देश की मजबूत दावेदारी का भी संकेत है। भारतीय पैरा तीरंदाजों का यह अभियान उनके जज्बे, मेहनत और उत्कृष्टता का प्रतीक है। भारतीय तीरंदाजी संघ ने सभी खिलाड़ियों, कोच और सपोर्ट स्टाफ को इस ऐतिहासिक सफलता के लिए बधाई दी है और आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# सचिवालय सुपर लीग में माइटीज और सचिवालय ए की शानदार जीत

एजेंसी

**देहरादून :** सचिवालय सुपर लीग में आज खेले गए मुकाबलों में सचिवालय माइटीज और सचिवालय ए ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैच जीत लिए। दिन का पहला मुकाबला सचिवालय माइटीज और सचिवालय ईगल्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिवालय ईगल्स ने 130 रन बनाए, जिसमें भूपेंद्र बिष्ट ने सर्वाधिक 34 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी में अरविंद दानू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सचिवालय माइटीज की टीम ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम के लिए यश ने सर्वाधिक 46 रन बनाए। वहीं, ईगल्स की ओर से तेजपाल और अंकित को 1-1 विकेट मिला। शानदार गेंदबाजी के लिए अरविंद दानू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दिन का दूसरा मुकाबला सचिवालय ए और सचिवालय स्पार्टन के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सचिवालय स्पार्टन ने 120 रन बनाए। टीम के लिए सचिन ने 33 और अमन ने 28 रन की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। गेंदबाजी में राहुल जेटली और टिकराज ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए सचिवालय ए ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 13.2 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया और 8 विकेट से जीत दर्ज की। टीम के लिए टी एच खान ने सर्वाधिक 43 रन बनाए। स्पार्टन की ओर से अंकुश और सौरव को 1-1 विकेट मिला। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए टी एच खान को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। टूर्नामेंट में दोनों विजेता टीमों ने संतुलित खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी दावेदारी मजबूत कर दी है।

# आईपीएल 2026 : लखनऊ की जीत पर विवाद आवेश खान की हरकत से सनराइजर्स नाराज

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में रविवार (5 अप्रैल) को खेले गए मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स की सनराइजर्स हैदराबाद पर जीत के साथ विवाद भी जुड़ गया है। इस पूरे मामले के केंद्र में लखनऊ के तेज गेंदबाज आवेश खान हैं, जिनकी एक हरकत पर सवाल उठाए जा रहे हैं। दरअसल, मैच के अंतिम ओवर में जब ऋषभ पंत ने जयदेव उनादकट की गेंद पर बाउंड्री लगाई, उसी दौरान लखनऊ के डगआउट के पास खड़े आवेश खान ने बल्ले से गेंद को मार दिया। कुछ लोगों का दावा है कि गेंद तब तक बाउंड्री लाइन पार नहीं कर पाई थी। सोशल मीडिया पर यह भी बहस छिड़ गई कि सनराइजर्स हैदराबाद को पांच पेनल्टी रन मिलने चाहिए थे और अंपायरों को नियम 20.1 (डेड बॉल) और नियम 41 (अनुचित खेल) लागू करना चाहिए था। हालांकि, क्रिकेट नियमों के



जानकारों के मुताबिक आवेश खान की यह हरकत भले ही अनुचित और गैर-पेशेवर रही हो, लेकिन इसे फील्डर के प्रयास में बाधा नहीं माना जा सकता, क्योंकि उस समय गेंद को रोकने के लिए कोई फील्डर मौजूद नहीं था। ऐसे में अनुचित खेल के नियम लागू नहीं किए जा सकते। उस समय मैच की स्थिति ऐसी थी कि लखनऊ को जीत के लिए केवल एक रन की जरूरत थी और स्कोर बराबर था। एक अंपायर ने भी स्पष्ट किया कि इस स्थिति में बाउंड्री को रद्द करने का कोई आधार नहीं बनता। सूत्रों के अनुसार सनराइजर्स हैदराबाद इस मामले को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से शिकायत कर सकती है। टीम पहले से ही अपने पिछले दो मैचों में अंपायरिंग फैसलों से असंतुष्ट बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मैच में हेनरिक क्लासेन को बाउंड्री लाइन पर फिल सॉल्ट द्वारा पकड़े गए कैच पर आपत्ति है। वहीं, कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ईडन गार्डन्स में 2 अप्रैल को खेले गए मुकाबले में अभिषेक शर्मा के आउट दिए जाने पर भी सवाल उठाए गए हैं।

# आईसीसी ने मार्च के लिए सैमसन और बुमराह को 'प्लेयर ऑफ द मंथ' नामित किया

एजेंसी

**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मार्च के लिए सोमवार को महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के नामों का ऐलान कर दिया है। इस बार भारत के स्टार खिलाड़ी संजू सैमसन और जसप्रीत बुमराह को पुरुष वर्ग में नामित किया गया है। दोनों खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से टीम को बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है, जिसके चलते इन्हें इस सम्मान का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। संजू सैमसन ने मार्च महीने में काफी अच्छी बल्लेबाजी की है। उन्होंने आईसीसी टी-20 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन बनाए और इसके बाद इंग्लैंड तथा न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल और फाइनल में लगातार 89-89 रनों की पारियां खेलीं। उनकी इन पारियों ने टीम को मुश्किल हालात से निकालकर खिताबी जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जसप्रीत बुमराह ने भी आईसीसी टी 20 विश्व कप में अपनी सटीक और किफायती गेंदबाजी से विरोधी टीमों को पूरी तरह दबाव में रखा। उन्होंने अहम मुकाबलों में कुल 7 विकेट लिए और फाइनल में 4 ओवर में सिर्फ 15 रन देकर 4 विकेट झटकते हुए मैच जिताऊ प्रदर्शन किया। बुमराह और सैमसन के अलावा अन्य नामितों में दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज कॉनर एस्टरहुइजन भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने शुरूआती अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 5 मैचों में 200 रन बनाए और अपनी टीम को श्रृंखला जिताने में अहम भूमिका निभाई। महिला वर्ग में न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी और दक्षिण अफ्रीका की अयाबोंगा खाका को नामांकन मिला है। इन सभी खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से इस सम्मान के लिए मजबूत दावेदारी पेश की है। महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का चयन विशेषज्ञों की समिति और दुनियाभर के प्रशंसकों के मतदान के आधार पर किया जाता है। इसमें विशेषज्ञों के वोट का हिस्सा अधिक होता है, जबकि प्रशंसकों के वोट भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विजेताओं की घोषणा हर महीने के दूसरे सप्ताह में की जाती है।

# अगर पडिक्कल इसी तरह बैटिंग करते रहे, तो उन्हें भारतीय टीम से बाहर रखना मुश्किल होगा : दिनेश कार्तिक

एजेंसी

नई दिल्ली : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के मेंटर दिनेश कार्तिक का मानना है कि देवदत्त पडिक्कल को भारतीय टीम से लंबे समय तक बाहर रखना मुश्किल होगा, जिस तरह से वह घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद कद्धछ में बैटिंग कर रहे हैं। रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आरसीबी की बड़ी जीत में पडिक्कल ने अहम भूमिका निभाई, उन्होंने 29 गेंदों में ताबड़तोड़ 50 रन बनाए। चिन्नास्वामी स्टेडियम में पडिक्कल की शांत और संयमित पारी के बारे में पूछे जाने पर आरसीबी के बैटिंग कोच कार्तिक ने शुरूआती मुश्किल दौर




में उनके संयम की तारीफ की जिसके बाद उन्होंने खुलकर खेलना शुरू किया। कार्तिक ने कहा, 'सबसे पहली बात जो सामने आती है, वह है उनका पक्का इरादा। इस तरह की पिच पर, जब शुरूआत में रन आसानी से नहीं बनते, तो कई बैटर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश करते हैं और अपनी विकेट गंवा बैठते हैं। जब हालात मुश्किल थे, तब भी धैर्य बनाए रखने के लिए देवदत्त ने बहुत हिम्मत दिखाई। उन्होंने कहा, 'जैसे ही उन्हें पहली बाउंड्री मिली, आप देख सकते थे कि उन्होंने अपनी बैटिंग का गियर बदल दिया। वह सही क्रिकेटिंग शॉट खेल रहे हैं और गेंद को जोरदार तरीके से मार रहे हैं। अगर वह इसी तरह बैटिंग करते रहे, तो उन्हें भारतीय टीम से लंबे समय तक बाहर रखना मुश्किल होगा। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में खूब रन बनाए हैं और हम जानते हैं कि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं।' कार्तिक ने आगे कहा, 'एक और बात जो काबिले-तारीफ है कि वह यह कि वह कर्नाटक के ड्रेसिंग रूम में एक लीडर के तौर पर उभरकर सामने आ रहे हैं। 25 साल की उम्र में भी, वह अपने आइडिया और लीडरशिप से टीम में योगदान दे रहे हैं, और यह देखना बहुत अच्छा लगता है।' पडिक्कल की पारी में 5 बाउंड्री और दो छक्के शामिल थे, जिससे आरसीबी 250/3 के विशाल स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही इससे पहले टिम डेविड ने 25 गेंदों में 70 रन की तूफानी पारी खेली थी। आरसीबी ने यह मैच 43 रनों से जीता और उरङ को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा।

## संक्षिप्त खबरें

### रग्बी प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण 16 से 28 जून तक, हैदराबाद करेगा मेजबानी

**नई दिल्ली :** जीएमआर स्पोर्ट्स और रग्बी इंडिया ने संयुक्त रूप से रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) के दूसरे संस्करण की घोषणा की है। यह लीग 16 से 28 जून 2026 के बीच हैदराबाद के गाचीबौली स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। पिछले वर्ष मुंबई में सफल पहले संस्करण के बाद आरपीएल एक बार फिर तेज-तर्रार रग्बी 72 प्रारूप में लौट रही है। लीग का उद्देश्य भारत में रग्बी के विकास को गति देना और इसे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। दूसरे संस्करण में पहले सीजन की छह फ्रेंचाइजी टीमें हिस्सा लेंगी, जिससे भारतीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को उच्च स्तर का मंच मिलेगा और दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। हैदराबाद में आयोजन का फैसला खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में जीएमआर स्पोर्ट्स की दीर्घकालिक योजना का हिस्सा है। हाल ही में कंपनी ने तेलंगाना सरकार के साथ भारत फ्यूचर सिटी में सैटेलाइट स्पोर्ट्स सिटी विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। तेलंगाना सरकार के विशेष मुख्य सचिव (युवा विकास, पर्यटन एवं संस्कृति और खेल विभाग) जयेश रंजन ने कहा कि हैदराबाद का वैश्विक खेल केंद्र के रूप में उभरना राज्य की दीर्घकालिक नीति और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों का परिणाम है। ऐसे आयोजन पर्यटन, शहर की पहचान और राज्य की खेल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देते हैं। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा कि आरपीएल का लक्ष्य हर बार बेहतर प्रदर्शन करना और प्रशंसकों, प्रायोजकों व फ्रेंचाइजी के लिए बेहतर अनुभव प्रदान करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि हैदराबाद में होने वाला आरपीएल 2026 और भी अधिक रोमांचक होगा। जीएमआर स्पोर्ट्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्यम त्रिवेदी ने कहा कि हैदराबाद का उत्कृष्ट खेल बुनियादी ढांचा, बेहतर कनेक्टिविटी और उत्साही दर्शक इसे इस लीग के लिए आदर्श स्थान बनाते हैं। यह आयोजन युवाओं को प्रेरित करेगा और रग्बी के प्रति भागीदारी बढ़ाने में मदद करेगा। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ तेलंगाना की उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. ए. सोनिबाला देवी ने कहा कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय आयोजन उभरते खिलाड़ियों को अनुभव प्रदान करते हैं और राज्य के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाते हैं। उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा, स्थापित लीग प्रारूप और नए मेजबान शहर के साथ रग्बी प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण भारत में इस खेल के विकास में अहम भूमिका निभाने के साथ दर्शकों को शीर्ष स्तर का रोमांच प्रदान करेगा।

### एफए कप 2026 सेमीफाइनल: मैन सिटी का सामना साउथेम्प्टन से, लीड्स यूनाइटेड से भिड़ेगी चेल्सी

**नई दिल्ली :** एफए कप 2025-26 के सेमीफाइनल मुकाबलों का ऐलान हो गया है। पहले सेमीफाइनल में मैनचेस्टर सिटी का सामना साउथेम्प्टन से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल



में चेल्सी की टक्कर लीड्स यूनाइटेड से होगी। ये दोनों मुकाबले 25 और 26 अप्रैल के वीकेंड पर खेले जाएंगे। दोनों सेमीफाइनल मैच वेम्बली स्टेडियम में आयोजित होंगे। क्वार्टरफाइनल में मैनचेस्टर सिटी ने लिवरपूल को 4-0 से हराकर शानदार अंदाज में अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं चेल्सी ने लीग वन की टीम पोर्ट वेले को 7-0 से करारी शिकस्त दी। क्वार्टरफाइनल का सबसे बड़ा उलटफेर तब देखने को मिला जब साउथेम्प्टन ने आर्सेनल को 2-1 से हराकर सबको चौंका दिया। वहीं, लीड्स यूनाइटेड ने वेस्ट हैम यूनाइटेड को पेनल्टी शूटआउट में हराकर 39 साल बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल मुकाबलों का शेड्यूल: चेल्सी बनाम लीड्स यूनाइटेड – 25 अप्रैल। साउथेम्प्टन बनाम मैनचेस्टर सिटी – 26 अप्रैल।

### श्रेयस अय्यर जल्द बनेंगे टीम इंडिया के कप्तान' पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज का बड़ा बयान

**स्पोर्ट्स डेस्क :** आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स ने शानदार शुरूआत की है और इसके पीछे कप्तान श्रेयस अय्यर की अहम भूमिका रही है। टीम ने लगातार दो जीत दर्ज कर अपने इरादे साफ कर दिए हैं। पिछले सीजन में भी टीम फाइनल तक पहुंची थी, जिसमें अय्यर और कोच रिकी पोंटिंग की जोड़ी ने बड़ा योगदान दिया था। पीबीकेएस के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाक ने अय्यर की कप्तानी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि वह हमेशा अपने खिलाड़ियों का साथ देते हैं, चाहे उनका प्रदर्शन कैसा भी हो। यह एक गेंदबाज के लिए बहुत जरूरी होता है। वह शानदार खिलाड़ी हैं और मुझे पूरा विश्वास है कि वह जल्द ही टीम इंडिया के कप्तान बनेंगे।'वायशाक ने अय्यर के व्यवहार को टीम की सफलता की बड़ी वजह बताया। उन्होंने कहा, 'वह टीम का माहौल हमेशा हल्का रखते हैं। वह हर खिलाड़ी से एक जैसा व्यवहार करते हैं, चाहे वह सीनियर हो या जूनियर। यही चीज हमें और ज्यादा कंफर्टेबल बनाती है।'वायशाक ने आगे कहा, 'मैं कभी भी जाकर उनसे बात कर सकता हूं। उनका दरवाजा हमेशा खुला रहता है। वह खिलाड़ियों को सुनते हैं और समझते हैं, जो एक अच्छे कप्तान की पहचान है।' श्रेयस अय्यर फिलहाल भारत की वनडे टीम के उपकप्तान हैं और शुबमन गिलके डिप्टी की भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि चोट के कारण उन्हें कुछ मौकों पर टीम से बाहर रहना पड़ा, लेकिन वह लगातार टीम मैनेजमेंट की योजनाओं का हिस्सा बने हुए हैं। पिछले सीजन में अय्यर ने ढइङर के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए थे। उन्होंने 17 पारियों में 604 रन बनाए, जिसमें छह अर्धशतक शामिल थे। इस सीजन में भी वह बेहतरीन फॉर्म में नजर आ रहे हैं और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में उन्होंने अर्धशतकीय पारी खेली थी।

### राजस्थान रॉयल्स को तीसरी जीत की तलाश वापसी की उम्मीद में मुंबई इंडियंस

**गुवाहाटी :** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स टूर्नामेंट में तीसरी जीत दर्ज करना चाहेगी वहीं मुंबई इंडियंस पिछले मैच में मिली हार की निराशा से उबरते हुए वापसी के इरादे से मैदान में उतरेगी। बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस मुकाबले में राजस्थान की टीम हालिया जीतों से उत्साहित होकर इस मैच में उतर रही है, यह एक ऐसी टीम है जिसका आत्मविश्वास हर मैच के साथ बढ़ता जा रहा है। उनके प्रदर्शन में आत्मविश्वास झलकता है। रियान पराग की कप्तानी में, टीम में एक अलग ही तरह का संयम देखने को मिल रहा है; यह एक युवा टीम है जो अपने इतिहास के भारी बोझ के बिना खेल रही है, लेकिन अपनी क्षमताओं को लेकर पूरी तरह से जागरूक है। उनकी बल्लेबाजी ने काफी अच्छे संकेत दिए हैं, और टीम के हर खिलाड़ी ने सही समय पर और पूरे तालमेल के साथ अपना योगदान दिया है। यशस्वी जायसवाल ने पारी की शुरूआत में ही तेज और शानदार खेल दिखाते हुए टीम को अच्छी शुरूआत दी है, जिसमें उनका इरादा और निरंतरता साफ झलकती है। वैभव सूर्यवंशी की मौजूदगी ने टीम की बल्लेबाजी में एक नई जान डाल दी है; उनकी निडर बल्लेबाजी ने पावरप्ले के दौरान टीम को काफी गति प्रदान की है। मध्यक्रम में ध्रुव जुरेल ने पूरी परिपक्वता के साथ पारी को संभाला है, जबकि शिमरोन हेटमायर ने दबाव भरे पलों में भी बड़े-बड़े छक्के लगाकर टीम को शानदार फिनिशिंग दी है। पराग ने स्वयं भी अपनी बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों से टीम में अहम योगदान दिया है, जिससे टीम की मुख्य बल्लेबाजी संरचना में स्थिरता बनी रही है।

## एक नजर

### देश के पहले वस्त्र पुनर्प्राप्ति केंद्र ने अबतक 30 मीट्रिक टन अपशिष्ट को किया एकत्र

**नई दिल्ली** : महाराष्ट्र के नवी मुंबई में स्थापित देश के पहले वस्त्र पुनर्प्राप्ति केंद्र ने अब तक 30 मीट्रिक टन वस्त्र अपशिष्ट एकत्र कर 25.5 मीट्रिक टन की वैज्ञानिक ढंग से छंटाई की है और 300 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार उपलब्ध कराया है। केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने बताया कि इसे नवी मुंबई नगर निगम ने ह्यस्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0' के तहत बेलापुर स्थापित किया है। इसके जरिए वस्त्र अपशिष्ट को वैज्ञानिक तरीके से छांटकर पुन: उपयोग, पुनर्चक्रण और अपसाइक्लिंग किया जा रहा है। इसके जरिए अबतक करीब 41,000 कपड़ों को प्रतिदिन औसतन 500 वस्त्रों की दर से संसाधित किया गया। इसके जरिए महिलाओं ने तैयार किए गए बैग, कपड़ों और घर के सजाने वाले समानों को तमाम प्रदर्शनियों में प्रदर्शित किया गया। मंत्रालय ने बताया कि इसके लिए नवी मुंबई नगर निगम ने सभी 8 वार्डों में आवासीय सोसाइटियों में विशेष वस्त्र संग्रह डिब्बे लगाए हैं। अब तक कुल 140 डिब्बे लगाए जा चुके हैं। कुल 250 डिब्बे लगाने का लक्ष्य है। कपड़ों के अपशिष्ट को एकत्र करने के बाद बेलापुर की अंतरिम टीआरएफ में कपड़ों को तौलकर टैग किया जाता है और उन्हें पुन: उपयोग योग्य, पुनर्चक्रण योग्य, अपसाइक्लिंग योग्य और अस्वीकृत श्रेणियों में बांटा जाता है। फाइबर पहचान के लिए 'कोशा' हैंडहेल्ड स्कैनर का उपयोग किया जाता है, जिससे कपास, पॉलिकॉटन, पॉलिएस्टर, ऊन और रेशम जैसी सामग्री की पहचान तुरंत कर ली जाती है। मंत्रालय ने बताया कि इस काम में अब तक 150 महिलाएं सक्रिय रूप से काम कर रही हैं और प्रति माह 9,000 से 15,000 रुपये तक कमा रही हैं। टीआरएफ ने अब इस पहल के जरिए 1,14,575 परिवारों को जोड़ा है, जिसके लिए 75 से अधिक जनजागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की हैं। साथ ही टीआरएफ ने अब तक 350 से अधिक सोसाइटी प्रतिनिधियों को भी जोड़ा है। मंत्रालय ने बताया कि इस सुविधा ने अबतक एकत्र किए गए नमूनों से 400 से अधिक अपसाइक्लिंग उत्पाद नमूने विकसित किए हैं, जिनमें अस्वीकृत वस्त्र अपशिष्ट से कागज बनाने का सफल प्रयोग भी शामिल है। प्रारंभिक चुनौतियों में डिब्बे लगाने का विरोध, वस्त्र छंटाई की जानकारी का अभाव और मिश्रित फाइबर की जटिलताएं शामिल थीं। इन्हें चरणबद्ध तैनाती, नागरिक सहभागिता और फाइबर स्कैनिंग तकनीक से दूर किया गया। आगे नवी मुंबई नगर निगम अब कोपारखैराने में एक स्थायी और उच्च क्षमता वाली वस्त्र पुनर्प्राप्ति सुविधा स्थापित करने की योजना पर भी काम कर रहा है।

### राजस्थान फिजियो समिट का आगाज

**जयपुर**: राजधानी जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में सोमवार से दो दिवसीय "राजस्थान फिजियो समिट-2026" का भव्य शुभारंभ हुआ। "फिजियोथेरेपी से फिजियोपैथी" थीम पर आयोजित इस समिट के पहले दिन देशभर से आए विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और छात्रों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। उद्घाटन सत्र में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने फिजियोथेरेपी के बदलते स्वरूप, आधुनिक तकनीकों और स्वास्थ्य क्षेत्र में इसकी बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डाला। समिट में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. प्रमोद येओले, एम्स जोधपुर के अध्यक्ष डॉ. एस.एस. अग्रवाल सहित विभिन्न संस्थानों के प्रमुख भी मौजूद रहे। स्वागत उद्बोधन प्रो. डॉ. ध्रुव तनेजा ने दिया।

# पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने बंगाल पर हमले की धमकी दी, केंद्र सरकार चुप है : ममता बनर्जी

एजेंसी



**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को नदिया जिले में चुनावी जनसभा के दौरान केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग पर तीखा निशाना साधा। उन्होंने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के कथित बयान से लेकर चुनाव प्रक्रिया तक कई मुद्दों पर सवाल उठाए। ममता बनर्जी ने कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा कोलकाता तक हमले की धमकी देने जैसी बात बेहद गंभीर है। उन्होंने सवाल उठाया कि इस पर भारत सरकार की ओर से अब तक कोई कड़ी प्रतिक्रिया क्यों नहीं आई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का मंत्री कोलकाता को निशाना बनाने की बात कैसे कर सकता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बंगाल आए थे, उन्होंने इस पर कुछ क्यों नहीं कहा क्यों नहीं बताया कि सख्त कदम उठाए जाएंगे हम इसकी जांच चाहते हैं। कोलकाता पर हमले की बात हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री ने आगामी चार मई को होने वाली मतगणना का जिक्र करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से सतर्क रहने को कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि शुरूआत में विपक्ष अपनी बढ़त दिखाने की कोशिश करेगा। सुबह से वे दिखाएंगे कि वही जीत रहे हैं, डरिए मत। अंत में देखिएगा, जीत हमारी होगी। मतगणना पूरी होने तक मैदान मत छोड़िए। ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी के घोषणापत्र की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि लोगों को घर पर ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की योजना है। कहा कि डॉक्टर घर आएंगे, एक्स-रे व रक्त जांच करेंगे और जरूरत पड़ने पर अस्पताल भेजा जाएगा। ऐसी कई योजनाएं हमारे पास हैं। मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग पर भी भाजपा से नजदीकी का आरोप लगाया। उन्होंने नंदीग्राम दौरे का जिक्र करते हुए बिना नाम लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल पर निशाना साधा। कहा कि नंदीग्राम में आयोग के अधिकारी के साथ भाजपा के लोग दिखे। इससे साफ है कि भाजपा और आयोग के बीच संबंध हैं। ममता बनर्जी ने मोथाबाड़ी की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि किसी भी हिंसा का समर्थन नहीं किया जा सकता, लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि असली दोषियों के बजाय निर्दोष लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है। उन्होंने नदिया में बीएलओ के रूप में कार्यरत रिंकू तरफदार की मौत का मुद्दा भी उठाया और कहा कि कथित सुसाइड नोट में चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया गया था। उन्होंने पूछा कि इस मामले में क्या कार्रवाई हुई। उल्लेखनीय है कि, मुख्यमंत्री ने सोमवार को नदिया और पूर्व बर्धमान में तीन जनसभाएं की हैं। नदिया के पलाशीपाड़ा, कालिगंज और नकशिपाड़ा में तृणमूल उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार कर रही हैं। इन सीटों पर क्रमशः रुकबानुर रहमान, अलिफा अहमद और कल्लोल खान पार्टी के उम्मीदवार हैं। जनसभा के अंत में ममता बनर्जी अपने लिखे एक गीत पर स्थानीय महिलाओं के साथ नृत्य करती भी नजर आईं।

## जयंत चौधरी आज करेंगे एनसीवीईटी क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ

एजेंसी



**नई दिल्ली** : केंद्र सरकार राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद की पुरस्कार प्रदाता संस्थाओं को नियामकीय ढांचे की बेहतर समझ देने, कार्यान्वयन की चुनौतियों का समाधान करने और व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप मजबूत करने के लिए मंगलवार को क्षमता निर्माण एवं जागरूकता कार्यशाला आयोजित करेगी। केंद्रीय कौशल विकास मंत्रालय ने बताया कि यहां कौशल भवन में होने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्य मंत्री तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी करेंगे। इस अवसर पर मंत्रालय की सचिव एवं एनसीवीईटी की अध्यक्ष देबाश्री मुखर्जी, एनसीवीईटी के कार्यकारी सदस्य प्रो. अशोक कुमार गाबा, शिक्षा मंत्रालय और एनसीवीईटी के वरिष्ठ अधिकारी, पुरस्कार प्रदाता संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा कौशल एवं शिक्षा क्षेत्र के हितधारक भी उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन सत्र में एनसीवीईटी के रोजगार योग्यता कौशल मॉड्यूल का अनावरण और द्विवार्षिक समाचार पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। तकनीकी सत्रों में राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा के अनुरूपता, एनसीवीईटी के नियामकीय ढांचे और कार्यों पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

## सात अप्रैल को पश्चिमी क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन, शिवराज सिंह करेंगे उद्घाटन

एजेंसी



**नई दिल्ली** : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय मंगलवार को जयपुर में पश्चिमी राज्यों के लिए क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य देश में कृषि क्षेत्र के समग्र विकास, आत्मनिर्भरता, सतत कृषि पद्धतियों के विस्तार तथा डिजिटल प्रौद्योगिकी के समावेशन को सुदृढ़ करना है। इस सम्मेलन का उद्घाटन कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। सोमवार को कृषि मंत्रालय ने जानकारी दी कि सम्मेलन मंत्रालय के मिशनों की प्रगति की समीक्षा, राज्यों के मध्य अनुभवों के आदान-प्रदान तथा भावी कार्यनीतियों के निर्धारण के लिए एक प्रभावी मंच प्रदान करेगा। सम्मेलन में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात एवं गोवा राज्यों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। ये राज्य दलहन एवं तिलहन उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान के साथ विविध कृषि-जलवायु परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिससे नवाचार एवं सर्वोत्तम पद्धतियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूद रहेंगे। सम्मेलन के अंतर्गत विभिन्न विषयगत सत्रों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें राष्ट्रीय स्तर की प्रमुख योजनाओं एवं मिशनों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन- तिलहन के अंतर्गत देश में तिलहन उत्पादन में वृद्धि एवं खाद्य तेलों पर आयात निर्भरता में कमी लाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। मिशन के तहत वर्ष 2030-31 तक उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि, क्षेत्र विस्तार तथा उत्पादकता में सुधार के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं।

## देश में रसोई गैस का पर्याप्त भंडार घबराकर अनावश्यक भंडारण न करें : केंद्र

एजेंसी



**नई दिल्ली** : केंद्र सरकार ने लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस और ईंधन की आपूर्ति को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रहीं तमाम प्रकार की भ्रामक खबरों और अफवाहों पर लोगों से विश्वास न करने की अपील की है। सरकार ने कहा है कि भारत में ईंधन और गैस का पर्याप्त स्टॉक है। उपभोक्ता अपनी आवश्यकतानुसार ही खरीदारी करें और घबराकर अनावश्यक भंडारण न करें। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने सोमवार को राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद है और प्रतिदिन लगभग 50 लाख सिलेंडर बेचे जा रहे हैं। पिछले 14 दिनों में 6.75 लाख से अधिक छोटे सिलेंडर बेचे गए हैं। शर्मा ने कहा कि बढ़ती मांग को देखते हुए सरकार ने 5 किलोग्राम वाले छोटे एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री तेज कर दी है। इसके लिए उपभोक्ता केवल एक वैध पहचान पत्र के साथ नजदीकी विक्रेता से 5 किलो का सिलेंडर ले सकता है। इसके लिए आवास प्रमाण पत्र की जरूरत नहीं है। चार अप्रैल को इसकी बिक्री 90 हजार के पार पहुंच गई। किसी भी विक्रेता के पास स्टॉक खत्म होने की स्थिति नहीं है। पिछले पांच सप्ताह में लगभग 18 करोड़ घरों को एलपीजी सिलेंडर पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण एलपीजी आयात प्रभावित हुआ है, क्योंकि भारत अपनी जरूरत का एक बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से मंगवाता है। सरकार ने समय रहते अतिरिक्त कार्गो का इंतजाम कर लिया है ताकि घरेलू उपभोक्ताओं को किसी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में पिछले दो दिनों में करीब 5,500 जागरूकता शिविर लगाए गए हैं जिसमें 6,700 पांच किलो के सिलेंडर बेचे गए हैं। इन राज्यों में आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, चंडीगढ़, दिल्ली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग अब तक के उच्चतम स्तर 97 प्रतिशत पर पहुंच गई है। गैस की कालाबाजारी और डायवर्जन को रोकने के लिए 90 प्रतिशत डिलीवरी अब डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के जरिए की जा रही है। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विक्रेता रविवार और छुट्टियों के दिन भी अपनी दुकानें खोल रहे हैं। घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देने के कारण कमर्शियल एलपीजी में कुछ कटौती की गई थी लेकिन पिछले तीन सप्ताह में लगभग 42 लाख कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराए गए हैं।

### गौ आधारित स्टार्टअप से बदलेगा भारत का भविष्य

**जयपुर** : टोंक रोड सांगानेर स्थित श्री पिंजरापोल गौशाला में एग्री विजन 2026: खेती से कमाई का नया युग राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर स्किल डेवलपमेंट की ओर से हैनिमैन चैरिटेबल मिशन सोसायटी और श्री पिंजरापोल गौशाला के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में 6 राज्यों के 26 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने गौ आधारित खेती को वैज्ञानिक दृष्टि से टिकाऊ और लाभकारी मॉडल बताया। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने कहा कि गौशालाओं में उपलब्ध गोबर और गौमूत्र का वैज्ञानिक प्रसंस्करण जैविक खाद, जीवामृत, बायो-इनपुट के रूप में मिट्टी की उर्वरता, सूक्ष्मजीव गतिविधि और जल धारण क्षमता को बढ़ाता है।

## चाय जनजातियों को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करती रही कांग्रेस : जेपी नड्डा

एजेंसी



**तिनसुकिया** : विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा सोमवार को असम पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि पार्टी ने असम की चाय जनजातियों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया, लेकिन उनके वास्तविक विकास की अनदेखी की। दुमदुमा में भारतीय जनता पार्टी उम्मीदवार रुपेश गोवाला के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि वर्षों तक समर्थन मिलने के बावजूद चाय जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हर चुनाव में इन समुदायों से वोट तो लिए, लेकिन उनके भविष्य को नजरअंदाज किया। जेपी नड्डा ने चाय जनजातियों के इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि ये समुदाय औपनिवेशिक काल में झारखंड, उड़ीसा और बिहार से लाए गए श्रमिकों के वंशज हैं और आज असम के कई विधानसभा क्षेत्रों में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर अवैध घुसपैठ को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान बाहरी लोगों को असम में आने दिया गया और उन्हें पहचान पत्र व सरकारी लाभ भी दिए गए, जिससे स्थानीय लोगों, विशेषकर आदिवासियों और गरीब वर्गों की जमीन पर अतिक्रमण बढ़ा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उनके नाम मतदाता सूची से हटाने और अतिक्रमित जमीन को वापस दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही, उन्होंने चाय जनजाति के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने घुसपैठ का विरोध कर क्षेत्र के भविष्य की रक्षा की है। कांग्रेस शासनकाल पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा कि पहले असम में हिंसा, अशांति, हड़ताल और कर्फ्यू का माहौल रहता था, जबकि पिछले एक दशक में भाजपा के नेतृत्व में राज्य में स्थिरता आई है। उन्होंने राज्य में चल रही जनकल्याण योजनाओं का उल्लेख करते हुए भरोसा दिलाया कि एनडीए की सरकार बनने पर इन्हें और विस्तारित किया जाएगा। नड्डा ने आगामी 9 अप्रैल के चुनाव में भाजपा-नीत गठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील भी की।

## संक्षिप्त खबरें

### तमिल अभिनेत्री सुभाषिनी का निधन, इंडस्ट्री में शोक की लहर



**चेन्नई** : तमिल टीवी जगत की लोकप्रिय अभिनेत्री सुभाषिनी का निधन हो गया है। 36 वर्षीय श्रीलंकाई मूल की अभिनेत्री ने चेन्नई के अय्यप्पनथंगल स्थित एक निजी अपार्टमेंट में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। इस घटना के सामने आते ही टीवी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। सुभाषिनी को टीवी शो कयाल में उनके अहम किरदार के लिए खास पहचान मिली थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 5 अप्रैल की रात अभिनेत्री की अपने पति से वीडियो कॉल पर बहस हुई थी। बताया जा रहा है कि इस विवाद के बाद उन्होंने मानसिक तनाव में यह कदम उठाया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उनकी शरीर की जांच की तो पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है। इसके बाद पुलिस ने उनके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच जारी है और पुलिस सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। गौरतलब है कि सुभाषिनी ने अपने करियर की शुरूआत साल 2012 में फिल्म 'इनी अवन' से की थी, लेकिन उन्हें असली पहचान टीवी से मिली। उन्होंने 2023 में एल्लम मेला इरुक्किरवन पाथुप्पन में भी अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा, वह कई शॉर्ट फिल्म्स और सामाजिक जागरूकता अभियानों से भी जुड़ी रही थीं। उनका जन्मदिन 12 अप्रैल को आने वाला था, जबकि 21 अप्रैल को उनकी शादी की दूसरी सालगिरह थी।

### राजनीति हमारे लिए सत्ता का माध्यम नहीं राष्ट्र नीति का मार्ग है : नितिन नवीन



**नई दिल्ली**: भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी मुख्यालय में ध्वजारोहण किया। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय को नमन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजनीति हमारे लिए सत्ता का माध्यम नहीं राष्ट्र नीति का मार्ग है। हमारा सफर आसान नहीं रहा है। इस दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सहित कई पूर्व अध्यक्षों एवं नेताओं की उपलब्धियों को याद किया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने संगठन को और मजबूत बनाने तथा आगामी चुनावों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन ने राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को आत्मसात करते हुए पार्टी और संगठन को सशक्त बनाने वाले करोड़ों समर्पित कार्यकताओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राजनीति हमारे लिए सत्ता का माध्यम नहीं राष्ट्र नीति का मार्ग है। हमारा सफर आसान नहीं रहा है। हजारों कार्यकर्तों ने यातनाएं ओर बलिदान दे कर हमें इस मुकाम तक पहुंचाया है। बंगाल, केरलम, जम्मू कश्मीर सहित कई प्रांतों में कई कार्यकताओं ने बलिदान दिया है। आज के दिन में उन्हें नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को लेकर हम निरंतर आगे बढ़े हैं। आज भाजपा 14 करोड़ सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। ये केवल संख्या नहीं बल्कि 140 करोड़ देशवासियों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। हमें पथप्रदर्शकों को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए स्वयं को समर्पित करना है। पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। उन्होंने कहा कि आज के दिन सभी को संकल्प लेना है कि तमाम हारे हुए सीटों को जीत में बदलना है। इसी संकल्प से हम पार्टी को नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगे।

### तृणमूल कांग्रेस राजनीतिक दल नहीं "सिंडिकेट" की तरह काम कर रही है : पुष्कर सिंह धामी



**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी चुनाव प्रचार के लिए मैदान में उतारा है। सोमवार को उन्होंने उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव क्षेत्र में रोड शो और जनसभा कर पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस एक राजनीतिक दल की तरह नहीं बल्कि "सिंडिकेट" की तरह काम कर रही है और कट-मनी तथा कमीशनखोरी इसकी पहचान बन चुकी है। उन्होंने दावा किया कि यदि राज्य में भाजपा की सरकार बनती है तो भ्रष्टाचार और अपराध पर सख्त नियंत्रण किया जाएगा। उन्होंने बनगांव दक्षिण से स्वप्न मजूमदार, बनगांव उत्तर से अशोक कीर्तनिया, बगदा से सोमा ठाकुर और गोघाटा से सुब्रत ठाकुर के नामांकन कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की। रोड शो और जनसभा में बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति देखने को मिली। भाजपा नेताओं ने इसे जनसमर्थन का संकेत बताया। मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचार और भय का माहौल है। धामी ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में केंद्र और राज्य में एक ही दल की सरकार होने से विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में भी ऐसी ही "डबल इंजन" सरकार बनने पर विकास और निवेश बढ़ने का दावा किया। उन्होंने कहा कि बनगांव में जनसभा में उमड़ी भीड़ परिवर्तन की इच्छा को दशार्ती है। मुख्यमंत्री ने मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशियों को समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि इससे राज्य में विकास और सुशासन का मार्ग प्रशस्त होगा। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा द्वारा बाहरी राज्यों के नेताओं को चुनाव प्रचार में उतारना उसकी रणनीति का हिस्सा है, जिससे संगठन को मजबूती देने और मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी का यह दौरा भी उसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**